29- APR- K&C- MAIN- Pg- 1_page1.qxd 4/30/2024 12:00 AM Page 1


# हरिभूमि

छत्तीसगढ़, मध्यप्रदेश, हरियाणा व दिल्ली से एक साथ प्रकाशित

समाचार ही नहीं, विचार भी

haribhoomi.com

बिलासपुर, मंगलवार 30 अप्रैल 2024







# मोदी के नाम, काम और मोदी की गारंटी, उससे भरोसा है कि जीतेंगे छत्तीसगढ़ की सभी 11 सीटें

## मुख्यमंत्री विष्णुदेव साय से डॉ. हिमांशु द्विवेदी का चुनावी संवाद

हरिभूमि न्यूज ⏭ रायपुर

हरिभूमि विशेष

प्रदेश के मुख्यमंत्री विष्णुदेव साय का कहना है कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने अपने दस साल के कार्यकाल में जो काम किए हैं, श्री मोदी की लोकप्रियता लगातार बढ़ रही है। उसी के साथ हमारी सरकार ने सौ दिनों में जिस तरह से मोदी की गारंटी को पूरा करने का काम किया, उससे भरोसा है कि प्रदेश की जनता इस बार भाजपा को 11 की 11 सीटों पर आशीर्वाद देकर जीत दिलाने का काम करेगी। हरिभूमि और आईएनएच के प्रधान संपादक डॉ. हिमांशु द्विवेदी से चुनावी संवाद में हुई बाचचीत के अंश प्रस्तुत हैं। ⏭ शेष पेज 8 पर

### लोकसभा चुनाव में क्या लग रहा है?

वातावरण बहुत अच्छा दिख रहा है, मोदी जी की लोकप्रियता लगातार बढ़ी है। उनको तीसरी बार प्रधानमंत्री बनाने की बात है, सभी लोग उत्साहित हैं। हम अभी तक 45 से ज्यादा विधानसभाओं में चुनावी सभाएं कर चुके हैं। मोदी जी के दस साल के कामों का असर जनता में है। प्रदेश की भाजपा सरकार ने सौ दिनों में मोदी की गारंटी को पूरा करने का भी काम किया है, इसका भी असर दिख रहा है। दूसरे चरण के चुनाव में भी अच्छा मतदान हुआ है। भाजपा के प्रति अच्छा रूझान लोगों का है।



### बड़े लक्ष्य ले लिए हैं, चार सौ पार, छत्तीसगढ़ में सभी 11 सीटें जीतने का?

देखिए 2014 में अकेले भाजपा को 282 सीटें मिली थीं। 2019 में जनता ने मोदी जी के काम को देखते हुए 303 सीटें भाजपा को दी थीं। जनता मोदी जी के दस साल के कामों को देख रही है। मोदी सरकार ने जम्मू कश्मीर से धारा 370 को समाप्त किया है। पार्टी का लक्ष्य है अकेले भाजपा 370 से ज्यादा सीट जीतने और एनडीए 400 पार करेगी। जहां तक छत्तीसगढ़ का सवाल है हमें भरोसा है कि यहां भी भाजपा सभी सीटें जीतेगी। पिछले विधानसभा चुनाव में सरकार से आऊट होने के बाद 11 में से 9 सीटें जीती थीं, इस बार पूरी सीटें जीतेंगे। हमारी सरकार ने तीन माह में जो काम किया है, इसी के साथ कांग्रेस में जिस तरह का बिखराव है, उससे भरोसा है कि जनता भाजपा को सभी सीटों पर आशीर्वाद देगी।

### पहली बार है जब मुख्यमंत्री के तौर पर चुनाव लड़वा रहे हैं, कितने दबाव में हैं आप?

हमारे लिए पहला अवसर है, मुख्यमंत्री के नाते चुनाव प्रचार करना है। 11 लोकसभा हैं, 90 विधानसभा हैं, लोगों का रूझान भाजपा और मोदी जी के पक्ष में है। लोगों से मिलकर अच्छा लग रहा है। तनाव थोड़ा तो रहता है, चुनाव को चुनाव की दृष्टि से ले रहे हैं। सामने वाले को कमजोर नहीं मान रहे हैं। लोग जब मोदी जी और भाजपा के पक्ष में विश्वास दिखाते हैं तो सारा तनाव और थकान मिट जाती है।

### कांग्रेस ने बड़े-बड़े दिग्गज मैदान में उतारे हैं, भाजपा ने अपने सासंदों की टिकट काट दी, क्या कहते हैं?

कांग्रेस की बड़ी दुर्गति है, कांग्रेस ने जनता का विश्वास खोया है। सरकार में आने से पहले कांग्रेस ने जो 36 वादे किए थे, वो पूरे ही नहीं किए। विधानसभा चुनाव में कांग्रेस को हार का सामना करना पड़ा। लोकसभा के चुनाव में प्रत्याशी नहीं मिल रहे थे, इसलिए इन नेताओं को मैदान में उतारा गया है। कांग्रेस में इस समय बहुत ज्यादा बिखराव है, कुछ ही समय में 25 हजार से ज्यादा कांग्रेसी भाजपा में आए हैं।

### पुराने कार्यकर्ता सवाल नहीं करते हैं कि क्यों कांग्रेसियों को भाजपा में शामिल किया जा रहा है?

हमारे कार्यकर्ता ऐसे नहीं हैं। जो प्रवेश कर रहे हैं, उनसे हमारे कार्यकर्ता घुल मिल जाते हैं। जो आ रहे हैं, वो देश की सेवा करने और मोदी जी के कामों से प्रभावित होकर ही आ रहे हैं। आने वाले समय में इनका भी काम दिखेगा।

### राजनांदगांव से भूपेश बघेल के मैदान में रहने से कितनी परेशानी हुई?

कोई परेशानी नहीं हुई है। हम तो कहते हैं कि कांग्रेस ने भूपेश बघेल को मैदान में उतारकर हमारे युद्ध को और आसान कर दिया। भूपेश बघेल से अपने पांच साल के कार्यकाल में जनता का भरोसा खोने का ही काम किया है। उन्होंने पूरे छत्तीसगढ़ को अपराध का गढ़ बनाने के साथ भ्रष्टाचार का भी गढ़ बनाने का काम किया। घोटाले भी लगातार हुए हैं। इसकी वजह से कई अधिकारी भी जेल में हैं। अपराध का सरगना अगर आज राजनांदगांव से चुनाव मैदान में है तो इससे हमें चुनाव में आसानी ही हुई है।

### भूपेश बघेल दुर्ग और रायपुर से क्यों नहीं लड़े, आपको क्या लगता है?

उनको अपना गृह नगर सुरक्षित नहीं लगा होगा। भाजपा के सांसद विजय बघेल पिछला चुनाव चार लाख से ज्यादा मतों से जीते थे, इसलिए उनको हार का खतरा रहा होगा। इस बार भी विजय बघेल रिकार्ड मतों से जीतेंगे।

### भूपेश बघेल का भविष्य क्या लगता है?

पूरे देश में जिस तरह के कांग्रेस पार्टी जनता का विश्वास खो चुकी है। भूपेश बघेल ने जिस तरह से छत्तीसगढ़ की जनता के साथ अपने शासनकाल में धोखा किया है, उससे इनका भविष्य अच्छा नहीं लगता है।

### जब सब कुछ अच्छा चल रहा है तो फिर इतने दौरे करने की जरूरत क्यों है?

वातावरण भाजपा के पक्ष में है, यह बात ठीक है, पर विपक्ष को कभी कमजोर मानकर नहीं चलना चाहिए। हम लोग को विश्वास है लेकिन अतिविश्वास में नहीं है। जहां तक कोरबा की बात है यहां से राष्ट्रीय उपाध्यक्ष सरोज पांडेय हमारी प्रत्याशी हैं। इनको बड़ा अनुभव है। सामने कांग्रेस की प्रत्याशी ज्योतना महंत हैं, पांच साल सांसद रही हैं, इन पर निष्क्रियता का आरोप है। इनको क्षेत्र में लोग पहचानते तक नहीं हैं। इसका लाभ भी भाजपा को मिल रहा है। इस बार कोरबा का चुनाव हमारे लिए आसान है।






## खबर संक्षेप

### दो प्रिंसिपल डिस्ट्रिक्ट जजों के तबादले

**बिलासपुर।** हाईकोर्ट ने मंगलवार को दुर्ग एवं बिलासपुर के प्रधान जिला एवं सत्र न्यायाधीशों के तबादला आदेश जारी किए हैं। दुर्ग की प्रधान जिला एवं सत्र न्यायाधीश नीता यादव को बिलासपुर का जिला एवं सत्र न्यायाधीश बनाया गया है। उनकी जगह छत्तीसगढ़ हाईकोर्ट के रजिस्ट्रार जनरल सुधीर कुमार को दुर्ग जिले का प्रधान जिला एवं सत्र न्यायाधीश ⏭ शेष पेज 8 पर

### सेंसेक्स 941 अंक चढ़ा निफ्टी 22650 के करीब

**मुंबई।** शेयर बाजार में हफ्ते के पहले कारोबारी दिन दमदार शुरुआत हुई है।



सोमवार को सेंसेक्स 941.12 (1.27%) अंकों की बढ़त के साथ 74,671.28 पर रहे। निफ्टी 223.46 (1.00%) अंक मजबूत होकर 22,643.40 पर बंद हुआ।

## सकरी की सभा में कांग्रेस के पूर्व अध्यक्ष राहुल गांधी ने लगाई वादों और घोषणाओं की झड़ी

# राहुल का वादा- सरकार आते ही किसानों का कर्ज माफ, एमएसपी का गारंटी कानून

हरिभूमि न्यूज ⏭ बिलासपुर

कांग्रेस नेता राहुल ने यह भी कहा कि भाजपा आरक्षण हटाना चाहती है जबकि केंद्र में 'इंडिया' गठबंधन की सरकार बनती है तो आरक्षण पर 50 प्रतिशत की सीमा हटा देंगे और देश में जाति आधारित जनगणना होगी।

अखिल भारतीय कांग्रेस कमेटी के पूर्व अध्यक्ष राहुल गांधी ने तखतपुर विधानसभा क्षेत्र के अंतर्गत आने वाले सकरी सिंचाई कालोनी मैदान में सोमवार की दोपहर चुनावी सभा को संबोधित किया। इस दौरान पीसीसी प्रभारी सचिन पायलट, पीसीसी चीफ दीपक बैज, पूर्व सीएम भूपेश बघेल समेत प्रदेश कांग्रेस के प्रमुख नेताओं की मौजूदगी रही। साथ ही राहुल गांधी की सभा में लोकसभा क्षेत्र के लोरमी, मुंगेली, तखतपुर, बिल्हा, बिलासपुर, बेलतरा, मस्तूरी और कोटा विधानसभा क्षेत्र से बड़ी संख्या में कांग्रेसी शामिल हुए। आमसभा में राहुल गांधी ने कहा कि मौजूदा प्रावधानों के तहत 50 प्रतिशत से अधिक आरक्षण नहीं दिया जा सकता, लेकिन इसे कांग्रेस और विपक्षी गठबंधन 'इंडिया' की सरकार उखाड़ फेंक देगी। दलितों और आदिवासियों के आरक्षण में कोई कटौती नहीं होगी। भाजपा ⏭ शेष पेज 8 पर

*सकरी की सभा में राहुल गांधी ने बोलते हुए वादों और घोषणाओं की झड़ी लगा दी है। बिलासपुर लोकसभा में कांग्रेस के प्रत्याशी देवेंद्र यादव के पक्ष में प्रचार करते हुए उन्होंने कहा कि हम आरक्षण में लगे 50 प्रतिशत के कैप को हटा देंगे। हम इससे ज्यादा का आरक्षण देंगे। कांग्रेस की सरकार आते ही सभी किसानों का कर्ज माफ कर दिया जाएगा और एमएसपी का कानून भी कांग्रेस लेकर आएगी। कानून बनाकर मिनिमम सपोर्ट प्राइज कांग्रेस देने जा रही है।*

**पहला कदम देश में जाति आधारित जनगणना**

- *बोले राहुल गांधी-यह चुनाव लोकतंत्र, संविधान और आरक्षण बचाने वाला चुनाव, लड़ाई लड़नी होगी*
- *करोड़ों बेरोजगारों, डिप्लोमा होल्डर्स को ऐप्रैंटिसशिप का मिलेगा अधिकार, महिलाओं को हर साल एक लाख*



### संविधान की किताब लहराकर बोले- इसे बचाना है

इस आमसभा के दौरान राहुल गांधी संविधान की किताब पकड़े नजर आए और कहा कि इसे बचाने का यह चुनाव है। उन्होंने कहा कि पब्लिक सेक्टर यूनिट को बीजेपी प्राइवेट कर रही। आदिवासियों को संबोधित करते हुए उन्होंने कहा कि भाजपा के लोग आपको वनवासी कहते हैं। यह कहते हैं कि आपके जल, जंगल, जमीन चले जाएं और आप दूसरी जगहों पर जाकर भीख मांगे। उन्होंने कहा ककि दलितों को संविधान ने अधिकार दिया। इसके बिना कुछ नहीं बचने वाला है। आरक्षण से देश के दलितों, पिछड़ों, आदिवासियों को भागीदारी मिलनी चाहिए। राहुल ने कहा कि भाजपा कहती है कि वह आरक्षण के खिलाफ नहीं हैं, लेकिन यह पब्लिक सेक्टर यूनिट को प्राइवेट करते हैं तो आरक्षण को खत्म करते हैं। जब ठेकेदारी प्रथा को बढ़ाते हैं तो आरक्षण ⏭ शेष पेज 8 पर

### कांग्रेस करोड़ों लोगों को लखपति बनाएगी

राहुल गांधी ने कहा कि 22 लोगों के पास उतना ही धन है, जितना हिंदुस्तान के 70 करोड़ लोगों के पास है। एक प्रतिशत देश के 40 प्रतिशत को कंट्रोल करता है। उन्होंने कहा कि भाजपा रेलवे और सभी पब्लिक सेक्टर की कंपनियों का निजीकरण करने में लगी हुई हैं। उन्होंने कहा कि बीजेपी के लोगों ने 20-25 लोगों को करोड़पति बनाया, कांग्रेस करोड़ों लोगों को लखपति बनाने जा रही है। कांग्रेस महालक्ष्मी योजना लेकर आएगी। हर परिवार से एक महिला का नाम चुना जाएगा। जो भी गरीबी रेखा से नीचे है, उस महिला के बैंक एकाउंट में साल के एक लाख रुपए कांग्रेस डालने जा रही है।

### भाजपा के खिलाफ पूरे देश में माहौल : बैज

पूर्व मुख्यमंत्री भूपेश बघेल ने सभा को संबोधित करते हुए कहा कि लोगों को बीजेपी ने अच्छे दिन का वादा किया लेकिन ठगने के अलावा कुछ नहीं किया। राहुल गांधी की गारंटी को देश भर में लागू कर के दिखाएंगे। पीसीसी चीफ दीपक बैज ने कहा कि भाजपा के खिलाफ पूरे देश में माहौल है। प्रदेश में भी पहले दो चरणों के मतदान के बाद साफ हो गया है कि कांग्रेस जीत रही है। तीसरे चरण में लोगों से सहयोग और वोट की अपील है।

# तेज लाइट से आंखें चौंधियाई और पिकअप जा भिड़ी माजदा से, 9 की मौत, कई घायल

हरिभूमि न्यूज ⏭ बेमेतरा/रायपुर

बच्चे के जन्मोत्सव छट्ठी कार्यक्रम से लौट रहे नौ लोगों की खड़ी माजदा से पिकअप की भिड़ंत होने पर मौत हो गई। मृतकों में छह महिलाएं तथा तीन बच्चे शामिल हैं। घटना बेमेतरा के काठिया गांव के पास रविवार रात साढ़े दस बजे की है। हादसा इतना भीषण था कि घटनास्थल पर ही पांच की मौत हो गई, चार घायलों ने अस्पताल में दम तोड़ा। बेमेतरा पुलिस माजदा चालक के खिलाफ अपराध दर्ज कर मामले की जांच कर रही है। पिकअप में सवार 23 लोग घायल बताए गए हैं। घायलों में एक पुरुष, 15 महिलाएं तथा सात बच्चे शामिल हैं। पिकअप वाहन में 32 लोग सवार ⏭ शेष पेज 8 पर

- **चार महिलाओं की अस्पताल में उपचार के दौरान मौत**

### हरिभूमि ने दो दिन पहले ही चेताया था... हो गया हादसा





ठूंस-ठूंसकर भरे जा रहे यात्री

### सड़क हादसे में इनकी मौत हुई

अग्निया साहू, मधु साहू, खुशबू साहू, रिकेश निषाद, ट्विंकल निषाद, भूरी निषाद, नीरा साहू, गीता साहू, रतना साहू के नाम शामिल हैं। एम्स के कार्यपालक निदेशक अशोक जिंदल के मुताबिक अस्पताल में भर्ती डिंपल के पैर में फ्रैक्चर है तथा उषा के सिर पर गंभीर चोटें आई हैं, जिनका उपचार न्यूरो सर्जन कर रहे हैं। महिला की स्थिति गंभीर है।

### सामने से लाइट पड़ने पर आंखें चौंधिया गई

पिकअप वाहन के चालक ने पुलिस को बताया कि तिरैया से लौटने के समय सड़क पूरी तरह से खाली थी, काठिया गांव के मोड़ के पास एक तेज वाहन की लाइट आंखों में पड़ने की वजह से उसकी ⏭ शेष पेज 8 पर







BUY STARSHINE AIR COOLERS WITH - Powerful air delivery Aerodynamic design

DEALER | **BILASPUR: MASANGANJ** : Akash Store, Saluja computer service 9302722444 • **RAIGARH** : Anupam Lifestyle 9981166102, Platinum Gift 98277 67333 • **JASPUR** :Ghar Sansar Electronics 9303414666, Gupta Watch & Electronics 9329332148,New Seo Electronics 9329703232 • **SARANGARH** : Shaily Music & Electronics 7389754643 • **PANDARIYA** :Gupta Electronics & Radio Center 9893534533, Om Traders & Electronics 9981237294 • **KATGHORA** :Krishna Enterprises 9826438599 • **AKALTARA** : Virendra Electronics 89329653963 • **SAKTI** : MK Sales 9329816661 • **BAIKUNTHPUR** :Raja Enterprises 7828004800 • **PATHALGAON** : Vikas Electronics 9893239795 • **KUNKURI** : Surabhi Electronics 9425278902 • **CHIRMIRI** : Vidya Shree Electronics 7000103397, Anshul Electronic & Electrical 9009155313 • **KORBA** :Shri Balaji Electronic 919303396111, Laxmi Fancy & Light Store 7000619515, Om Prakash Electronics 9827188721 • **MUNGELI** : Kotadiya Marketing 9826670114

बिलासपुर

मंगलवार, 30 अप्रैल 2024

बैशाख कृष्ण पक्ष सप्तमी

वर्ष : 24, अंक : 37

पृष्ठ : 12+6 = 18 मूल्य : 5.00***

# हरिभूमि

छत्तीसगढ़, मध्यप्रदेश, हरियाणा व दिल्ली से एक साथ प्रकाशित

समाचार ही नहीं, विचार भी

haribhoomi.com


मौसम

अधि. 40.8

न्यून. 24.0



9 सिंधू-लक्ष्य और प्रणय समेत सात बैडमिंटन

विचार पेज 2 अब विकास मॉडल में सुधार जरूरी







inh 24x7

छत्तीसगढ़ एवं मध्यप्रदेश का सर्वाधिक लोकप्रिय चैनल देखें

TATA PLAY चैनल नं. 1155 | airtel चैनल नं. 366


# नियम बदलकर भर्ती पर सरकार सख्त, चेताया-अपनी मर्जी से विभाग नहीं बदल सकते नियम

हरिभूमि न्यूज ▶▶| रायपुर

खास खबर

छत्तीसगढ़ में कुछ सरकारी विभागों ने सरकार की अनुमति लिए बिना भर्ती नियमों में बदलाव कर भर्तियां कर लीं? इस बारे में जानकारी सामने आने पर सामान्य प्रशासन विभाग ने ये आदेश जारी किया है कि सामान्य प्रशासन विभाग का अभिमत और सहमति लिए बिना प्रशासकीय विभाग अपने विभाग के भर्ती नियम नहीं बदल सकते। अब सरकार ने सभी विभागों को बताया कि अगर ▶▶|शेष पेज 8 पर

### न्यायालयीन प्रकरण बनने की संभावना

*सरकार ने माना है कि प्रशासकीय विभागों द्वारा अपने विभागों के भर्ती नियम बदलने की वजह से न्यायालयी प्रकरण बनने की संभावना है। इसे इस तरह समझा जा सकता है कि अगर किसी विभाग ने अपने हिसाब से भर्ती नियम में बदलाव करके भर्तियां कर ली तो जाहिर है इसमें नियम प्रक्रिया का उल्लंघन होगा। ऐसे में भर्ती से वंचित कोई भी व्यक्ति अदालत में जा सकता है। इसकी वजह से पूरी भर्ती प्रक्रिया पर भी रोक लगाने का आदेश जारी हो सकता है।*

### अब विभागीय मंत्री का अनुमोदन भी कराना होगा



पीएससी की अनुमति भी आवश्यक

इसी निर्देश में कहा गया है कि सामान्य प्रशासन विभाग द्वारा दिए गए अभिमत के आधार पर सामान्य प्रशासन द्वारा अनुमोदित संशोधन अधिसूचना का प्रारूप छत्तीसगढ़ लोक सेवा आयोग की सहमति भी आवश्यकतानुसार प्राप्त करनी होगी। इसके अलावा विधि और विधायी विभाग से परिमार्जन कराकर अधिसूचना का छत्तीसगढ़ के राजपत्र (असाधारण) में प्रकाशित कराना होगा। राजपत्र में प्रकाशित अधिसूचना की प्रति भी सामान्य प्रशासन विभाग को भेजें और इसके बाद ही भर्ती की जाए।

### भारसाधक मंत्री का अनुमोदन जरूरी

*सामान्य प्रशासन विभाग ने एक तरफ विभागों की गड़बड़ी पकड़ी है। लेकिन इसके साथ ही विभागों को बताया कि अगर भर्ती नियम में बदलाव करना भी हुआ तो क्या प्रक्रिया अपनानी होगी। इस संबंध में कहा गया है कि प्रशासकीय विभागों द्वारा उनके भर्ती नियम में प्रस्तावित संशोधन किया जाना हो तो सबसे पहले भर्ती नियम में प्रस्तावित संशोधन के संबोधन के संबंध में विभाग के भारसाधक मंत्री का प्रशासकीय अनुमोदन प्राप्त करना होगा। इसके साथ ही अभिमत के लिए सामान्य प्रशासन विभाग की नियम शाखा को भेजना होगा।*

## खबर संक्षेप

### वायुसेना ने मरीजों को चंडीगढ़ से पहुंचाया लेह


**नई दिल्ली।** भारतीय वायु सेना ने गंभीर रूप से बीमार दो मरीजों को एएन-32 विमान के जरिए लेह से चंडीगढ़ पहुंचाया।



भारतीय वायुसेना और स्थानीय नागरिक प्रशासन की योजना ने दो लोगों की जान बचाने में महत्वपूर्ण भूमिका निभाई। मरीजों को निकालने का अनुरोध मिलने के बाद कार्रवाई की गई।

### सोनू सूद का व्हाट्सएप 61 घंटे बाद बहाल

**नई दिल्ली।** अभिनेता सोनू सूद ने रविवार को बताया कि वह 61 घंटे बाद अपने व्हाट्सएप



अकाउंट का फिर से इस्तेमाल कर पा रहे हैं। अभिनेता ने सोशल मीडिया मंच 'एक्स' पर इस बात की जानकारी दी। उन्होंने शुक्रवार को इस बारे में शिकायत की थी। सूद ने 'एक्स' पर लिखा, आखिरकार मेरा व्हाट्सएप अकाउंट फिर से चालू हो गया।

### पूर्व केंद्रीय मंत्री श्रीनिवास प्रसाद का निधन

**बेंगलुरु।** कर्नाटक के चामराजनगर से भाजपा के सांसद और पूर्व केंद्रीय मंत्री वी श्रीनिवास



प्रसाद का सोमवार को निधन हो गया। वह 76 वर्ष के थे। प्रसाद के परिवार में उनकी पत्नी और तीन बेटियां हैं। प्रसाद चामराजनगर से छह बार सांसद और मैसूरु जिले के नंजनगुड से दो बार विधायक चुने गए।

### लोकल ट्रेन की बोगी पटरी से उतरी

**मुंबई।** मुंबई में छत्रपति शिवाजी महाराज टर्मिनस (सीएसएमटी) पर हार्बर लाइन पर सोमवार को



सुबह एक लोकल ट्रेन की एक बोगी पटरी से उतर गई। गनीमत यह रही कि घटना में कोई यात्री हताहत नहीं हुआ। ट्रेन के बेपटरी होने से हार्बर लाइन पर लोकल ट्रेन सेवाएं बाधित हुईं और सीएमएमटी आने वाली ट्रेनों का मार्ग मस्जिद स्टेशन की ओर परिवर्तित किया गया।

### दो बाइक की टक्कर में भाई-बहन की मौत

**अमेठी।** अमेठी जिले के मोहन गंज थाना क्षेत्र में बड़ी नहर के पास दो बाइक की आमने-सामने



हुई टक्कर में भाई व बहन की मौत हो गई। हादसे में एक महिला सहित तीन लोग गंभीर रूप से घायल हो गए। सूरज कुमार (28) और उनकी बहन रीता देवी (18), मां ननका देवी (60) एक बाइक पर सवार होकर रविवार देर शाम जा रहे थे।

## पिछले 35 साल से इंदौर लोकसभा सीट पर जीत का सपने देख रही कांग्रेस को बड़ा झटका

# कांग्रेस का 'अक्षय-बम' फूटा, चुनाव मैदान छोड़ा, थामा भाजपा का दामन!

हरिभूमि न्यूज ▶▶| इंदौर

अक्षय कांति बम सोमवार को स्थानीय भाजपा विधायक रमेश मेंदोला के साथ जिलाधिकारी कार्यालय पहुंचे और अपना पर्चा वापस लिया। लौटते वक्त वह पत्रकारों के सवालों को अनसुना करते हुए मेंदोला के साथ गाड़ी में बैठकर रवाना हो गए। जिलाधिकारी आशीष सिंह ने बम के नामांकन वापस लेने की पुष्टि की। उन्होंने संवाददाताओं को बताया, कांग्रेस उम्मीदवार बम समेत तीन उम्मीदवारों ने आज तय प्रक्रिया के तहत अपना नामांकन वापस लिया। इस प्रक्रिया की वीडियोग्राफी भी कराई गई है। इंदौर सीट के उम्मीदवारों के लिए नामांकन वापस लेने की आखिरी तारीख 29 अप्रैल (सोमवार) थी। इस क्षेत्र में 13 मई को मतदान होगा और चार जून को मतगणना की जाएगी। इस बीच, प्रदेश के कैबिनेट मंत्री ▶▶|शेष पेज 8 पर

*पिछले 35 साल से इंदौर लोकसभा सीट पर जीत की बाट जोह रही कांग्रेस के उम्मीदवार अक्षय कांति बम ने पार्टी को तगड़ा झटका दिया है। सोमवार को नामांकन वापसी के आखिरी दिन अपना पर्चा वापस ले लिया। इसके बाद उन्होंने भाजपा का दामन थाम लिया है और जल्द ही पार्टी में औपचारिक रूप से शामिल हो सकते हैं।*

**भाजपा विधायक रमेश मेंदोला के साथ पहुंचे कांग्रेस प्रत्याशी**

**अक्षय कांति बम के नामांकन वापसी की कलेक्टर ने की पुष्टि**



**भाजपा ने जारी की तस्वीर** भाजपा की ओर से इस मौके पर एक तस्वीर भी जारी की गई जिसमें उनके साथ राज्य के उप मुख्यमंत्री जगदीश देवड़ा, कैबिनेट मंत्री कैलाश विजयवर्गीय और अन्य पार्टी नेता खड़े दिखाई दे रहे हैं। इस तस्वीर में बम को भाजपा के चुनाव चिह्न 'कमल' वाला अंगवस्त्र पहने हुए देखा जा सकता है। बम जल्द ही औपचारिक रूप से पार्टी की सदस्यता लेंगे। इस बीच, बम के पत्रकार कॉलोनी स्थित घर के बाहर बैरिकेड लगाकर पुलिस तैनात कर दी गई है।

### कांग्रेस ने नए चेहरे को दिया था मौका

गौरतलब है कि इंदौर कांग्रेस के प्रदेश अध्यक्ष जीतू पटवारी का गृह क्षेत्र भी है। भाजपा का मजबूत गढ़ कहे जाने इंदौर में कांग्रेस ने एकदम नये-नवेले चेहरे बम (45) को अपना उम्मीदवार बनाया था। बम पेशे से कारोबारी हैं और उनका परिवार निजी महाविद्यालयों का संचालन करता है।

### कांग्रेस के कार्यवाहक अध्यक्ष ने जताई नाराजगी

इंदौर की शहर कांग्रेस इकाई के कार्यवाहक अध्यक्ष देवेंद्र यादव ने पार्टी संगठन पर खुलकर नाराजगी जताई। यादव ने कहा, मैंने खुद इंदौर से चुनाव लड़ने के लिए टिकट मांगा था, लेकिन मेरी और मेरे जैसे कई जमीनी कार्यकर्ताओं की अनदेखी की गई।

# मल्लिकार्जुन की आज शिवरीनारायण, शाह की कल कोरबा में सभा



हरिभूमि न्यूज ▶▶| रायपुर

लोकसभा चुनाव के तीसरे चरण के लिए भी भाजपा और कांग्रेस ने लगातार सभाओं की तैयारी की है। मंगलवार को कांग्रेस के राष्ट्रीय अध्यक्ष मल्लिकार्जुन खड़गे की जांजगीर चांपा के शिवरीनारायण में सभा होगी। केंद्रीय मंत्री अमित शाह की सभा बुधवार को कोरबा में सभा होगी। इसके दूसरे दिन कांग्रेस की राष्ट्रीय महासचिव प्रियंका गांधी की भी कोरबा में सभा होगी। अमित शाह की सभा की तैयारी के लिए चुनाव प्रभारी नितिन नवीन के साथ कई नेता कोरबा पहुंच गए हैं। भाजपा के राष्ट्रीय ▶▶|शेष पेज 8 पर

- **शाह की सभा की तैयारी में जुटे भाजपा नेता**

### शाह की सभा की तैयारी

केंद्रीय मंत्री अमित शाह की बुधवार एक मई को कोरबा में सभा होगी। इस सभा की तैयारी के लिए भाजपा के चुनाव प्रभारी नितिन नवीन के साथ ही भाजपा के विधायक अमर अग्रवाल, धरमलाल कौशिक, प्रदेश संगठन के महामंत्री संजय श्रीवास्तव, उपाध्यक्ष भूपेंद्र सवन्नी कोरबा में हैं। भाजपा नेता लगातार सभा स्थल पर तैयारियों का जायजा ले रहे हैं।

# 23 नक्सलियों ने छोड़ी हिंसा की राह, किया आत्मसमर्पण



हरिभूमि न्यूज ▶▶| दंतेवाड़ा

- **आत्मसमर्पित माओवादी भैरमगढ़ एरिया कमेटी में थे सक्रिय**

लोन वार्राटू अभियान में 29 अप्रैल को 23 माओवादियों ने पुलिस उप महानिरीक्षक दंतेवाड़ा कमलोचन कश्यप, पुलिस उप महानिरीक्षक सीआरपीएफ विकास कठेरिया, पुलिस अधीक्षक गौरव राय, अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक स्मृतिक राजनाला, द्वितीय ▶▶|शेष पेज 8पर

### संवाद व संपर्क से मिल रही सफलता

जिले में चलाये जा रहे नक्सल उन्मूलन अभियान तथा छग शासन की पुनर्वास नीति के तहत विगत कुछ माह में जिला पुलिस बल और सीआरपीएफ द्वारा भटके हुए माओवादियों को समाज की मुख्यधारा में जोड़ने के लिए संपर्क एवं संवाद किया जा रहा है।

# इलेक्ट्रिक स्कूटी में ब्लास्ट से घर में आग, तीन झुलसे

हरिभूमि न्यूज ▶▶| अम्बिकापुर

शहर की पॉश कालोनी कुंडला सिटी स्थित एक मकान में बीती रात आग लग गई। घर के बाहर चार्ज में लगी इलेक्ट्रिक स्कूटी में विस्फोट के बाद आग लगने की बात कही जा रही है। ब्लास्ट के बाद आग बगल में मौजूद बाइक व दुकान के समान के कारण तेजी से फैल गई और देखते ही देखते दो मंजिला मकान को अपनी चपेट में ले लिया। इस घटना के बाद घर में मौजूद तीन परिवार फंस गए थे। सूचना के बाद मौके पर पहुंची पुलिस व दमकल की टीम ने समय रहते आग की लपटों के बीच फंसे महिलाओं व बच्चों को बाहर निकाला। इस घटना में एक महिला समेत तीन लोग झुलस गए है जिन्हे उपचार के लिए निजी अस्पताल में भर्ती कराया गया है।

**कुंडला सिटी में हुई घटना**



**तीन लोगों का चल रहा उपचार** घर में इलेक्ट्रिक स्कूटी के ब्लास्ट होने के बाद घटना में आशीष मित्तल, भाई अमित मित्तल व अरुण मित्तल की पत्नी नेहा मित्तल झुलस गए। आग से झुलसे हुए महिला समेत तीनों लोगों को एम्बुलेंस की मदद से निजी अस्पताल में ▶▶|शेष पेज 8पर

### ग्रिल काटकर निकाला गया

*इधर, आग लगने के बाद घर में मौजूद तीन बच्चों सांड तीन परिवार के सदस्य आग की लपटों के बीच फंस गए थे। इसके बाद पुलिस व दमकल की टीम द्वारा पहले मंजिल मे फंसे हुए लोगों को पहले निकाला गया।*

### कालोनी में पहुंचने के बाद भी दस मिनट फंसे दमकल वाहन

*बताया जा रहा है कि घटना की जानकारी दमकल विभाग को रात लगभग 12.45 बजे दी गई थी और उसके बाद तत्काल दमकल वाहन घटना स्थल के लिए रवाना हुए। दमकल की टीम समय रहते कुंडला सिटी पहुंच भी गए थे। इस दौरान जैसे ही दमकल टीम अपनी वाहनों को लेकर मुख्य द्वार से कालोनी में पहुंची चारों तरफ बेतरतीब ढंग से वाहन खड़े थे। कुछ स्थानों पर भारी वाहन भी थे ऐसे में दमकल वाहन कालोनी में फंस गए और उन्हें घटना स्थल तक पहुंचने में 1 बज गया।*

## केंद्रीय शिक्षा मंत्रालय ने एनसीईआरटी को दिया आदेश

# अब हर साल अपडेट होंगी पाठ्यपुस्तकें

खास खबर

**नई दिल्ली।** शिक्षा मंत्रालय ने राष्ट्रीय शैक्षिक अनुसंधान और प्रशिक्षण परिषद (एनसीईआरटी) से अपनी पाठ्यपुस्तकों की सालाना आधार पर समीक्षा करने और नया अकादमिक सत्र शुरू होने से पहले इन्हें अपडेट करने को कहा है। अबतक, एनसीईआरटी की पाठ्यपुस्तकों को अद्यतन करने पर कोई दिशानिर्देश नहीं था। सूत्रों ने बताया, आज की तेजी से बदलती दुनिया में, यह जरूरी है कि पाठ्यपुस्तकें पूरी तरह से अद्यतन रहें।

### तीसरी और छठी के लिए नई पाठ्यपुस्तकें

इस साल, एनसीईआरटी ने तीसरी और छठी कक्षाओं के लिए नयी पाठ्पुस्तकें जारी की हैं। नया शैक्षणिक सत्र 1 अप्रैल से शुरू हो गया। नए सिलेबस के हिसाब से किताबों के पैटर्न में भी बदलाव होने जा रहा है।



### जरूरत के हिसाब से किया जाएगा बदलाव

शिक्षा मंत्रालय से जुड़े एक अधिकारी ने बताया कि आज तेजी से बदलते वक्त में ये जरूरी है कि किताबें अपडेटेड रहें। इस वजह से एनसीईआरटी को हर साल किताबों का रिव्यु करने और जरूरत के हिसाब से उनमें बदलाव करने को कहा गया है। हर साल एकेडमिक सेशन शुरू होने से पहले किताबों को अपडेट किया जाएगा।

### शिक्षण सत्र 25-26 से नई किताबें

एनसीईआरटी न्यू करिकुलम फ्रेमवर्क के हिसाब से हर क्लास के लिए नए सिरे से किताबें डिजाइन कर रहा है। शिक्षण सत्र 2025-26 से नई एनसीईआरटी किताबों से पढ़ाई होगी। नए सिलेबस के साथ एनसीएफ टेक्स्टबुक डिजाइनिंग फ्रेमवर्क है। 2023 में एनसीएफ के हिसाब से नए सिलेबस और नए पैटर्न में किताबें डिजाइन करने की घोषणा की गई थी।

**बैंक 1 मई से यूटिलिटी बिल पेमेंट पर 1 फीसदी चार्ज लेंगे**

# क्रेडिट कार्ड से बिजली-पानी के बिल भरना पड़ेगा महंगा

**नई दिल्ली।** अगर आपको भी अपने बिजली और पानी समेत जरूरी बिल क्रेडिट कार्ड से भरने की आदत पड़ चुकी है तो एक बार फिर से सोचने की जरूरत पड़ेगी। एक मई से क्रेडिट कार्ड जारी करने वाले बैंक बिल भरने वालों से 1 फीसदी शुल्क लेने लगेंगे। ऐसे में आपको क्रेडिट कार्ड से बिल भरने की आदत महंगी पड़ने वाली है। इस शुल्क का ऐलान करने वालों में सबसे पहले यस बैंक और आईडीएफसी फर्स्ट बैंक शामिल हैं। यस बैंक और आईडीएफसी फर्स्ट बैंक ने जानकारी दी है कि वह एक मई से यूटिलिटी बिल पेमेंट पर 1 फीसदी चार्ज लेंगे।

- **शुल्क का ऐलान यस बैंक और आईडीएफसी फर्स्ट बैंक ने किया**

### बदलाव का कारण

बैंकों द्वारा दो प्रमुख कारणों से यह चार्ज लगाने का फैसला किया है। पहला यूटिलिटी बिल पर लगने वाला कम मर्चेंट डिस्काउंट रेट (एमडीआर) है। एमडीआर हर क्रेडिट कार्ड ट्रांजेक्शन पर लगने वाला चार्ज है। यूटिलिटी बिल पर यह चार्ज सबसे कम है। इसलिए बैंक को क्रेडिट कार्ड से बिजली-पानी जैसे बिल पेमेंट होने पर कम पैसा मिलता है। दूसरा बैंकों को जानकारी लगी थी कि कुछ कारोबारी अपने पर्सनल क्रेडिट कार्ड का इस्तेमाल बिजनेस से जुड़े यूटिलिटी बिल पे करने में कर रहे थे।

### कस्टमर्स को दी थोड़ी राहत

इसके चलते अगर आप 2000 रुपए का बिजली बिल क्रेडिट कार्ड से भरेंगे तो आपको 20 रुपए अतिरिक्त देने पड़ेंगे। हालांकि, इन बैंकों ने कस्टमर्स को फिलहाल थोड़ी राहत भी दी है। यस बैंक ने यूटिलिटी बिल पर 15,000 रुपए और आईडीएफसी फर्स्ट बैंक ने 20,000 रुपए तक फ्री यूसेज लिमिट भी दी है। इसके चलते आप यस बैंक से 15 हजार रुपए तक और आईडीएफसी फर्स्ट बैंक से 20 हजार रुपए तक यूटिलिटी बिल का बिना कोई शुल्क दिए पेमेंट कर पाएंगे। इससे ऊपर पेमेंट करने पर 1 फीसदी चार्ज के साथ ही 18 फीसदी जीएसटी भी देनी होगी।

चिंतन

# स्मार्टफोन की 'लत' से युवाओं को बचाना जरूरी

तो क्या स्मार्टफोन ने दुनिया भर में चिंतित पीढ़ी पैदा कर दी है? सामाजिक मनोवैज्ञानिक जोनाथन हैडट ने अपनी नई शोधपरक किताब 'द एनक्सियस जेनरेशन' में कहा है कि इस बात के पर्याप्त सुबूत हैं कि स्मार्टफोन का अत्यधिक उपयोग मानसिक स्वास्थ्य संकट पैदा कर रहा है। स्मार्टफोन के खतरे एक किताब का विषय जरूर है, लेकिन इसके दुष्प्रभाव व्यापक व विश्वव्यापी हैं। अब यह साबित हो चुका है कि स्मार्टफोन सभी उम्र के लोगों को बीमार बना रहा है। स्मार्टफोन का अत्यधिक इस्तेमाल आंखों की रोशनी छिन रहा है, शारीरिक गतिविधि कम कर रहा है, मानसिक विकार पैदा कर रहा है और अब करीब दो दशक में ही इसने एक चिंतित पीढ़ी पैदा कर दी है। स्मार्टफोन के सबसे अधिक शिकार किशोर हो रहे हैं। बच्चों व किशोरों तक स्मार्टफोन पहुंच को सीमित करने के लिए आज व्यक्तिगत, सामूहिक और विधायी कार्रवाई की आवश्यकता आन पड़ी है। दुनिया के साथ साथ भारत को भी जागने की जरूरत है। टेक सेवी होना प्रगतिशीलता की निशानी है, लेकिन टेक एडिक्ट होना मानसिक बीमारी है। स्मार्टफोन की लत के चलते मानसिक विकार के मामले बढ़ रहे हैं, हालांकि किसी भी स्मार्टफोन एडिक्ट को कभी नहीं आभास होता है कि उसको इसकी लत है, वे खुद को सामान्य मानकर चल रहे होते हैं। जो बच्चे स्मार्टफोन के साथ बड़े हुए हैं वे परेशानी में हैं। नए शोध के मुताबिक 2010 से 2015 की अवधि 'रीवायरिंग' की है, यह वह समय था जब किशोरों का तंत्रिका तंत्र स्मार्टफोन के व्यापक दैनिक उपयोग के कारण चिंता और अवसाद से ग्रस्त हो गया था। जेन ज़ेड (जेड पीढ़ी) स्मार्टफोन के अत्यधिक उपयोग के चलते बड़ी मानसिक महामारी से पीड़ित हैं। खुद को नुकसान पहुंचाना, आत्महत्या दर, मानसिक विकारों और मानसिक स्वास्थ्य अस्पताल में भर्ती होने पर उपलब्ध आंकड़े खतरे के संकेत देते हैं। स्मार्टफोन की लत एक समाजव्यापी महामारी का रूप ले रही है। आज दुनिया पहले से ही अनियंत्रित ग्लोबल वार्मिंग, प्रणालीगत अन्याय, असुरक्षित कार्य भविष्य, भूराजनीतिक तनाव, अखाद्य खाद्यान्न के उत्पन्न विकार, युद्धगत भय, डर का व्यापार आदि का सामना कर रही है, ऐसे में स्मार्टफोन की लत से पैदा हो रही चिंतित पीढ़ी दुनिया को और कंप्लिकेटेड बना रही है। विश्व की सरकारों को नई पीढ़ी को बचाने के लिए इस दिशा में काम करना चाहिए। चूंकि स्मार्टफोन की दुनिया नित नए आविष्कारों से बदल रही है। एआई के बाद मेटावर्स के रूप में वर्चुअल तकनीक आ रही है, इससे स्मार्टफोन का एडिक्शन और बढ़ेगा। स्मार्टफ़ोन ने समस्याएं 2010 के आसपास शुरू कीं, जब वे सोशल मीडिया, हाई-स्पीड इंटरनेट, एक बैकवर्ड-फेसिंग कैमरा (सेल्फी को प्रोत्साहित करने वाला), नशे की लत वाले गेम, अश्लील साहित्य और मुफ्त ऐप्स के साथ जुड़ गईं। इस जहरीले तकनीकी मिश्रण ने स्मार्टफोन को बच्चों के जीवन पर कब्ज़ा करने की अनुमति दी। स्मार्टफोन के चलते किशोरों व युवाओं में नींद की कमी, ध्यान विखंडन, एडिक्शन, भावनात्मक अस्थिरता, इग्नोरेंस, एकाकीपन, क्रोध, चिड़चिड़ापन, मानसिक प्रदूषण, शारीरिक विकार, अंगूठे और कलाई की कमजोरी आदि पैदा हो रहे हैं। आज 51 फीसदी से अधिक लोग नोमोफोबिया (सेल फोन अलगाव चिंता) से पीड़ित हैं। विश्व स्वास्थ्य संगठन (डब्ल्यूएचओ) स्मार्टफोन की लत के खतरे के प्रति चेता चुका है। अब जागने की जरूरत है।



अर्थव्यवस्था
डॉ. जयंतीलाल भंडारी

# अब विकास मॉडल में सुधार जरूरी

निश्चित रूप से भारत को विकसित देश बनाने के लिए वर्तमान विकास मॉडल में सुधार करना होगा। विकास मॉडल में समृद्ध भारत के साथ समावेशी भारत की तस्वीर को हरदम सामने रखना होगा। जहाँ देश की अर्थव्यवस्था तेजी से आगे बढ़ाते रहना होगा, वहीं ही रोजगार वृद्धि व आम आदमी के सशक्तिकरण के अधिक प्रयास करने होंगे। यद्यपि पिछले 10 वर्षों में बहुआयामी गरीबों में बड़ी कमी आई है। अब बकाया 15 करोड़ से अधिक गरीबों को नई मुस्कुराहट देने का जोरदार अभियान आगे बढ़ाना होगा। इस बात को भी ध्यान में रखना होगा कि देश के आम आदमी के कमजोर जीवन स्तर को अच्छे जीवन स्तर में बदला जाए।

इन दिनों पूरे देश में ही नहीं, पूरी दुनिया में अर्थ विशेषज्ञ एकमत से टिप्पणी कर रहे हैं कि यदि भारत अपने विकास मॉडल में तेज विकास के साथ समावेशी विकास तथा रोजगार एवं साझी समृद्धि की रणनीति पर तेजी से आगे बढ़ेगा तो भारत वर्ष 2047 तक विकसित देश बनने के सपने को साकार कर सकेगा। इस समय दुनिया में कोई 40 ही देश विकसित हैं, जिनमें प्रमुख रूप से विकसित यूरोपीय देश हैं। भारत इस समय विकासशील देश है। अब भारत के विकसित राष्ट्र बनने की महत्वपूर्ण उपलब्धि हासिल होने की संभावनाओं के कई आधार हैं। भारत दुनिया में वैश्विक सुस्ती की चुनौतियों के बीच आर्थिक विकास की डगर पर लगातार तेजी से आगे बढ़ रहा है। हाल ही में 26 अप्रैल को प्रकाशित वैश्विक परामर्श एजेंसी डेलॉयट इंडिया की नई रिपोर्ट के तहत वित्त वर्ष 2024-25 के लिए भारत के सकल घरेलू उत्पाद (जीडीपी) की वृद्धि का अनुमान बढ़ाकर 7.6 से 7.8 प्रतिशत कर दिया है। कहा गया है कि भारत में मध्यम आय वर्ग के लोगों की संख्या में तेज वृद्धि से क्रय शक्ति बढ़ी है। इस रिपोर्ट में कहा गया है कि पिछले 2 साल से वृद्धि के मजबूत आंकड़ों ने अर्थव्यवस्था को कोविड के पहले के स्तर में आने में मदद की है। बुनियादी ढांचे पर सरकार के व्यय में तेजी से निवेश को समर्थन मिला है। इससे भारत को वृद्धि की रफ्तार तेज रखने में मदद मिली है। निसंदेह यह रिपोर्ट ऐसे समय में आई है, जब कुछ दिन पहले ही अंतरराष्ट्रीय मुद्रा कोष (आईएमएफ) ने मजबूत घरेलू मांग और कामकाज करने वाली आबादी को देखते हुए वित्त वर्ष 2024-25 के लिए भारत का वृद्धि अनुमान 6.5 प्रतिशत से बढ़ाकर 6.8 प्रतिशत कर दिया है। विश्व बैंक ने भी वित्त वर्ष 2024-25 के लिए भारत की वृद्धि का अनुमान 6.4% से बढ़ाकर 6.6 प्रतिशत कर दिया है।

निश्चित रूप से विकसित भारत बनने के लिए भारत की मुठ्ठियों में कई महत्वपूर्ण संभावनाएँ हैं। भारत में पिछले वर्ष 2023 में आयोजित जी-20 के शानदार सफल आयोजन से भारत के पास विकास के नए सूत्र आए हैं। भारत के पास पिछले 10 वर्षों की शानदार विरासत है। यह भारत का ऐसा समय है जब हमारी आर्थिक वृद्धि लगातार बढ़ रही है। भारत में स्थिति मैन्युफैक्चरिंग, निवेश और निर्यात के मद्देनजर उपयुक्त हैं। मेक इन इंडिया और आत्मनिर्भर भारत अभियान से देश तेजी से आगे बढ़ा है। वैश्विक स्तर पर प्रत्यक्ष विदेशी निवेश में गिरावट के रुझान के बीच भारत दुनिया के सर्वाधिक एफडीआई प्राप्त करने वाले प्रमुख देशों में शामिल है। भारत का विदेशी मुद्रा भंडार भी तेजी से बढ़ा है। वैश्विक सुस्ती के बीच भारत का शेयर बाजार नई ऊँचाइयों पर है। पिछले एक दशक में हुए रिफॉर्म, परफॉर्म और ट्रांसफार्म देश के विकास के लिए गेमचेंजर रहे हैं। भारत में अहम आर्थिक सुधार हुए और इन सुधारों में जन धन, आधार और मोबाइल आधारित सब्सिडी सुधार (जेएएम), वस्तु एवं सेवा कर (जीएसटी) तथा ऋणशोधन अक्षमता एवं दिवालिया संहिता (आईबीसी) प्रमुख हैं।

निसंदेह इस समय भारत के पास टिकाऊ विकास के



अभूतपूर्व अवसर हैं। वैश्विक राजनीतिक और आर्थिक मंचों पर भारत को विशेष अहमियत दी जा रही है। भारत को संयुक्त राष्ट्र संघ का स्थाई सदस्य देश बनाने के लिए अमेरिका, ब्रिटेन, फ्रांस और रूस का समर्थन रेखांकित हो रहा है और भारत वैश्विक मंच पर बड़ी भूमिका के लिए तैयार है। भारत के तेजी से बढ़े कृषि क्षेत्र से दुनिया की उम्मीदें बढ़ गई हैं। तेजी से बढ़ते भारतीय बाजार के कारण भारत के मुक्त व्यापार समझौते (एफटीए) बढ़ रहे हैं। प्रवासी भारतीयों के द्वारा लगातार भारत की ओर अधिक रेमिटेंस भेजा जा रहा है।

इस समय वैज्ञानिकों के द्वारा अंतरिक्ष, आर्टिफिशियल इंटेलिजेंस, सेमीकंडक्टर, ऊर्जा तथा नए तकनीकी विकास के कारण आर्थिक विकास को गति मिल रही है चीन के प्रति बढ़ती नकारात्मकता के मद्देनजर भारत नए वैश्विक आपूर्तिकर्ता देश के रूप में उभरकर सामने आया है। अब भारत में लॉजिस्टिक लागत में कमी आने लगी है। इतना ही नहीं भारत दुनिया के 85 देशों को हथियार व सैन्य सामग्रियों का निर्यात भी कर रहा है। यहाँ यह भी उल्लेखनीय है कि सरकार के द्वारा विगत 10 वर्षों में किए गए आर्थिक और वित्तीय सुधारों के साथ-साथ कठोर प्रशासनिक निर्णयों से देश में आर्थिक विकास की रफ्तार बढ़ी है। इसके साथ-साथ दुनिया में मजबूत लोकतंत्र और स्थिर सरकार के रूप में भारत की पहचान, स्टार्टअप का दुनिया में सबसे तेजी से बढ़ना, भारत में दुनिया की सबसे बड़ी युवा आबादी के लिए बढ़ते हुए नए दौर के कौशल निर्माण कार्यक्रम, बड़े पैमाने पर पूंजीगत खर्च, गैरजरूरी आयात में कटौती, खेलों के क्षेत्र में भारत की लंबी छलांगों से लाभांवित होती भारतीय अर्थव्यवस्था और बाहरी झटकों से उबरने की क्षमता देश के टिकाऊ विकास की बुनियाद बन गई हैं।

निश्चित रूप से भारत को विकसित देश बनाने के लिए वर्तमान विकास मॉडल में सुधार करना होगा। विकास मॉडल में समृद्ध भारत के साथ समावेशी भारत की तस्वीर को हरदम सामने रखना होगा। जहाँ देश की अर्थव्यवस्था तेजी से आगे बढ़ाते रहना होगा, वहीं ही रोजगार वृद्धि व आम आदमी के सशक्तिकरण के अधिक प्रयास करने होंगे। यद्यपि पिछले 10 वर्षों में बहुआयामी गरीबों में बड़ी कमी आई है। अब बकाया 15 करोड़ से अधिक गरीबों को नई मुस्कुराहट देने का जोरदार अभियान आगे बढ़ाना होगा। इस बात को भी ध्यान में रखना होगा कि देश के आम आदमी के कमजोर जीवन स्तर को अच्छे जीवन स्तर में बदला जाए। देश में 19 करोड़ से अधिक महिलाओं को पेड वर्कफोर्स में शामिल करने की रणनीति को अमलीजामा पहनाना होगा। हमें विकास के लिए चीन की कम कौशल वाले विनिर्माण की नीति को अपनाने की बजाय हमारे शक्तिशाली सर्विस सेक्टर के जरिए विकास पर ध्यान केंद्रित करते हुए आगे बढ़ना होगा। कई अहम सुधारों को वैधानिक बनाते हुए उनका तेजी से क्रियान्वयन करना होगा। कृषि, श्रमिक, भूमि भ्रष्टाचार के उन्मूलन और अन्य सुधारों की डगर पर तेजी से बढना होगा। यद्यपि केंद्र सरकार 29 श्रम कानूनों को चार श्रम संहिताओं में तब्दील करने की महत्वाकांक्षी योजना को आकार देने में सफल रही है, लेकिन ये अब तक लागू नहीं हुई है। अब एक ऐसे समय में जब कई देशों की कंपनियाँ चीन से बड़ी संख्या में उद्योग-कारोबार स्थानांतरित करते हुए दिखाई दे रही हैं तब हम अच्छे श्रम कानूनों से इसका लाभ उठा सकते हैं। देश के तेज विकास के लिए उभरते क्षेत्रों में शोध एवं विकास क्षेत्र में जरूरी निवेश पर्याप्त नहीं है। शोध एवं विकास के क्षेत्र में भारत का प्रति व्यक्ति व्यय दुनिया में विभिन्न तेजी से उभरती अर्थव्यवस्थाओं की तुलना में कम है।

(लेखक ख्यात अर्थशास्त्री हैं, ये उनके अपने विचार हैं।)

लेख पर अपनी प्रतिक्रिया edit@haribhoomi.com पर दे सकते हैं।

सियासत
बाल मुकुन्द ओझा



# फिर बोतल से बाहर आया आरक्षण का 'जिन्न'

आरक्षण के पक्ष और विपक्ष में सियासी बयानबाजी से देश एक बार फिर सुलगने लगा है। जैसे ही चुनाव आते हैं आरक्षण को लेकर नेताओं के स्वर तेज हो जाते हैं। देश भर में चल रहे चुनावी माहौल के बीच भाजपा और कांग्रेस में आरक्षण को लेकर बयानबाजियां चल रही हैं। वोटों की फसल काटने का यह दुधारू और भोथरा हथियार बन गया है। आरक्षण की गंगा में नहाने के लिए सभी लोग प्रयासरत है। लोकसभा चुनाव के दो चरण बीत चुके हैं, लेकिन इसी बीच आरक्षण का जिन्न एक बार फिर बोतल से बाहर आ गया है। कांग्रेस नेता राहुल गांधी ने कहा कि भाजपा आरक्षण खत्म करना चाहती है तो भाजपा ने उन पर झूठ बोलने का आरोप लगाते कहा कि कांग्रेस ने दलितों और ओबीसी का आरक्षण छीनकर मुसलमानों को दे दिया। राष्ट्रीय स्वयं सेवक संघ ने भी संविधान प्रदत आरक्षण का समर्थन किया है। संघ प्रमुख डॉ मोहन भागवत ने कहा कि संगठन भेदभाव व्याप्त रहने तक आरक्षण लागू रखने की वकालत करता है।
मोदी के 400 पार के नारे के जवाब में विपक्ष ने इसे आरक्षण से जोड़ दिया है। हालांकि विपक्ष की इस मंशा को भांपकर भाजपा और संघ सतर्क हो गया है। यही वजह है कि संघ प्रमुख मोहन भागवत ने एक कार्यक्रम के दौरान कहा कि जब तक जरूरत होगी आरक्षण जारी रहेगा। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी और गृहमंत्री अमित शाह ने भी रविवार को अपनी चुनावी सभाओं के दौरान साफ कर दिया कि आरक्षण खत्म नहीं होने जा रहा है। सियासत में आरक्षण, ध्रुवीकरण और जातिवाद बेहद संवेदनशील मुद्दा है। चुनाव के दौरान राजनीतिक दल इसे जमकर भुनाते हैं।

संविधान निर्माताओं ने दलितों-पिछड़ों को समाज में बराबरी का दर्जा देने की मंशा से आरक्षण लागू किया था। मगर संविधान की भावना पर सियासत भारी पड़ी। आरक्षण को लेकर देश में शुरू से ही दुविधा की स्थिति हो रही है। कोई सर्व मान्य हल नहीं निकलने के कारण आरक्षण को लेकर देश भ्रमजाल से नहीं निकल पा रहा है। संविधान की भावना कभी भी जाति आधारित आरक्षण की नहीं थी बल्कि सामाजिक व शैक्षणिक रूप से पिछड़े लोगों को बराबरी पर लाने की थी। जब संविधान सभा की ड्राफ्टिंग कमेटी ने स्वयं से पिछड़ा वर्ग शब्द जोड़ा था तो सवाल उठे थे। उस समय डॉ. आंबेडकर ने सदस्यों को यह कह कर संतुष्ट कर दिया था कि ये भविष्य में सरकार के विवेकाधिकार पर छोड़ दिया जाना चाहिए। सामाजिक-आर्थिक बराबरी का लक्ष्य हासिल करने के लिए संविधान में जिस आरक्षण की व्यवस्था की गई थी, वह लक्ष्य पूरा हुआ या नहीं, यह आज भी बहस का मुद्दा है। यह सही है आरक्षण ने कमजोर वर्ग में एक मलाईदार तबका भी पैदा किया है, जिसके कारण इसका पूरा लाभ जरूरतमंदों को नहीं मिल पाता, पर इसका मतलब यह नहीं कि आरक्षण की व्यवस्था ही खत्म कर दी जाए। दरअसल आरक्षण में व्याप्त विसंगतियां राजनीतिक पार्टियों की सोच का नतीजा हैं, जिनके लिए आरक्षण अपनी सत्ता बचाए रखने का औजार है। हमारे देश में आरक्षण पर राजनीति और दुष्प्रचार कब तक होता रहेगा। यह एक ज्वलन्त विषय है, जो अभी तक भी आम जनता की समझ से परे नजर आ रहा है। हाल ही में भारत के सर्वोच्च न्यायालय ने जो फैसला दिया है। उसे लेकर भी राजनीतिक दल भ्रम फैला रहे हैं। हालांकि सर्वोच्च न्यायालय ने पहले भी यह फैसला दिया था कि सरकारी नौकरी में प्रमोशन के अवसर पर आरक्षण देने के लिए बाध्यता नहीं है। मगर इस फैसले की आड़ में यह दुष्प्रचार किया जा रहा है कि सर्वोच्च न्यायालय आरक्षण को ही खत्म करने जा रहा है। न्यायालय के फैसले के साथ साथ यह भी प्रचारित किया जा रहा है कि केंद्र सरकार भी इसके लिए जिम्मेदार है। अनेक प्रमुख राजनेता व राजनैतिक दल न्यायालय के इस फैसले को तीन तलाक, धारा 370 तथा नागरिकता संशोधन कानून से जोड़ रहे हैं। सर्वोच्च न्यायालय ने संविधान निर्माताओं की उस व्यवस्था व भावना को उल्लेखित किया है, जिसके अंतर्गत आरक्षण को मूलभूत अधिकार नहीं माना गया है। यह भी सच है कि सामाजिक न्याय के अपने लक्ष्य को पूरा करने के लिए भारत के संविधान में अनुसूचित जाति और अनुसूचित जनजाति के लिए आरक्षण की व्यवस्था दी हुई है। साथ ही सच्चाई यह भी है कि स्वयं संविधान निर्माता इस व्यवस्था को लंबे काल तक चलाने के लिए पक्ष में नहीं थे। लोकतांत्रिक व्यवस्था और सामाजिक न्याय बराबरी की बेसिक चीजें हैं। आरक्षण उस तक पहुंचने का एक तरीका भर है, मगर कोई मौलिक अधिकार नहीं है। आरक्षण को तब तक ही लागू रखा जाना आवश्यक प्रतीत होता है, जब तक जरूरत लगे।

(लेखक वरिष्ठ पत्रकार हैं, ये उनके अपने विचार हैं।)

## मन की कड़वाहट मिटाने से संबंधों में समरसता आएगी



संकलित
दर्शन

हम अपने सोच व विचारों से अपना ऊर्जा क्षेत्र बनाते हैं। हमारे संकल्पों की गुणवत्ता ऊर्जा क्षेत्र की गुणवत्ता निर्धारित करती है। उस ऊर्जा क्षेत्र से हम अपने आपको अलग नहीं कर सकते। उसके सकारात्मक व नकारात्मक प्रकंपन को हम हमेशा साथ लेकर चलते हैं, चाहें घर में प्रवेश करते हुए अथवा घर से बाहर निकलते हुए। जब किसी के बारे में हम अच्छा सोचते हैं और उसके प्रति हमारे विचारों को शुद्ध, सुंदर व सकारात्मक रखते हैं, तो स्वाभाविक है कि हम उसे एक प्रकार से आशीर्वाद देते हैं। आशीर्वाद देने का यह मतलब नहीं कि हम केवल औपचारिक रूप में शुभकामनाएं देते हैं। अगर हमारे पास किसी के लिए उपहार लेने के लिए पैसे नहीं हैं, तो हमारी ओर से उनके लिए सबसे बड़ा उपहार यही होगा कि हम उनके घर-परिवार को आशीर्वाद दें। सामान्यतः दूसरों के लिए हम अपने सोच के साथ बोल को ध्यान में रखते हैं। भले ही हम उस व्यक्ति के लिए मन में नकारात्मक भावनाएं रखते हों, पर एक पल के लिए उसे बधाई भी देते हैं। इसका मतलब है, हम उसके लिए मन में अच्छा सोच भी पैदा कर सकते हैं। संबंधों का अर्थ ही है संकल्प रूपी ऊर्जा का आदान-प्रदान करना। मैं आपके बारे में जो सोचती हूं, वह आप तक पहुंचता है। आप मेरे बारे में जो सोचते हैं, वह मुझ तक पहुंचता है-यही हमारे संबंधों का आधार बनता है। यदि मैं आपके बारे में अच्छा सोच नहीं रखती और आपके लिए अच्छे काम करती हूं, तो मैं कितनी भी कोशिश क्यों न करूं, हमारे संबंध का नींव कभी मजबूत नहीं होगी।

## महिला के शुभ कदम



संकलित
प्रेरणा

एक आदमी ने दुकानदार से पूछाः केले और सेवफल क्या भाव लगाऐ है? दुकानदारः केले 20 रु. दर्जन और सेव 100 रु. किलो। उसी समय एक गरीब सी औरत दुकान में आयी और बोली मुझे एक किलो सेव और एक दर्जन केले चाहिए, क्या भाव है? भैया दुकानदारः केले 5 रु दर्जन और सेब 25 रु किलो। औरत ने कहाः जल्दी से दे दीजिए। दुकान में पहले से मौजूद ग्राहक ने खा जाने वाली निगाहों से घूरकर दुकानदार को देखा, इससे पहले कि वो कुछ कहता, दुकानदार ने ग्राहक को इशारा करते हुए थोड़ा सा इंतजार करने को कहा। औरत खुशी खुशी खरीदारी करके दुकान से निकलते हुए बड़बड़ाई हे भगवान तेरा लाख लाख शुक्र है, मेरे बच्चे फलों को खाकर बहुत खुश होंगे। औरत के जाने के बाद, दुकानदार ने पहले से मौजूद ग्राहक की तरफ देखते हुए कहाः ईश्वर गवाह है, भाई साहब मैंने आपको कोई धोखा देने की कोशिश नहीं की। यह विधवा महिला है, जो चार अनाथ बच्चों की मां है। किसी से भी किसी तरह की मदद लेने को तैयार नहीं है। मैंने कई बार कोशिश की है और हर बार नाकामी मिली है। तब मुझे यही तरीकीब सूझी है कि जब कभी ये आए तो, मै उसे कम से कम दाम लगाकर चीज़े देदूँ। मैं यह चाहता हूँ कि उसका भरम बना रहे और उसे लगे कि वह किसी की मोहताज नहीं है। इस तरह भगवान के बन्दो की पूजा कर लेता हूँ। थोड़ा रूक कर दुकानदार बोलाः यह औरत हफ्ते में एक बार आती है। भगवान गवाह है, जिस दिन यह आ जाती है उस दिन मेरी बिक्री बढ़ जाती है।

अंतर्मन




आज की पाती


## मसाला कंपनियों की साख पर आंच न आए

हमारे देश की मसालों की दो मुख्य कंपनियों की इनके उत्पादों की गुणवत्ता को लेकर जो हांगकांग और सिंगापुर ने सवाल खड़े किए हैं, वो गले नहीं उतर रहे, क्योंकि ये दोनों कंपनियां अपने उत्पादों की उचित जांच खुद करके और संबंधित सरकारी विभाग से भी जांच करवाने के बाद ही अपने उत्पादों को बेचने के लिए बाजार में उतारती हैं और विदेशों को भेजती हैं। दूसरी चीज, ये कंपनियां पिछले लंबे अरसे से अपने उत्पादों को बेच रही हैं। एमडीएच को तो मसालों का कारोबार करते हुए 75 वर्ष से ऊपर का समय हो चुका है। ऐसे में भारत सरकार को, इन कंपनियों पर हांगकांग और सिंगापुर ने जो आरोप लगाए हैं, उनकी उचित और निष्पक्ष जांच करवानी चाहिए। *-दिलीप तिवारी, बिलासपुर*

करंट अफेयर

## पर्यावरण कार्यकर्ता टेरेसा को ग्रीन नोबल पुरस्कार

यूरोप के सबसे बड़े लगून के सरंक्षण के लिए लंबी कानूनी लड़ाई लड़ने वालीं पर्यावरण कार्यकर्ता टेरेसा विसेंट ने गोल्डमैन पर्यावरण पुरस्कार जीता है, जिसे 'ग्रीन नोबेल' के नाम से जाना जाता है। अपने पुराने दिनों को याद करते हुए विसेंट कहती हैं कि उस समय वह स्पेन के मार मेनोर में बिल्कुल स्वच्छ पानी में तैरती थीं और समुद्री जीव उसमें साफ नजर आते थे लेकिन खनन और विकास कार्यों की वजह से होने वाले दीर्घकालिक प्रदूषण ने यूरोप के सबसे बड़े, खारे पानी के लगून को लगभग बर्बाद कर दिया। समुद्री तटों पर ज्वार की वजह से जब पानी की लहरें उठती हैं तो पानी तट पार कर आगे सूखे हिस्से में आ जाता है। लेकिन बाद में यह पानी भाटा के समय वापिस समुद्र में नहीं जाता। इस पानी के अवशोषण के कारण जमीन का यह भाग सतह से थोड़ा नीचे चला जाता है और झील बन जाती है जिसे लगून कहते हैं। वर्ष 2019 में बड़े पैमाने पर मछलियों की मौत ने दर्शनशास्त्र की प्रोफेसर विसेंट को लगून के सरंक्षण के लिए कार्य करने को प्रेरित किया। अगले कुछ वर्षों में 61 वर्षीय विसेंट ने क्षेत्र की पारिस्थितिकी की दृष्टि से अहम जलक्षेत्र लगून को खत्म होने से बचाने के लिए जमीनी स्तर के एक अभियान का नेतृत्व किया।



ऑफ बीट

## क्या स्मार्टफोन ने 'चिंतित पीढ़ी' पैदा कर दी है?



सामाजिक मनोवैज्ञानिक जोनाथन हैडट की नई किताब द एनक्सियस जेनरेशन तत्काल कार्रवाई का आह्वान करती है। हैडट का तर्क है कि इस बात के पर्याप्त सबूत मौजूद हैं कि किशोरों द्वारा स्मार्टफोन का व्यापक उपयोग मानसिक स्वास्थ्य संकट का कारण बन रहा है। उनकी स्मार्टफोन पहुंच को सीमित करने के लिए व्यक्तिगत, सामूहिक और विधायी कार्रवाई की आवश्यकता है। हैडट ने अपनी पुस्तक की शुरुआत एक रूपक से की है। कल्पना कीजिए कि किसी ने आपको अपने दस वर्षीय बच्चे को मंगल ग्रह पर बड़ा होने का अवसर दिया है, इसमें दो राय नहीं हैं कि विकिरण और कम गुरुत्वाकर्षण स्वस्थ किशोरों के विकास को बाधित कर सकता है, जिससे दीर्घकालिक पीड़ा हो सकती है। निश्चित रूप से, जोखिमों को देखते हुए, आप प्रस्ताव को अस्वीकार कर देंगे। एक दशक पहले, माता-पिता अपने उत्साहित किशोरों को दिए जाने वाले चमकदार नए स्मार्टफ़ोन के भीतर छिपे खतरों को नहीं जान सकते थे। लेकिन इस बात के सबूत बढ़ रहे हैं कि जो बच्चे स्मार्टफोन के साथ बड़े हुए हैं वे परेशानी में हैं। हैडट 2010 से 2015 की अवधि को 'महान रीवायरिंग' कहते हैं।

ट्रेंड

### इसमें कोई सवाल नहीं



राहुल गांधी और कांग्रेस आरक्षण को लेकर देशवासियों को गुमराह कर रही है। कांग्रेस ने तुष्टिकरण के लिए कर्नाटक और आंध्र प्रदेश में अल्पसंख्यकों को आरक्षण देकर एवं जामिया और एएमयू जैसी संस्थाओं में एसी, एसटी और ओबीसी को वंचित रखकर आरक्षण खत्म करने का प्रयास किया है।
**-अमित शाह, केंद्रीय मंत्री**

### कांग्रेस चट्टान की तरह



भाजपा नेताओं का उद्देश्य है, संविधान बदल कर देश का लोकतंत्र तबाह कर देना। दलितों, पिछड़ों, आदिवासियों का आरक्षण छीन कर देश चलाने में उनकी भागीदारी खत्म करना। लेकिन कांग्रेस चट्टान की तरह भाजपा की राह में खड़ी है।
**-राहुल गांधी, कांग्रेस नेता**

### पेपर लीक हो गया



मात्र 17 महीनों में हमने 5 लाख नौकरियां दी। सभी विभागों की रिक्तियों को भरने के आदेशानुसार 3 लाख से अधिक नौकरियां प्रक्रियाधीन करवाई और तीसरे चरण के लिए विज्ञापित एक लाख शिक्षकों की भर्ती परीक्षा का पेपर लीक हो गया।
**-तेजस्वी यादव, राजद नेता**

### अच्छा लगेगा



मेरे दोस्त सतीश कौशिक के घर जाकर शशि और उनकी बेटी (मेरी भी) वंशिका से मिलना हम तीनों को अच्छा लगता है।बातों और चाय पानी के अलावा वंशिका के साथ एक रील भी बनाना हम दोनों का पर्सनल रूटीन है। आप भी देखिए।आपको भी अच्छा लगेगा। **-अनुपम खेर, अभिनेता**

हमारा पता
हरिभूमि कार्यालय
रिंग रोड नं. 2, गौरवपथ, बिलासपुर
फोन: 401050,271016,फैक्स-271018
ई-मेल: haribhoomibsp@gmail.com
वेब-साइट: www.haribhoomi.com

## खबर संक्षेप



### भगवान परशुराम की महाआरती 12 को

**रायपुर।** वर्ल्ड ब्राह्मण फेडरेशन एवं सर्व युवा ब्राह्मण परिषद द्वारा भगवान परशुराम की 11 सौ दीपों से महाआरती की जाएगी। साथ ही भजन और भोजन प्रसाद का भी कार्यक्रम होगा। यह कार्यक्रम सत्तीबाजार स्थित अम्बा देवी मंदिर परिसर में 12 मई को शाम 4 बजे से प्रारंभ होगा। कार्यक्रम की तैयारी को लेकर समाज के प्रमुखजनों की बैठक की गई। फेडरेशन के संभागीय सचिव सतीश शर्मा ने बताया कि बैठक में प्रांतीय अध्यक्ष अरविंद ओझा और कार्यक्रम संयोजक नितिन कुमार झा उपस्थित शामिल हुए।

### गायत्री परिवार की बैठक, स्वर्ण जयंती कार्यक्रम पर चर्चा

**रायपुर।** गायत्री शक्तिपीठ समता कॉलोनी रायपुर में अखंड ज्योति की स्वर्ण जयंती और माताजी के जन्म शताब्दी वर्ष के आयोजन के मुद्दे पर रायपुर महानगर की वृहद बैठक हुई। बैठक का आयोजन गायत्री शक्तिपीठ समता कॉलोनी रायपुर द्वारा किया गया था, जिसमें रायपुर महानगर के अंतर्गत पूरे रायपुर जिले के गायत्री परिवार के पदाधिकारी और वरिष्ठ परिजनों के साथ ही गायत्री परिजनों की भारी संख्या में मौजूदगी रही। बैठक के बीच में वरिष्ठ मंत्री और लोकसभा चुनाव के प्रत्याशी बृजमोहन अग्रवाल भी जनसंपर्क अभियान के अंतर्गत मां गायत्री के दर्शन और पूजा-अर्चना के लिए पहुंचे थे, इस दौरान वहां पर उपस्थित गायत्री परिजनों से चर्चा की। गायत्री शक्तिपीठ समता कॉलोनी रायपुर में आयोजित स्वर्ण जयंती समारोह और माताजी के जन्म शताब्दी वर्ष समारोह के मुद्दे पर गायत्री शक्तिपीठ समता कॉलोनी रायपुर के मुख्य प्रबंध ट्रस्टी श्याम बैस, ट्रस्टी आदर्श वर्मा, ट्रस्टी सदाशिव हथमल, हनुमान प्रसाद अग्रवाल, दीनानाथ शर्मा, शैलेश वर्मा ने संयुक्त रूप से जानकारी दी। बैठक में सुखदेव निर्मलकर, आदर्श वर्मा, कवि संजीव ठाकुर, एमआर ठाकुर, सुखदेव देवांगन, लच्छूराम निषाद आदि मौजूद रहे।

### भैरव सोसाइटी में सुधर्म धार्मिक शिक्षण शिविर 2 से

**रायपुर।** श्री सुधर्म स्थानकवासी जैन श्रीसंघ के तत्वावधान में सुधर्म परिवार द्वारा धार्मिक संस्कार शिक्षण शिविर का आयोजन किया जा रहा है। यह शिविर सुधर्म जैन विहार भैरव सोसायटी में 2 से 8 मई तक लगाया जाएगा। इस शिविर में न्यूनतम 5 वर्ष के बच्चों से लेकर 100 वर्ष तक के पुरूष-महिला भाग ले सकते हैं। संघ के अध्यक्ष प्रेमचंद गोलछा, सचिव उत्तम गोलछा, नवयुवक मंडल के संरक्षक अजय जैन व अध्यक्ष जयेश बोहरा, महिला मंडल अध्यक्षा ने बच्चों, युवाओं, महिलाओं सभी से निवेदन किया है कि शिविर का अधिकाधिक लाभ लेकर अपने जीवन में सद्गुणों एवं संस्कारों का विकास करें। विगत 41 वर्षों से निरंतर जारी सुधर्म परिवार-रायपुर द्वारा ग्रीष्मकालीन धार्मिक संस्कार शिक्षण शिविर का आयोजन उमेदचंद एवं विमला देवी गोलछा की स्मृति में गौतमचंद, स्वरूपचंद, संजय विनेश गोलछा व परिवार के सौजन्य से किया जा रहा है।

# एक साल में ट्रेनों में अकेले यात्रा करने वाली 1 लाख 50 हजार महिलाओं की रेलवे ने की मदद

हरिभूमि न्यूज ⏭ रायपुर

ट्रेन में अकेले यात्रा करने वाली महिलाओं की मदद करने के लिए रेलवे द्वारा विशेष अभियान मेरी सहेली चलाया जा रहा है। इसके तहत अप्रैल 2023 से लेकर मार्च 2024 तक अकेले रायपुर मंडल में ही 7945 ट्रेनों में 70790 महिलाओं की मदद की गई।

सफर के दौरान इन्हें पानी से लेकर मेडिकल सहायता तक पहुंचाई गई। जोन के तीनों मंडलों में से रायपुर में सबसे ज्यादा महिलाओं तक टीम पहुंची है। दक्षिण पूर्व मध्य रेलवे में मेरी सहेली की 13 टीम कार्यरत है, जो 13 अलग-अलग ट्रेनों को कवर करती है। रेलवे सुरक्षा बल की मेरी सहेली टीम में महिला कांस्टेबल से लेकर महिला सब इंस्पेक्टर, इंस्पेक्टर शामिल हैं। ये टीमें यात्रियों को उनकी यात्रा के दौरान सुरक्षा उपायों के बारे में शिक्षित करने और संकट की स्थिति में सहायता प्राप्त करने के लिए उपलब्ध चैनलों के बारे में जानकारी प्रदान करने में महत्वपूर्ण भूमिका निभाती है।



**ऑपरेशन मेरी सहेली अभियान के तहत केवल रायपुर मंडल में 70 हजार यात्री तक पहुंची टीम**

### मदद करने दूसरे जोन से दपूमरे आगे

भारतीय रेलवे में आरपीएफ ने वर्तमान वित्तीय वर्ष के दौरान अब तक ट्रेनों या रेलवे परिसरों में प्रसव के 130 ऐसे मामलों में सहायता प्रदान की है। इस वर्ष दक्षिण पूर्व मध्य रेलवे में 19794 ट्रेनों में लगभग 1 लाख 51 हजार अकेले यात्रा कर रही महिला यात्रियों को "मेरी सहेली" की टीम ने सहायता पहुंचाई। इसमें बिलासपुर रेल मंडल में 7040 ट्रेनों में 67911 महिला यात्री, रायपुर रेल मंडल में 7945 ट्रेनों में 70790 महिला यात्री तथा नागपुर रेल मंडल 4809 ट्रेनों में 13278 महिला यात्री शामिल हैं।

### हर दिन 14 हजार महिलाओं तक पहुंच रही मदद

मेरी सहेली' टीमें लंबी दूरी की ट्रेनों में अकेले यात्रा करने वाली महिला यात्रियों की ट्रेन यात्रा के दौरान उत्पन्न होने वाली किसी भी स्थिति पर त्वरित प्रतिक्रिया देकर प्रारंभिक बिंदु से उनके अंतिम गंतव्य तक सुरक्षा सुनिश्चित करती हैं। वर्तमान में, महिला आरपीएफ कर्मियों से युक्त 230 से अधिक समर्पित मेरी सहेली टीमों को देशभर के विभिन्न रेलवे स्टेशनों पर तैनात किया गया है, जो 400 से अधिक ट्रेनों को कवर करती हैं और हर दिन औसतन चौदह हजार से अधिक महिला यात्रियों को सहायता प्रदान करती हैं।

### सिंगल प्लास्टिक की जगह टेराकोटा और बर्तन का करना था इस्तेमाल

# स्टेशन को प्लास्टिक मुक्त करने का सिस्टम ठप, महीनों से बॉटल क्रशिंग मशीन बंद

हरिभूमि न्यूज ⏭ रायपुर

रेलवे स्टेशन को साफ और स्वच्छ बनाने रेलवे बोर्ड के नियमों का पालन रायपुर मंडल के स्टेशनों में नहीं हो रहा है। स्टेशन को प्लास्टिक मुक्त करने 3 साल पहले बॉटल क्रशिंग मशीन स्थापित की गई थी, जिससे प्लास्टिक की बॉटल का निष्पादन होता था। यह मशीन स्टेशन में पांच महीने से बंद है।

- **स्टेशन में हर दिन खरीदे रहे 400 से अधिक रेल नीर बॉटल, नहीं हो रहा इसका निष्पादन**

वर्तमान में गर्मी के कारण पानी बोतल का इस्तेमाल बढ़ गया है। मशीन के बंद होने से यात्री पानी पीने के बाद सीधे कूड़ेदान में ही बोतल डालते हैं। इस तरह बोतल का निष्पादन नहीं हो रहा है। रेलवे ने सालभर पहले ही सिंगल प्लास्टिक की जगह टेराकोटा और बर्तन की थालियों में खाना परोसने का निर्देश दिया था, लेकिन हकीकत में प्लास्टिक की थालियों व झिल्लियों का उपयोग यात्रियों को खाना देने के रूप में हो रहा है। जांच और कार्रवाई नहीं होने से स्टेशन को प्लास्टिक मुक्त करने का सिस्टम फेल हो चुका है।

### जिम्मेदारों ने नहीं कराया मेंटनेंस

रेलवे ने बॉटल क्रशिंग मशीन रायपुर के साथ दुर्ग- भिलाई और बिलासपुर समेत दर्जनों स्टेशनों में स्थापित किया है। रायपुर में यह मशीन पांच महीने से बंद पड़ी है, लेकिन जिम्मेदारों ने इसका मेंटनेंस अभी तक नहीं कराया है। यही कारण है कि पानी बॉटल का निष्पादन नहीं हो रहा है। अंततः प्लास्टिक कचरे के डिब्बे में जा रहा है। इससे पर्यावरण भी प्रदूषित हो रहा है। हर दिन स्टेशन में 500 से अधिक पानी की बॉटल खरीदी जाती हैं, लेकिन इसके निष्पादन की व्यवस्था स्टेशन में खराब पड़ी है।

### अधिक खर्च इसलिए नहीं बनी व्यवस्था

प्लेटफार्म में सिंगल प्लास्टिक की जगह टेराकोटा को उपयोग में लाने का 2022 में रेलवे ने निर्देश दिया था, जिसके बाद जोन के जिम्मेदारों ने स्थानीय लोगों को रोजगार देने जल्द टेंडर निकालने की बात कहीं थी, लेकिन यह योजना ठंडे बस्ते में जा चुकी है। स्टेशनों में अब भी वेंडर्स सिंगल प्लास्टिक का उपयोग कर रहे हैं। टेराकोटा व दोना पत्तल को उपयोग में लाने अभी तक टेंडर नहीं किया जा सका है। अधिक खर्च होने के कारण स्टेशन में यह व्यवस्था लागू नहीं हो सकी।

### स्टेशनों से कूड़ेदान हो रहे चोरी

मंडल के छोटे स्टेशनों में रेलवे ने कूड़ेदान की व्यवस्था की थी, जो कई जगहों से चोरी हो चुके हैं। सरस्वती नगर स्टेशन में कूड़ादान नहीं है। अब यहां यात्री स्टेशन में ही कचरा फेक रहे हैं, जिसकी सफाई भी नियमित नहीं हो रही। यही स्थिति डब्लूआरएस स्टेशन में है। इन स्टेशनों में रेलवे के कर्मचारी रात में नहीं होते हैं, जिस कारण कूड़ेदान चोरी होने की शिकायत है।

# पूर्व आईएएस टूटेजा की शराब घोटाला मामला में कोर्ट ने ईडी रिमांड छह दिनों के लिए और बढ़ाई



हरिभूमि न्यूज ⏭ रायपुर

राज्य में कथित तौर पर दो हजार करोड़ रुपए से ज्यादा शराब घोटाला मामले में प्रवर्तन निदेशालय की विशेष कोर्ट ने पूर्व आईएएस अनिल टूटेजा की ईडी रिमांड छह दिनों के लिए और बढ़ा दी है।

गौरतलब है कि पांच दिनों की रिमांड समाप्त होने पर ईडी के अफसरों ने टूटेजा को सोमवार को कोर्ट में पेश किया। दोनों पक्षों की दलील सुनने के बाद कोर्ट ने टूटेजा की रिमांड अवधि बढ़ाने का फैसला सुनाया। पूर्व आईएएस अब चार मई तक ईडी की कस्टडी में रहेंगे। ईडी के वकील डॉ. सौरभ पाण्डेय के मुताबिक पांच दिन की पूछताछ में शराब घोटाले को लेकर कई महत्वपूर्ण जानकारी मिली है। ईडी के पास दस्तावेजी के साथ डिजिटल साक्ष्य होने की बात सामने आई है। दस्तावेजी तथा डिजिटल साक्ष्य को लेकर ईडी के अफसरों को पूर्व आईएएस से पूछताछ करने के साथ टूटेजा से साक्ष्य की पुष्टि करना है। टूटेजा से पूछताछ में घोटाले से संबंधित अन्य तथ्य सामने आने की बात कही जा रही है।

### घोटाले की दो एजेंसी कर रही जांच

शराब घोटाला मामले में सुप्रीम कोर्ट द्वारा केस खारिज होने के बाद ईडी ने ईओडब्लू तथा एसीबी ने शराब घोटाले को लेकर दर्ज किए गए अपराध के आधार पर नया ईसीआईआर दर्ज किया है। इस तरह से शराब घोटाला मामले में राज्य के साथ केंद्र की एजेंसी जांच कर रही है। ईओडब्लू ने शराब घोटाला मामले में 70 लोगों के खिलाफ अपराध दर्ज किया है। सूत्रों के मुताबिक ईडी ने शराब घोटाला मामले में पूर्व में जिन लोगों को आरोपी बनाया था, नए इसीआईआर में भी उन्हीं लोगों को ईडी ने आरोपी बनाया है। गौरतलब है कि शराब घोटाला मामले में शराब तथा होटल कारोबारी त्रिलोक सिंह ढिल्लन दो मई तक ईओडब्लू की हिरासत में है। इसके साथ ही अनवर ढेबर,अरविंद सिंह तथा आबकारी विभाग के पूर्व एमडी एपी त्रिपाठी दो मई तक न्यायिक रिमांड पर जेल में बंद हैं।

# नितिन नवीन हर लोकसभा में जाकर बनाएंगे चुनावी रणनीति

**रायपुर।** भाजपा के प्रदेश चुनाव प्रभारी नितिन नवीन प्रदेश के दौरे पर पहुंचे हैं। अब वे यहां पर तीसरे चरण का चुनाव प्रचार थमने तक रहेंगे और बची सात लोकसभा सीटों को लेकर हर लोकसभा में जाकर वहां पर भाजपा की स्थिति की जानकारी लेंगे और चुनावी रणनीति बनाएंगे। यहां आने के बाद जहां उन्होंने पहले सोशल मीडिया और भाजपा मीडिया सेल की बैठक ली, वहीं पहले दिन कोरबा जाकर वहां पर लोकसभा चुनाव को लेकर पूरी जानकारी ली और रणनीति पर मंथन किया। यहां होने वाली केंद्रीय मंत्री अमित शाह की सभा को लेकर तैयारियों को भी देखा है।



भाजपा का राष्ट्रीय संगठन छत्तीसगढ़ की सभी 11 सीटें इस बार जीतने की रणनीति पर काम कर रहा है। यही वजह है कि भाजपा ने इसको लेकर पूरी ताकत झोंकने का काम किया है। भाजपा ने एक तरफ लगातार राष्ट्रीय नेताओं की सभाओं की रणनीति बनाई है तो दूसरी तरफ संगठन के जरिए पदाधिकारियों और कार्यकर्ताओं के माध्यम से जीत के लिए काम किया जा रहा है। राष्ट्रीय स्तर के नेता यहां लगातार रणनीति भी बनाने का काम कर रहे हैं। पहले केंद्रीय मंत्री अमित शाह ने प्रदेश संगठन को यहां पर रात को रूककर बैठक लेकर जीत का मंत्र दिया, इसके बाद राष्ट्रीय सह संगठन महामंत्री शिव प्रकाश दो दिनों तक रूककर बैठकें लेकर लौटे हैं। अब प्रदेश चुनाव प्रभारी नितिन नवीन पहुंचे हैं। नितिन नवीन यहां पर उन सात लोकसभाओं में बैठकें करेंगे जहां पर तीसरे चरण में चुनाव होना है।

### एंबुलेंस चालक से लूट, दो हजार 'हफ्ता' भी मांगा

**रायपुर।** डीकेएस अस्पताल परिसर असामाजिक तत्वों के साथ गुंडे-बदमाशों का अड्डा बनता जा रहा है। एक माह पूर्व जिसने बंधक बनाकर लूट करने की रिपोर्ट दर्ज कराई थी, उसके खिलाफ एक एंबुलेंस चालक ने चाकू की नोक पर मारपीट कर लूट करने के साथ एंबुलेंस चलाने के एवज में हर सप्ताह दो हजार रुपए फिरौती मांगने की रिपोर्ट दर्ज कराई है। घटना गोलबाजार थाना क्षेत्र में शनिवार की है। पुलिस के मुताबिक सुनील मंदोतिया के खिलाफ एंबुलेंस चालक मोहम्मद हसन ने मारपीट कर लूट करने के साथ फिरौती मांगने की शिकायत दर्ज कराई है। मोहम्मद हसन ने पुलिस को बताया कि वह घटना दिनांक को अस्पताल के गेट नंबर 2 के पास खड़ा था। इसी दौरान सुनील उसके पास पहुंचा और चाकू की नोक पर उसे डरा-धमकाकर, मारपीट कर उसके जेब से पर्स निकाल लिया। मोहम्मद हसन के मुताबिक उसके पर्स में रुपए के साथ लायसेंस, आधारकार्ड, पैनकार्ड था, जिसे मोहम्मद हसन से लूटकर ले गया। सुनील ने उसे अस्पताल में एंबुलेंस चलाने के एवज में हर माह दो हजार रुपए देने की मांग की है।

*कांग्रेस अब फिर से आरक्षण के विरुद्ध दुष्प्रचार कर रही*

# शाह के वीडियो से छेड़छाड़ पर बोले साय ऐसी हरकत सहन नहीं की जाएगी

हरिभूमि न्यूज ⏭ रायपुर

केंद्रीय गृह मंत्री अमित शाह के वीडियो से छेड़छाड़ कर आरक्षण खत्म करने का एक वीडियो सोशल मीडिया पर वायरल है। कांग्रेस द्वारा ऐसे दुष्प्रचार पर मुख्यमंत्री विष्णु देव साय ने तीखी प्रतिक्रिया व्यक्त करते हुए कहा, ऐसी हरकतें बिल्कुल सहन नहीं की जाएंगी।

मुख्यमंत्री श्री साय ने अपने सोशल मीडिया हैंडल एक्स पर लिखा है कि अपनी बुरी हार सामने देख कर कांग्रेस अब कोई भी स्तरहीन हथकंडे अपनाने से बाज नहीं आ रही है। दशकों तक आदिवासियों, अनुसूचित जाति, पिछड़े वर्ग के लोगों को ठगती रहने वाली, वंचित समूहों का शोषण करने वाली कांग्रेस अब फिर से आरक्षण के विरुद्ध दुष्प्रचार कर रही है। गृह मंत्री श्री शाह के भाषण को भी गलत तरीके से एडिट कर वह भ्रम फैला रही है। श्री साय ने लिखा है, कांग्रेस को स्पष्ट चेतावनी देना चाहता हूं कि आदिवासियों-पिछड़ों-दलितों के खिलाफ ऐसा भद्दा मजाक करने से बाज आए। ऐसी हरकतें बिल्कुल सहन नहीं की जाएगी। श्री साय ने लिखा है, कांग्रेस शुरू से ही वंचित समूहों को आगे लाने का, आरक्षण का विरोध करती रही है। कांग्रेस की ऐसी हरकतों की जितनी निंदा की जाए, वह कम है। कांग्रेस को मुस्लिम आरक्षण स्वीकार है, लेकिन आदिवासियों और अनुसूचित जाति समूहों, पिछड़ों को मिल रहा अधिकार उसे बर्दाश्त नहीं हो रही है।

### शाह के वीडियो से छेड़छाड़ की चुनाव आयोग में शिकायत

भाजपा ने केंद्रीय मंत्री अमित शाह के एक वीडियो से छेड़छाड़ के मामले में सोमवार को चुनाव आयोग में इसकी शिकायत की है। इसके बाद धर्मगुरु बालदास साहेब, सांसद सुनील सोनी और विधायक मोतीलाल साहू ने इस मामले में कांग्रेस पर जमकर हमला बोलते हुए कहा, कांग्रेस अपनी हार सामने देखकर बौखला गई है और जनता को भ्रमित करने के लिए सफेद झूठ और ओछे हथकंडों का सहारा ले रही है। भारतीय जनता पार्टी और देश व प्रदेश की जनता-जनार्दन कांग्रेस की ऐसी हरकतें बिलकुल सहन नहीं करने वाली है और जनता इसका करारा जवाब देने तैयार है। भाजपा नेताओं ने मुख्य निर्वाचन पदाधिकारी को एक ज्ञापन सौंपकर यह मांग की कि इस मामले में गंभीरता से संज्ञान लेकर तेलंगाना कांग्रेस पार्टी के राष्ट्रीय कार्यकारिणी सदस्यों, तेलंगाना कांग्रेस के उत्तरदायी नेताओं, उसके आधिकारिक सोशल मीडिया प्लेटफोर्म एक्स के संचालकों, इस फर्जी वीडियो को प्रसारित करने वाले कांग्रेस कार्यकर्ताओं, उपरोक्त वीडियो डिलीट करने वाले व्यक्ति तथा अन्य सभी संलिप्त दोषी व्यक्तियों के विरुद्ध आपराधिक प्रकरण (एफआईआर) दर्ज कर कड़ी-से-कड़ी कार्रवाई की जाए। भाजपा नेताओं ने कहा कि यह कूट-रचित वीडियो फेस-बुक, वाट्सएप तथा अन्य सोशल मीडिया पर वायरल हो चुका है तथा इससे संबंधित खबर प्रिंट मीडिया, इलेक्ट्रॉनिक मीडिया तथा वेब-पोर्टलों के माध्यम से प्रसारित हो रही हैं। कांग्रेस द्वारा योजना बनाकर षड्यंत्रपूर्वक इस वीडियो को तेलंगाना से प्रसारित किया गया है ताकि यह पूरे देश में प्रसारित तो हो सके किन्तु तेलंगाना की राज्य सरकार का संरक्षण प्राप्त होने के कारण अपराधियों के विरुद्ध कोई कार्रवाई न हो सके। कांग्रेस पार्टी तथा उसके नेताओं का यह कायरतापूर्ण कृत्य भारतीय दंड संहिता तथा आईटी एक्ट की सुसंगत धाराओं के तहत दंडनीय अपराध की श्रेणी में आता है।

- **भाजपा नेता बोले- कांग्रेस अपनी हार सामने देखकर बौखला गई**

# नए साल की पहली तिमाही में वाहनों की बिक्री टॉप गियर में

हरिभूमि न्यूज ⏭ रायपुर

छत्तीसगढ़ में ऑटोमोबाइल्स सेक्टर में नए साल की पहली तिमाही में बूम आ गया है। जहां बीते साल से जनवरी में 24 फीसदी, फरवरी में 29 और मार्च में 31 फीसदी वाहन ज्यादा बिके हैं। इस साल बीते साल से ज्यादा साल भर ज्यादा कारोबार होने की संभावना है। चारपहिया वाहनों की आमतौर पर अपने राज्य में एक माह से ज्यादा से ज्यादा चार हजार के करीब बिक्री होती है, लेकिन इसकी बिक्री लगातार ज्यादा हो रही है। यह बिक्री पांच से छह हजार होने लगी है।

अपने प्रदेश में ऑटोमोबाइल सेक्टर में नए साल का आगाज शानदार हुआ है। इस बार बीते साल से ज्यादा अच्छा कारोबार हो रहा है। वैसे बीते साल भी साल भर अच्छा कारोबार हुआ था।



लेकिन यह साल बीते साल से ज्यादा अच्छा कारोबार होने वाला है ऐसा कारोबारियों का कहना है। इस बार प्रदेश में नई सरकार आने के बाद किसानों के पास भी भरपूर पैसा आया है। जहां किसानों को दिसंबर में दो साल का बोनस मिला, वहीं किसानों को धान की अंतर की राशि भी मिली है। ऐसे में किसानों का पैसा भी लगातार बाजार में आ रहा है।

### बीते नवंबर ने रचा था इतिहास

यह बात तो पहले ही तय थी कि बीते साल त्योहारी सीजन में जमकर कारोबार होगा और ऐसा हुआ भी। लेकिन यह किसी ने नहीं सोचा था कि नवंबर एक नया इतिहास बना देगा। इस माह जो वाहन बिके उतने वाहन छत्तीसगढ़ के इतिहास में कभी भी नहीं बिके हैं। नवंबर में 91 हजार 915 वाहन बिके। इसमें से सबसे ज्यादा 75781 दोपहिया बिके। इसके बाद 6955 कारें, 3229 गुड्स कैरियर, 962 मोपेड, 785 ई-रिक्शा और रिकॉर्डतोड़ 2181 कृषि ट्रैक्टर भी बिके। इसी के साथ कुछ अन्य वाहन भी बिके। कुल मिलाकर 2022 में बिके 51172 वाहनों से बिक्री का प्रतिशत 80 फीसदी ज्यादा रहा। वाहनों की बिक्री में राजधानी रायपुर में ही सबसे ज्यादा 16248 वाहन बिके। सबसे कम बिक्री के मामले में सुकमा में 374 और नारायणपुर में 381 वाहन बिके। इसमें तीन-तीन सौ से ज्यादा बाइक ही बिकी।

### जिले में सालाना बचेगा 24 लाख से ज्यादा किराया, मिलेगी बेहतर सुविधा

# 250 विद्यार्थियों को आदिम जाति विभाग नए सत्र से देगा सर्व सुविधायुक्त पांच छात्रावास

हरिभूमि न्यूज ⏭ रायपुर

जिले में नए शिक्षा सत्र से आदिम जाति कल्याण विभाग 250 छात्र-छात्राओं को बेहतर सुविधा व सुरक्षा से लैस 5 नए छात्रावास की सुविधा देने वाला है। इसके लिए विभाग ने अलग-अलग लोकेशन में छात्रावासों का निर्माण एजेंसी से पूरा करवाया है।

इनमें रहने-खाने के साथ ही सुरक्षा के लिए सीसीटीवी कैमरे भी लगाए जाएंगे। नए छात्रावासों में गाइडलाइन के तहत सुविधा मिलेगी। इससे पहले सालाना 24 लाख किराया देने के बाद भी पर्याप्त सुविधा नहीं मिलती थी। राजधानी में किराए के भवनों में संचालित 13 में से पांच छात्रावासों को जल्द ही नई बिल्डिंग मिलने वाली है। जिले में आरंग, मंदिरहसौद व कोसरंगी में सर्व सुविधायुक्त छात्रावास बनकर तैयार है। लोकसभा की चुनावी आचार संहिता के चलते जून में उद्घाटन की तैयारी है। इसे बनाने के लिए सरकार ने 2021-22 में सात करोड़ 84 लाख 43 हजार की मंजूरी दी थी। इसके बाद विभाग ने सर्व सुविधायुक्त छात्रावासों को बनाने के लिए एजेंसी को जिम्मेदारी दी। अब विभाग ने अनुसूचित जाति वर्ग के विद्यार्थियों के लिए बनकर तैयार नई बिल्डिंग में किराए के भवनों में चलने वाले छात्रावासों को शिफ्ट करने की तैयारी है। इसके पहले छात्रावासों में मेंटेनेंस सहित कई तरह की शिकायतें हमेशा बनी रहती थी।

### पढ़ाई के लिए आते हैं विद्यार्थी

एजूकेशन हब के रूप में रायपुर ने स्थान बना लिया है। इसे देखते हुए विभिन्न जिले से आदिवासी छात्र-छात्राएं उच्च शिक्षा के लिए आते हैं। इनको सरकार विभिन्न योजनाओं के तहत पढ़ाई के साथ आवास की सुविधा देती है। यह जिम्मेदारी आदिम जाति कल्याण विभाग की है, जो विभिन्न जिलों से मिलने वाले आवेदन के आधार पर विद्यार्थियों को रहने और पढ़ने की सुविधा देता है। इसके लिए विभाग द्वारा 58 छात्रावासों का संचालन किया जाता है। इनमें 13 छात्रावास सुविधा के अभाव में किराए के भवनों में संचालित हैं।

### छात्रावासों में मिलेगी यह सुविधा

जिले में बनकर तैयार 5 बिल्डिंगों में से चार में कन्या छात्रावासों का संचालन होगा। वहीं एक छात्रावास छात्रों के लिए बनवाया गया है। प्रत्येक में 10-10 कमरे होंगे और इनमें 50-50 छात्र-छात्राओं को रहने के अलावा खाना पकाने के लिए किचन, खाना खाने के लिए हॉल, पार्किंग के साथ टॉयलेट की सुविधा भी मिलेगी। इन छात्रावासों में छात्राओं की सुरक्षा के लिए विभाग द्वारा सीसीटीवी कैमरे भी लगाए जाएंगे, ताकि उनको किसी भी अनहोनी की स्थिति से बचाया जा सके। अधिकारी छात्रावासों की हर महीने जांच भी करेंगे।

### बिल्डिंग बनकर तैयार, जल्द शुरु करेंगे

छात्रावासों का निर्माण पूरा हो चुका है। जून में इनके उद्घाटन की तैयारी है। इसके बाद किराए के भवनों में संचालित 13 में से 5 छात्रावासों की नई बिल्डिंग में शिफ्टिंग की जाएगी। इनमें हर तरह की सुविधा देने का प्रयास किया गया है।

**- विजय सिंह कंवर,** सहायक आयुक्त, आदिम जाति कल्याण विभाग, रायपुर




29- APR- COR- MAIN- Pg- 6 SAHELI_Layout 1 4/29/2024 8:58 PM Page 1

छत्तीसगढ़, दिल्ली, हरियाणा और मध्यप्रदेश से एक साथ प्रकाशित
haribhoomi.com

हरिभूमि

मंगलवार
30 अप्रैल 2024



# सहेली







स्पेशल
वर्ल्ड लाफ्टर-डे, 5 मई

हंसी हमारे भीतर बैठे तनाव को खत्म ही नहीं करती, हमें कई तरह की बीमारियों से बचाकर स्वस्थ भी रखती है। अच्छी बात यह है कि हंसने के मामले में महिलाएं कुदरती तौर पर पुरुषों से कहीं आगे होती हैं, खुलकर हंसना उनके स्वभाव में होता है। इस बात की पुष्टि कई शोधों से मिलती है। महिलाओं पर हुए ये शोध किन बातों को आधार बनाकर हुए, यह जानते हुए हम भी यह मानें कि हंसी हजार नियामत है।

कवर स्टोरी / विमला रस्तोगी

# पुरुषों से कहीं ज्यादा हंसती हैं महिलाएं

किसी विद्वान ने कहा है, 'अगर तुम्हारे होंठों पर मुस्कान है और हृदय में एक कोई अच्छा गीत तो निश्चित रूप से तुम ऊंची आवाज में गाओ।' देखा जाए तो आज यही मुस्कान-हंसी बहुत दुर्लभ हो गई है। जिंदगी की आपा-धापी और तमाम तरह के तनावों के बीच आदमी हंसना भूलता जा रहा है।

### हंसी-खुशी के बदल गए हैं मायने

आज इंसान के लिए हंसी-खुशी के मायने बदल चुके हैं। धनी और अधिक पैसा कमाने की, मध्य वर्ग सीमित आमदनी में ढंग से रहने की और गरीब निर्धनता से मुक्ति पाने, जीने की कशमकश में लगा रहता है। धनी वर्ग क्लबों, पार्टियों और होटलों में हंसी खोजने जाता है। गरीब के लिए अपने बच्चों के पेट भरने पर ली जाने वाली चैन की सांस ही उसके होंठों की मुस्कान बन जाती है। आजकल चिंताएं बिना किसी रुकावट के बिन मांगे ही मिल जाती हैं, लेकिन हंसी दुर्लभ है।

### हंसी पर क्या कहते हैं शोध

व्यक्ति कब हंसता है? कितना हंसता है? आदमी ज्यादा हंसते हैं या महिलाएं? विदेशों में शोधकर्ता हंसी से संबंधित इन्हीं सब बातों पर शोध करने में लगे हैं। हंसने पर शोध करने वाले वर्जीनिया विश्वविद्यालय के वेड.सी. मैकी का कहना है कि अनेक स्थितियों में महिलाएं पुरुषों से जल्दी और अधिक हंसती हैं। लुइसियाना स्टेट विश्वविद्यालय के शोधकर्ता भी हंसी पर अनुसंधान कर रहे हैं। अपने शोध के दौरान इन शोधकर्ताओं ने ढाई मिनट तक दो पुरुषों की मनोरंजक बातचीत टेप की और उसे कुछ अकेले बैठे पुरुषों को सुनाया। इसी टेप को शोधकर्ताओं ने बाद में महिलाओं को सुनाया, जो अकेली बैठी थीं तो उन्होंने पाया कि अकेली बैठी महिलाएं उस टेप को सुनकर अकेले बैठे पुरुषों की अपेक्षा अधिक खुल कर हंसीं। शोध से यह भी निष्कर्ष सामने आया है कि महिलाएं अन्य महिलाओं के साथ मिलकर ज्यादा हंसती हैं, जबकि पुरुष अपने वर्ग में बैठ कर सामान्य स्तर तक ही हंसते हैं। अब आप ही बताएं, कहीं चार महिलाएं बैठी ठहाके लगा रही हों तो लोग क्यों जलते हैं? महिलाओं पर 'खाली बैठे ठट्ठे मारने' का इल्जाम क्यों लगाया जाता है? ऐसा इल्जाम या हंसी के मामले में महिलाओं से जलन गलत है। क्या खुशमिजाज होना गलत है?



### एक हंसी दूसरी हंसी को जन्म देती है

अमेरिका में लुइसियाना के ग्रामीण क्षेत्रों में और वर्जीनिया के शहरी क्षेत्रों में किए गए एक अध्ययन के अनुसार एक हंसी दूसरी हंसी को जन्म देती है। वैसे हंसने में महिलाएं ज्यादा सक्रिय देखी जाती हैं। शोधकर्ताओं ने एक सड़क पर कुछ नियत शब्दों में वयस्कों का स्वागत किया। कभी हंस कर, कभी बिना हंसे। आमतौर पर हंसी का उत्तर हंसी में मिला, लेकिन महिलाएं पुरुषों से ज्यादा हंसीं। शोध में एक और निष्कर्ष निकला कि पुरुष यदि पुरुष को देखकर मुस्कराता है तो अच्छा रेस्पांस मिलता है। लेकिन पुरुष महिला को देखकर मुस्कराए तो प्रत्येक महिला हंसकर रेस्पांस नहीं देती, इसका कारण हमारे बनाए सामाजिक दायरे हैं। महिलाओं को देखना होता है कि वह कहां और किसके साथ हैं? कहीं कोई उन पर अंगुली ना उठा दे। लेकिन यह तय है कि हंसना महिलाओं के स्वभाव में है। इसलिए उन्हें टोकना नहीं चाहिए।

### सर्वत्र लागू होती है ज्यादा हंसने वाली बात

कोई कुछ भी कहे, महिलाएं कई मामलों में पुरुषों से बाजी मार ही लेती हैं। मसलन, पुरुषों की अपेक्षा महिलाएं बोलती ज्यादा हैं, लड़ती ज्यादा हैं, सहती ज्यादा हैं, रोती ज्यादा हैं, इसी तरह हंसती भी ज्यादा हैं। यह बात पूर्व-पश्चिम, उत्तर-दक्षिण सर्वत्र समान रूप से लागू होती है। अधिक हंसने की आदत के कारण कुछ महिलाओं के 'हंसमुखी' या 'फुलझड़ी' जैसे नाम पड़ जाते हैं।

### हंसी हजार नियामत

हंसने पर शोध की बात पर याद आती है अपनी एक परिचिता, जो हर बात पर हंसती है। हंसने वाली बात पर हंसे तो मुनासिब है, लेकिन वह दुख की बात पर भी हंस पड़ती है। उसका मानना है, दुख भी हंस कर सहो। अरे भई, हंस कर दुख सहने का यह मतलब तो नहीं कि हर समय बत्तीसी दिखाते रहो। क्या कहें उसे जो किसी को गिरता देख ले तो उसे हंसी आ जाए। गिरने वाला चाहे उसका भाई हो या पड़ोसी, जवान हो या बच्चा, किसी को बुरा लगे या भला, उसे कोई फर्क नहीं पड़ता। उसका कहना होता है, 'मैं क्या करूं, किसी को गिरता देख सबसे पहले मेरी हंसी ही छूटती है।' है न इस महिला की हंसी गजब की। काश! शोधकर्ता इस महिला पर शोध करते तो उन्हें खासे आंकड़े बदलने पड़ते। लेकिन जो भी कहा जाए, हंसी हजार नियामत है, हम खुद तो हंसें ही, दूसरों को भी हंसाकर उसे खुशी के पल दें। ❁

# जब करें मजाक रखें इन बातों का ध्यान



अपनों के साथ हम मजाक करते ही हैं, यह हंसने-हंसाने का एक प्यारा-सा जरिया है। लेकिन मजाक कभी ऐसा ना करें कि सामने वाला हंसने के बजाय आहत हो। ऐसे मजाक बिल्कुल ना करें, जिसे आप स्वयं भी ना सह पाएं। मजाक एक सीमा में रहकर करें।

बिहेवियर / विवेक कुमार

बड़े-बुजुर्ग सही कहते हैं कि हंसी-मजाक एक सीमा तक ही अच्छे लगते हैं। अगर आपने इसकी हद पार कर दी तो यह हंसी-मजाक संबंधों के लिए घातक भी हो सकता है। आपने भी कई बार महसूस किया होगा कि किसी-किसी का मजाक आपके दिल में चुभकर रह गया। ऐसे तमाम किस्से भी सुने होंगे कि किसी ने, किसी दूसरे का इतना मजाक उड़ाया कि मजाक से पीड़ित व्यक्ति ने गुस्से में मजाक बनाने वाले से मारपीट तक कर ली। इसलिए जब भी किसी से मजाक करें, कुछ बातों का जरूर ध्यान रखें।

**सीमा पार ना करें :** मजाक हमेशा एक सीमा तक ही अच्छा लगता है। जैसे ही आपने किसी का मजाक बनाते हुए सीमाएं, मर्यादाएं पार कीं तो मजाक बनाए जाने वाला व्यक्ति बहुत अपमानित महसूस करता है। इसलिए जब भी किसी से मजाक करें, उसका सम्मान करते हुए महज मनोरंजन की सीमा तक ही यह करें। खास करके ऐसे व्यक्ति का तो मजाक कभी नहीं उड़ाना चाहिए, जो मजबूर हो और पलटकर आपको जवाब ना दे सके। इसी तरह किसी शख्स में अगर कोई जन्मजात कमी है, मसलन वह अंधा है, लंगड़ा है या वह बोल नहीं पाता, मोटा है, काला है, कद बहुत छोटा है, ऐसी शारीरिक स्थितियों का तो कभी भी मजाक नहीं उड़ाना चाहिए। क्योंकि ऐसे व्यक्तियों का जब कोई मजाक उड़ाता है तो वह मजाक उन्हें गुदगुदाता नहीं है, अपमानित महसूस कराता है।



**वही मजाक करें, जो आप भी सहन कर सकें :** किसी भी व्यक्ति का उन्हीं बातों और संदर्भों को लेकर मजाक उड़ाना चाहिए, जिन बातों और संदर्भों को लेकर किए गए मजाक को आप खुद भी सहन कर सकें। किसी का ऐसी किसी बात के लिए मजाक ना उड़ाएं जैसी बात के लिए आप खुद मजाक सहन नहीं कर सकतीं। हम यह ना भूलें, जब हम किसी का मजाक उड़ाते हैं तो इसका हमारे संबंधों पर असर पड़ता है। जब हम जिसका मजाक उड़ाते हैं, अगर उसके मन में यह भावना आती है कि आप उसका अपमान कर रही हैं, तो चाहे वह कितना अच्छा दोस्त हो, उससे आपके रिश्ते सलामत नहीं रहेंगे। मजाक से विश्वास और दोस्ती दोनों के टूटने का खतरा रहता है। भले कुछ लोग कहते हों कि मजाक करके वह माहौल को हल्का-फुल्का और तनावमुक्त बनाना चाहते हैं, लेकिन यह एक बड़ा झूठ है। जब हम किसी का मजाक उड़ाते हैं तो माहौल हल्का नहीं होता, उस व्यक्ति के लिए तो बहुत ही तनावभरा हो जाता है।

### क्या कहता है मनोविज्ञान

**मनोविज्ञान** के मुताबिक कोई स्वस्थ व्यक्ति किसी का मजाक नहीं उड़ा सकता। हां, अगर कोई ऐसा व्यक्ति जो वाकई मनोरंजन के लिए या माहौल को हल्का-फुल्का करने के लिए मजाक का सहारा लेता है, तो वह दूसरों की बजाय सबसे ज्यादा खुद का ही मजाक उड़ाता है। मनोविज्ञान यह भी स्पष्ट करता है कि दूसरो का मजाक उड़ाकर हम अपने आपको महत्वपूर्ण बनाने की कोशिश करते हैं। लेकिन ऐसी कोई कोशिश कभी सफल नहीं होती।

**लोगों को मौका ना दें :** जब कोई व्यक्ति पहली बार आपका मजाक उड़ाने की कोशिश करे और आपको लगे कि आप उससे आहत हो रही हैं तो तुरंत उसे टोक दें। अगर पहली बार में ही टोक देंगी तो वो भविष्य में ना सिर्फ आगे बढ़ने से रुक जाएगा बल्कि यहां से भी पीछे लौट जाएगा। अगर आपने उसे आगे बढ़ने दिया तो वह भविष्य में अगर पीछे लौटने का हौसला भी दिखाएगा तो बार-बार इससे पीछे भी हट जाएगा। किसी से दबकर तो अपना मजाक कभी भी नहीं उड़वाना चाहिए। क्योंकि अगर सामने वाले को लग गया कि आप उससे दबे हुए हैं, इसलिए उसकी मजाक को सहन कर रहे हैं तो वह फिर और दबाता जाएगा। यह कभी नहीं भूलें, मजाक हंसने-हंसाने के लिए होते हैं, दिल को दुखाने के लिए नहीं। ❁




एडवाइस / विनीता

## अपने आप से क्यों रखें शिकायत

हर इंसान से जीवन में कोई ना कोई गलती हो जाती है। ऐसी गलती भी हो जाती है, जिसमें अपना ही नहीं, अपने किसी प्रिय का नुकसान हो जाता है। यह गलती जानबूझ कर नहीं, अनजाने में हो जाती है फिर भी हम अपने आपको दोषी मानते हैं। एक तरह से अपराधबोध से ग्रस्त हो जाते हैं। लंबे समय तक ऐसी मनःस्थिति मेंटल हेल्थ के लिए ठीक नहीं है, इससे जल्द से जल्द उबरना जरूरी है। लेकिन उबरें कैसे, जानिए-

**हमेशा खुद को दोषी ना समझें:** कुछ लोग किसी भी काम में कोई गलती होने पर खुद को दोषी मान लेते हैं, इन्हें अपने आपसे शिकायत हो जाती है। ऐसे लोग अपने आपको कोसने लगते हैं। ऐसी स्थिति में उनके व्यवहार में चिड़चिड़ापन आ जाता है। इसलिए अगर आपसे कभी कोई गलती हो भी जाए तो लगातार उसके बारे में सोचकर उदास-निराश होने के बजाय उसे सुधार कर आगे बढ़ जाएं।



**स्वयं रखें अपना ध्यान:** आज की इस भागम-भाग वाली जिंदगी में लोगों के पास दूसरों के लिए समय नहीं है। अधिकांश लोग सिर्फ अपने बारे में सोचते हैं, इसलिए आपको अपना ध्यान खुद ही रखना होगा, तभी आप खुश रहेंगी, जीवन में कामयाब होंगी। इसके लिए आपको अपनी कमियों और गलतियों के प्रति सचेत रहना होगा, अपनी आदतों को निरंतर सुधारने की कोशिश करनी होगी।

### हीनभावना से बचें

**किसी गलती** के लिए खुद को लंबे समय तक दोषी समझने या अपराधबोध से ग्रस्त होने के कारण मन में हीनभावना जन्म ले लेती है। इससे व्यक्ति को ऐसा लगता है कि वह दिमागी रूप से बहुत कमजोर है, इसी कारण अकसर उसी से ही गलतियां होती हैं। वह असक्षम है। अपने बारे में ऐसी बातें ना सोचें। यह तभी संभव होगा, जब आप अपने लिए कुछ अच्छा सोचेंगी। अपनी सोच सकारात्मक रखेंगी।

**खुद को दें शाबासी:** हमेशा कुछ नया सीखने और करने का प्रयास करें। अपना आत्मविश्वास और आत्मबल बढ़ाएं। इसके लिए जब भी किसी कार्य में आपको सफलता मिले तो उसके बारे में सोचकर खुद पर गर्व महसूस करें। अपने आप को शाबासी भी दें। जब आप खुश होकर अपने बारे में सकारात्मक नजरिया रखेंगी तो आपके मन में खुद के प्रति कोई शिकायत नहीं रहेगी, कोई गलती होने पर लंबे समय तक अपने आपको दोषी मानते हुए तनाव में नहीं रहेंगी, हीनभावना का शिकार नहीं होंगी। ❁

**(मनोवैज्ञानिक विचित्रा दर्गन आनंद से हुई बातचीत पर आधारित)**



अप्रतिनिधित्व क्षेत्रों में डीलरशिप एवं ASM या SR हेतु संपर्क करें
Mobile: 92851 63700, Email: gdc.indore@gmail.com

29- APR- COR- MAIN- Pg- 7 SAHELI_Layout 1 4/29/2024 8:57 PM Page 1



गर्मी के मौसम में ऐसी ड्रेसेस कम ही होती हैं, जो कंफर्ट और कूल फील तो कराएं ही, आपके लुक को भी स्मार्ट दिखाएं। इस लिहाज से आप कॉटन फैब्रिक वाली ड्रेसेस सेलेक्ट कर सकती हैं। इन दिनों मार्केट में कॉटन ड्रेसेस में किस तरह की वैरायटीज उपलब्ध हैं, जानिए।

# वियर करें कॉटन ड्रेसेस
# कूल फीलिंग-स्मार्ट लुक



फैशन / नीलोफर

गर्मी के मौसम में स्किन फ्रेंडली कॉटन सबका पसंदीदा फैब्रिक होता है। हर कोई इन दिनों बेचैन करती गर्मियों में सॉफ्ट, लाइट और कंफर्टेबल ड्रेसेस पहनना चाहता है और ऐसी ज्यादातर ड्रेसेस आसानी से कॉटन में मिलती हैं। इसलिए समर सीजन में कॉटन ड्रेसेस की डिमांड बढ़ जाती है। सिर्फ सुकून के लिए ही नहीं फैशन में भी अब कॉटन के जलवे कम नहीं हैं। आइए जानें, इन गर्मियों में आप कौन-सी कॉटन ड्रेसेस चुन सकती हैं?

**ब्लॉक प्रिंटेड ड्रेसेस :** भले लकड़ी से होने वाली ब्लॉक प्रिंटिंग का ट्रेंड खत्म हो गया हो, लेकिन फैशन में यह अभी भी खूब धूम मचा रही है। ऐसी ड्रेसेस खास तौर पर गर्मियों में खूब पसंद किए जाते हैं, जिनमें एक तय स्पेस के भीतर अलग-अलग ब्लॉक प्रिंट डिजाइन बने होते हैं। अपने अच्छे लुक के कारण यह आज भी खूब पसंद की जाती है। गर्मी के मौसम में जो ब्लॉक प्रिंट ड्रेसेस खासतौर पर खूब पसंद किए जा रहे हैं, उनमें राजस्थानी डिजाइन सबसे टॉप पर हैं। ब्लॉक प्रिंट ड्रेसेस लंबी होती हैं और ये भी ज्यादातर स्लीवलेस होती हैं। ऐसी ड्रेसेस में कमर के एरिया में एक स्टाइलिश बेल्ट होती है, जो खासतौर पर बांधे जाने पर किसी थीम को प्रेजेंट करती है। ज्यादातर फैब्रिक में ब्लैक एंड वाइट प्रिंट आउट ऑफ डेट हो गए हैं, लेकिन ब्लॉक प्रिंटिंग में ये अब भी खूब पसंद की जाती है।

**बोहेमियन कॉटन ड्रेसेस :** यह एक स्लीवलेस लांग ड्रेस होती है, जो कैजुअल आउटफिट के लिए परफेक्ट मानी जाती है। बोहेमियन ड्रेसेस का मतलब ढीले-ढाले और बोल्ड प्रिंटेड डिजाइनर ड्रेसेस से होता है। बीते कुछ वर्षों से गर्मी के मौसम में वोहो फैशन मेट्रो से लेकर छोटे शहरों तक में खूब ट्रेंड में है। इन दिनों ऐसी ड्रेसेस में रेट्रो पैटर्न और न्यूट्रल कलर्स खूब ट्रेंड में हैं। इनके साथ शानदार स्टेटमेंट एक्सेसरीज कैरी करने का भी ट्रेंड है। इनमें वेवी फैब्रिक में लंबे ट्यूनिक्स और बैगी शर्ट भी चलन में हैं। बोहेमियन ड्रेस के साथ बैग, जैकेट, टॉप पर लटकन, झालर, पंख बेहद अट्रैक्टिव लगती हैं।



बोहेमियन ब्लॉक प्रिंटेड ड्रेस



लांग पॉकेट ड्रेस



रैप ड्रेस



इवोरा बेल्टेड पफ ड्रेस

**लांग पॉकेट कॉटन ड्रेसेस :** वैसे किसी ड्रेस में पॉकेट सहूलियत के लिए होती हैं, लेकिन ये डिजाइन का हिस्सा भी होती हैं। लांग ड्रेसेस विद पॉकेट देश-विदेश में इन दिनों खूब हिट हो रहा है। इन गर्मियों में खासतौर पर ऐसे लाइट कलर प्रिंट वाली लंबी ड्रेसेस महिलाएं खूब पसंद करती हैं। इनमें डेली पहनी जाने वाली डोमेस्टिक ड्रेसेस हो सकती हैं और ऑफिस वियर से लेकर घूमने-फिरने जाने के समय पहनी जा सकने वाली कैजुअल ड्रेसेस भी। ये सभी बेहद आकर्षक लगती हैं और इनमें पॉकेट्स का पैटर्न होना शानदार लगता है। कॉटन में पॉकेट ड्रेसेस अच्छी-खासी वैरायटी में उपलब्ध हैं।

**रैप कॉटन ड्रेसेस :** विश्व प्रसिद्ध आध्यात्मिक गुरु ओशो अपने आश्रम में हमेशा एक लंबी चोंगे जैसी ड्रेस पहना करते थे। अगर देखा जाए तो विदेशी धर्म प्रचारकों और धार्मिक गतिविधियों से जुड़े दूसरे लोगों की भी ऐसी ड्रेस पहनना पसंद होता है। लेकिन चोंगे जैसी रैप ड्रेस का चलन आम लोगों में भी खूब बढ़ रहा है। जब आसमान से आग बरस रही हो तो तब कॉटन की बनी सिर से लेकर पैर तक को कवर करने वाली ये चोंगेनुमा रैप ड्रेसेज बेहद सुकून देती हैं।

**बॉडी फिटेड मल्टी कलर ड्रेसेस :** कई शॉपिंग वेबसाइट्स ने हाल के सालों में यंग वुमेन के लिए कम से कम दाम में खूब स्टाइलिश और स्लीवलेस मिनी ड्रेसेस लांच की हैं। ये ड्रेसेस इस मौसम की पहचान बन गई हैं। ऑनलाइन ही नहीं ऑफलाइन भी ऐसी ड्रेसेस की भरमार है, जो मल्टी कलर और मल्टी डिजाइन में 500 से 6000 रुपए तक के बीच उपलब्ध हैं। गर्मियों में खासकर इवोरा मिनी ड्रेसेस की भरपूर मांग है। फिट से लेकर कॉमन साइज तक में इवोरा ड्रेस 100 से ज्यादा अलग-अलग डिजाइन में अवेलेबल हैं। इनमें फेस ब्लैक, ग्रांड पेंट, माइरियर क्रॉप, सामरा मिनी ड्रेस, प्रज्ञा मिनी ड्रेस जैसे कई सारे डिजाइन खूब पॉपुलर हैं।

---

सीजनल टिप्स / संध्या सिंह

# जब समर सीजन के लिए
# सेलेक्ट करें ड्रेस-एक्सेसरीज

गर्मी के मौसम में ड्रेस और एक्सेसरीज का सेलेक्शन बहुत समझदारी से करना चाहिए। ऐसा ना करने से आपका लुक तो बिगड़ेगा ही, आप अनकंफर्टेबल भी फील करेंगी।



गर्मी के मौसम में हर कोई ऐसी ड्रेसेस और एक्सेसरीज सेलेक्ट करना चाहता है, जिससे सुकून मिले। लेकिन यह सुकून सिर्फ कॉटन की ड्रेस पहनने भर से नहीं मिलता है। इसलिए इनके कलर और एक्सेसरीज पर भी ध्यान देना जरूरी है।

**सुकून देने वाले कलर्स :** अपनी ड्रेस कलर च्वाइस से भी आप गर्मी को मात दे सकती हैं। गर्मियों में डिजाइन कैसी भी हो, मैटेरियल कैसा भी हो लेकिन अगर कलर सुटेबल नहीं हो तो सुकून नहीं मिलता है, परेशान करने वाली बेचैनी बनी रहती है। इसलिए बेहतर है कि व्हाइट कलर ड्रेसेस को प्रेफरेंस दें। यह कलर गर्मी को सोखता नहीं है, उसे रिफ्लेक्ट कर देता है इसलिए गर्मियों में इस कलर की ड्रेसेस ही चुनें। डार्क और ब्लैक कलर ड्रेसेस को अवॉयड ही करें। ब्लू कलर भी ज्यादा यूवी किरणों को सोखता है, इसलिए इस मौसम में गहरे रंगों से दूर रहें। लाइट ग्रीन, ऑरेंज, यलो और स्काई ब्लू कलर ही इन दिनों सुकून पहुंचाते हैं।

**ऑफ शोल्डर टॉप-हाफ पैंट्स :** इस मौसम में बहुत चुस्त और फिटेड ड्रेसेस ना अच्छे लगते हैं और ना ही आरामदायक होते हैं। इस लिहाज से कॉटन मेड ऑफ शोल्डर टॉप और हाफ पैंट्स, उन टीनएज गर्ल्स और यंग वूमेन के लिए परफेक्ट ड्रेस है, जो गर्मियों में आउटिंग पर जा रही हों। हालांकि इसे फ्रेंड्स के साथ गेट-टू-गेदर में भी कैरी कर सकती हैं, क्योंकि इस ड्रेस में यंग वूमेन खूब फबती हैं। यह ड्रेस कॉम्बिनेशन मॉडर्न लुक तो देती ही है, इससे सुकून भी मिलता है। इसके अलावा लॉन्ग कुर्ती, प्लीटेड स्कर्ट, व्हाइट शर्ट, लिनेन जैकेट और कॉटन टी-शर्ट विद पलाजो, गर्मियों के लिए अच्छी च्वाइस हैं।





**हील्स को कहें बाय-बाय:** अप्रैल, मई और जून माह में उत्तर, मध्य और पश्चिम भारत में जिस तरह की गर्मी पड़ती है, वैसे मौसम में हाई हील्स को बाय-बाय कहने में ही समझदारी है। दरअसल, गर्मी के मौसम में देर तक हील्स पहनने से पैर की अंगुलियों पर बहुत दबाव महसूस होता है। इस दौरान लगातार हील्स पहनने से पैरों की शेप तक बिगड़ जाती है। चूंकि हील्स पहनने से सेंटर ऑफ ग्रेविटी का आगे की ओर खिसक जाता है, इसलिए खड़े होने पर न चाहते हुए भी पीठ झुक जाती है। यह कई बार असहनीय पीठ दर्द का कारण बन जाता है। इसलिए हील्स पहनने से बचें।

**कंफर्टेबल फुटवियर :** शॉर्ट ड्रेसेस की तरह गर्मी के मौसम में फुटवियर भी कंफर्टेबल ही पहनें। फुटवियर हमारे पैरों को राहत ही नहीं देते, ये हमें स्टाइलिश भी बनाते हैं। इसलिए स्नीकर्स पहनते समय जमीन से सटी सैंडिल या हाई हील्स की तरफ भूलकर भी ना देखें। बेचैन करने वाली गर्मियों में यह पक्का डिसाइड कर लें कि इस मौसम में जो कुछ पहनेंगी कंफर्टेबल ही पहनेंगी।

**पैरों को दें नमी :** गर्मी में बढ़ते तापमान पर आपका कंट्रोल नहीं रहता है। लेकिन सही ड्रेसेस सेलेक्ट करना आपके हाथ में ही है। इसलिए अगर इस मौसम में तरोताजा रहना है तो शॉर्ट ड्रेसेस खूब शौक से पहन सकती हैं लेकिन याद रखें शॉर्ट ड्रेस पहनते समय सबसे ज्यादा इसकी कीमत पैरों को चुकानी पड़ती है। क्योंकि ज्यादातर समय पैर सीधे धूप, मिट्टी और गर्म हवाओं को सहती हैं। इसलिए अपने पैरों को इन परेशानियों से बचाने के लिए लेग्स को नियमित मॉयश्चराइज करती रहें वरना आपके पैरों की स्किन ड्राय और डल हो जाएगी।

---

# मेनोपॉज के बाद
# ऐसे करें सेल्फ केयर

हर महिला के जीवन में मेनोपॉज स्टेज के दौरान और उसके बाद कई फिजिकल-मेंटल चेंज होते हैं। इससे कई प्रॉब्लम्स हो सकती हैं। इसके लिए यहां दिए जा रहे सजेशंस आपके लिए यूजफुल हो सकते हैं।



हेल्थ एडवाइस / अंजू जैन

आमतौर पर मेनोपॉज को हड्डियों की कमजोरी और ब्रेस्ट कैंसर की बड़ी वजह माना जाता रहा है, लेकिन सच यह है कि अगर ध्यान न दिया जाए तो मेनोपॉज महिलाओं के लिए कई अन्य स्वास्थ्य समस्याओं का सबब भी बन सकती है।

**गम्स प्रॉब्लम:** नॉर्थ अमेरिकन मेनोपॉज सोसायटी की एग्जीक्यूटिव डायरेक्टर जोएन वी. पिंकर्टन कहती हैं, 'मेनोपॉज की स्थिति में जब महिलाओं में एस्ट्रोजन हार्मोन का लेवल कम हो जाता है तो उनमें दांत ढीले होने और गम्स प्रॉब्लम्स होने लगती हैं। कुछ महिलाएं ड्राइ माउथ, मसूढ़ों में जलन और दर्द भी महसूस करती हैं। ऐसे में उन्हें ओरल हाइजीन पर ज्यादा ध्यान देना चाहिए।'

**स्लीप एप्निया:** विस्कोंसिन स्लीप कोहर्ट स्टडी के आधार पर पिंकर्टन बताती हैं कि मेनोपॉज के बाद महिलाओं में प्रोजेस्ट्रॉन हार्मोन का लेवल भी कम हो जाता है, जिससे ब्रीदिंग डिस्टर्ब होती है और स्लीप एप्निया की समस्या हो जाती है। कई महिलाओं में दिन में नींद ज्यादा आने, सिरदर्द और एंग्जायटी की समस्या होने लगती है।

**डायबिटीज:** अमेरिका की नेशनल हेल्थ स्टडी में वूमेंस हेल्थ इनीशिएटिव के मुताबिक जिन महिलाओं में 46 साल की उम्र से पहले या 55 साल के बाद मेनोपॉज होता है, उनमें टाइप 2 डायबिटीज का रिस्क बढ़ जाता है। गायनेकोलॉजिस्ट डॉ. किरण कोएलो कहती हैं, 'एस्ट्रोजन हार्मोन ग्लूकोज लेवल को स्थिर रखता है। इस हार्मोन का स्तर कम होने पर शरीर में ग्लूकोज का संतुलन बिगड़ जाता है। साथ ही फैट भी ज्यादा जमा होने लगती है। इसके अलावा इससे पोलीसिस्टिक ओवरी सिंड्रोम, हाई बीपी और जेस्टेशनल डायबिटीज का रिस्क भी बढ़ जाता है। इसलिए रेग्युलर चेक-अप करवाना चाहिए और ओवरवेट होने से भी बचें।'

**हार्ट डिजीज:** मेनोपॉज से पहले, एस्ट्रोजन हार्मोन से शरीर में अच्छे कोलेस्ट्रॉल की मात्रा बढ़ती है, खराब कोलेस्ट्रॉल का लेवल कम होता है और हाई बीपी कंट्रोल होता है। लेकिन जब मेनोपॉज के कारण एस्ट्रोजन का लेवल कम होने लगता है तो हार्ट डिजीज का खतरा बढ़ जाता है। ऐसे में नियमित 30 मिनट की एक्सरसाइज, प्लांट बेस्ड डाइट लेना और स्मोकिंग से बचना जरूरी है।

**ईटिंग डिसऑर्डर:** इंटरनेशनल जर्नल ऑफ ईटिंग डिसऑर्डर्स में प्रकाशित अध्ययन के मुताबिक, मेनोपॉज के बाद महिलाओं में जो शारीरिक परिवर्तन आते हैं, उनसे ईटिंग डिसऑर्डर और नेगेटिव बॉडी इमेज की समस्या भी होती है। दरअसल, यह स्थिति सिर्फ शारीरिक ना होकर मानसिक और सामाजिक भी हो जाती है। महिलाओं के दिमाग में बेचैनी और उथल-पुथल होने लगती है। खुद को फिट और खूबसूरत दिखाने के लिए महिलाएं हेल्दी ईटिंग नहीं करतीं और डाइटिंग करने लगती हैं।




**यूरीनरी प्रॉब्लम्स:** स्त्री रोग विशेषज्ञ डॉक्टर स्मिता गुटगुटिया के अनुसार, 'मेनोपॉज के बाद यूरीनेशन पर कंट्रोल कम होने की समस्या कई महिलाओं को होती है। ऐसा एस्ट्रोजन का लेवल कम होने से यूरेथ्रा के पतले होने के कारण होता है। साथ ही एजिंग, नॉर्मल डिलीवरी आदि के कारण पेल्विक फ्लोर मसल्स कमजोर होने से भी ऐसा होता है। साथ ही इस उम्र में बार-बार यूरीनरी ट्रैक्ट इंफेक्शन भी होता है। इस समस्या से राहत के लिए कीगल एक्सरसाइज, पर्याप्त पानी पीना और गायनेकोलॉजिस्ट की सलाह से सावधानियां बरतना हेल्पफुल हो सकता है।'

---



सीजन बदलने के साथ इंटीरियर में भी चेंज करना जरूरी होता है। इन गर्मियों में अगर आप घर के लिए सुटेबल पर्दे (कर्टेंस) सेलेक्ट करें तो इससे इंटीरियर को अच्छा लुक तो मिलेगा ही, आपको कूल फीलिंग भी होगी।

# समर सीजन में कर्टेंस से दें
# घर को कूल-अट्रैक्टिव लुक



इंटीरियर / अनु आर.

गर्मियों में ऐसे पर्दे हमारे मन को सुकून देते हैं, जो लाइट-सॉफ्ट कलर के होते हैं। इसलिए इस दौरान अगर घर के पर्दों को मौसम के अनुकूल कर लिया जाए तो इससे गर्मी का सामना करने में थोड़ी आसानी हो जाती है।

**इसलिए जरूरी है पर्दे बदलना :** गर्मी के दिनों में अपने कमरे के पर्दों को बदलने के पीछे दो कारण हो सकते हैं। एक, गर्मी में कमरे को पूरी तरह से डार्क रखना चाहते हों या दूसरा, कमरे को बेहद लाइट कलर का करना चाहते हों। गर्मी में दोपहर के समय जब धूप अपने चरम पर होती है तो उस वक्त कमरे को डार्करूम लुक देना अच्छा लगता है। इससे आराम करते वक्त कमरे का वातावरण कूल और स्मूद रहता है। लेकिन शाम होते ही मन होता है कि सुहाने नजारे का लुत्फ उठाया जाए तो इसके लिए हल्के और पतले फैब्रिक वाले पर्दे का इस्तेमाल बेहतर लगता है। इसलिए गर्मी के मौसम में दो तरह के पर्दों का इस्तेमाल करना चाहिए। गहरे रंग के मोटे पर्दे के इस्तेमाल से जहां धूप से बचाव होता है, वहीं शाम के वक्त हल्के पर्दे से खिड़की से हवा आने से कमरे में ठंडक का एहसास होता है।



**कलर-डिजाइन का रखें ध्यान :** वैसे तो हैंडलूम के पर्दे दिखने में अच्छे लगते हैं लेकिन पसंद और बजट के अनुसार सिल्क के पर्दे ज्यादा ट्रेंडी लगते हैं। आंध्र प्रदेश के कलमकारी डिजाइन वाले पर्दे बेहद खूबसूरत लगते हैं और कमरे को ट्रेडिशनल लुक भी देते हैं। पर्दे के सेलेक्शन में घर की दीवारों के रंग का विशेष ख्याल रखना चाहिए। कमरे की दीवारें जरूरी नहीं कि एक ही रंग में हों। लेकिन दीवार के रंग से मैचिंग करता हुआ पर्दा ज्यादा अच्छा लगता है।

**हर रूम के लिए अलग पर्दा:** खिड़की पर लंबे पर्दे सुंदर लगते हैं। ड्रॉइंग रूम फॉर्मल होता है, इसलिए कोशिश करें कि यहां पर लगे पर्दे लाइट कलर के हों। इससे कमरा बड़ा और खुला-खुला लगता है। रॉयल सिल्क के पर्दे ड्रॉइंग रूम में अधिक जंचते हैं। बेड रूम में डार्क कलर्ड कर्टेंस आपके रोमांटिक मूड को बढ़ाते हैं। वैसे पिंक कलर बेडरूम के लिए सबसे परफेक्ट माना जाता है। आप चाहें तो प्रिंटेड कर्टेंस भी इस्तेमाल कर सकती हैं। बच्चों के कमरे में कॉर्टून कैरेक्टर की प्रिंट वाले पर्दे अच्छे और प्यारे लगते हैं। लेकिन यह ध्यान रखें कि गर्मी के हिसाब से कलर लाइट ही हों।

**चिक भी है अच्छा ऑप्शन :** अगर पर्दों के अलावा कुछ यूज करना चाहती हैं तो गर्मियों में इनकी जगह चिक का प्रयोग किया जा सकता है। लिविंग रूम और बरामदे के बीच चिक का इस्तेमाल सबसे बेहतर होता है। इससे हल्की रोशनी कमरे के अंदर आती रहती है और जब इच्छा हुई इसे रोल करके आसानी से समेट भी सकते हैं। चिक में प्रयुक्त बांस के कारण कमरे में गर्मी भी नहीं आएगी। चिक के बॉर्डर को फर्नीचर के साथ मैच किया जा सकता है।

**इससे निखरेगी खूबसूरती :** पर्दे या चिक सेलेक्शन के अलावा कुछ बातों का ध्यान रखकर आप इंटीरियर को और अट्रैक्टिव बना सकती हैं। मिसाल के तौर पर अगर सोफा के कवर या कुशन कवर पर गुजराती प्रिंट की फैब्रिक का इस्तेमाल किया गया है तो इसके बॉर्डर पर भी इसी का प्रयोग करना डेकोरेशन के लिहाज से परफेक्ट माना जाता है। इसके अलावा कुशन कवर के चारों ओर लगे पाइपिन या फिर चिक के बॉर्डर पर घुंघरू लगाकर कमरे की सुंदरता में चार चांद लगा सकती हैं। इसी तरह गोल्ड बॉर्डर, सिल्क बॉर्डर, एंटीक गोल्ड की कढ़ाई वाला चिक बॉर्डर आज के फैशन में काफी ट्रेंड में है। अगर आप क्रिएटिव हैं तो कटपीस का प्रयोग करके चिक के बॉर्डर के साथ कुशन कवर के बॉर्डर पर भी पैच वर्क कर डिजाइनर बना सकती हैं। इसके इस्तेमाल से कमरे को गर्मी में ठंडा और आकर्षक बनाया जा सकता है।

---

सजेशन
शीला श्रीवास्तव

अलग-अलग वजहों से हमें शिफ्टिंग करनी पड़ती है। ऐसे में आपके सभी सामान सुरक्षित रहें और नई जगह पर बिना परेशानी वो आसानी से मिल भी जाएं, इसके लिए शिफ्टिंग के दौरान कुछ बातों का ध्यान रखना जरूरी है।

# ऐसे करेंगी शिफ्टिंग
# नहीं होगी परेशानी





किराए का मकान बदलना हो या ट्रांसफर होने पर दूसरे शहर जाना पड़े, घर का सामान शिफ्ट करना बहुत बड़ा टास्क होता है। ऐसे में थोड़ी बहुत टूट-फूट हो ही जाती है। यही नहीं नियत जगह पहुंचने के बाद अकसर जरूरी चीजें समय पर नहीं मिल पाती हैं। इसकी वजह है कि शिफ्टिंग की प्लानिंग सही तरीके से नहीं की गई होती है। इसके लिए कुछ बातों का ध्यान रखना जरूरी है।

**लिस्ट बनाएं:** आप अपने साथ ले जाने वाले हर चीज की लिस्ट जरूर बना लें। क्योंकि जब आप शिफ्टिंग के लिए पैकर्स को बुलाती हैं तो वे फटाफट सामान पैक करते हैं और आखिरी में नंबर डालते हैं। इससे यह कंफ्यूजन होता है कि कौन-सी पैकिंग में कौन-सा सामान रखा है? इसलिए पैकर्स के साथ आप भी अपनी लिस्ट के अनुसार पैकिंग पर अपनी लिस्ट के अनुसार नंबर और उसमें बंद वस्तुओं का कोई कोड बनाकर लिख लें। इसके लिए जहां तक हो सके हर कमरे में सामानों का उचित समूह जमा दें और पैकर्स से कह दें कि सारी डिब्बे बंद हो जाने के बाद उन्हें उसी कमरे या कोने में छोड़ दें। उदाहरण के तौर पर कांच का सामान, किचन का सामान जब पैक हो जाए, तो आप उस पर अपनी लिस्ट के अनुसार संख्याएं डालकर, उसमें क्या रखा है, यह लिख लें।

**नाजुक सामान खुद पैक करें:** पैकर्स हर काम जल्दी-जल्दी करते हैं। इस वजह से नाजुक सामान अकसर उनके हाथों से टूट सकता है। किसी का दिया हुआ तोहफा, कांच के कीमती बर्तन, डिजाइनर शो-पीस जैसे सामान को पैकर्स से पैक करवाने के बजाय बबल रैप की मदद से खुद ही पैक करें। सामान को गाड़ी पर लोड करते समय भी ऐसे सामान सुरक्षित तरीके से रखवाएं ताकि टूट-फूट ना हो।

**यूजलेस सामान छोड़ दें :** घर का पुराना समान शिफ्टिंग से पहले छांट कर अलग कर लें। जो काम में नहीं आता उसे किसी जरूरतमंद को दे दें या बेच दें।

**भोजन सामग्री का रखें ध्यान:** सामान शिफ्टिंग में भोजन सामग्री के लीक होने की आशंका रहती है। अचार, घी, तेल आदि के फैलने या इनके जार टूटने का डर भी बना रहता है। ऐसे में पैकर्स के हवाले करने से पहले ही कांच के जार से इस तरह की सामग्री को प्लास्टिक के डिब्बे में शिफ्ट कर दें। इसके बाद डिब्बों को बंद करके उसके मुंह पर टेप लगा दें ताकि सामग्री बाहर न आ सके।

**इलेक्ट्रॉनिक्स सामान की केयर:** अकसर लोग इलेक्ट्रॉनिक सामान खरीदने के बाद उसके बॉक्स को फेंक देते हैं, ऐसा करना सही नहीं है। इलेक्ट्रॉनिक सामान जैसे टीवी, फ्रिज, वाशिंग मशीन, होम थिएटर, इंडक्शन आदि के वास्तविक पैकिंग वाले डिब्बे को संभाल कर रख लेना चाहिए। ये शिफ्टिंग के लिए की जाने वाली पैकिंग में बहुत काम आते हैं। कंपनी की पैकिंग वाले डिब्बे में सामान की सुरक्षा के सारे इंतजाम होते हैं। इसमें ये वस्तुएं पूरी तरह सुरक्षित रहती हैं।










हरिभूमि न्यूज ▶▶| रायपुर

जिला निर्वाचन अधिकारी एवं कलेक्टर डॉ. गौरव सिंह के मार्गदर्शन में सोमवार को होम वोटिंग की शुरुआत हुई, जो कि 01 मई तक चलेगी। सुबह कलेक्टर ने मतदाताओं दल को गुलाब फूल देकर शुभकामनाओं सहित रवाना किया। निर्वाचन आयोग के निर्देशानुसार जिले में 85 प्लस वरिष्ठ नागरिक एवं दिव्यांग मतदाता को चिन्हित किया गया है। जिनकी संख्या 622 है। इसमें बलौदाबाजार में 63, भाटापारा में 50, धरसींवा में 66, रायपुर ग्रामीण में 85, रायपुर नगर पश्चिम में 56, रायपुर नगर उत्तर में 45, रायपुर नगर दक्षिण में 67, आरंग में 60 और अभनपुर में 130 शामिल है।


## होम वोटिंग का पहला दिन

### बुजुर्गों, दिव्यांगजनों में दिखा उत्साह, निर्वाचन आयोग को दिया धन्यवाद

# घर जाकर कराया गया मतदान

01 मई तक चलेगी जिले में वोटिंग लोकसभा में 622 मतदाता करेंगे होम वोटिंग









## आमने/सामने

### मोदी राज में महंगाई, बेरोजगारी की विकास हुआ: सुरेंद्र वर्मा



प्रदेश कांग्रेस कमेटी के वरिष्ठ प्रवक्ता सुरेंद्र वर्मा ने कहा है कि मोदी राज में केवल महंगाई, बेरोजगारी और असमानता का विकास हुआ है। विगत 10 वर्षों में रोजगार की समस्या साल दर साल बढ़ती ही गई है। हाल ही में जारी सीएमआईई के आंकड़ों के अनुसार देश में 45 करोड़ से ज्यादा लोग ऐसे हैं जिन्होंने अब निराश होकर काम की तलाश ही छोड़ दी है, इनमें महिलाएं ज्यादा हैं।

### मोदी सरकार ने हर वर्ग के लिए किया काम संजय श्रीवास्तव



भाजपा नेता संजय श्रीवास्तव ने कहा, केंद्र की मोदी सरकार ने हर वर्ग के लिए काम किया है। कांग्रेस के पास कोई मुद्दा नहीं है, इसलिए कांग्रेस झूठ बोलकर जनता में भ्रम फैलाने का काम कर रही है। जनता अब कांग्रेस की किस भी बात में आने वाली नहीं है। जनता से मोदी सरकार के दस साल का काम देखा है। इस बार जनता उनके काम पर ही मतदान करने वाली है।

## राजनाथ का रोड-शो



**लखनऊ।** रक्षा मंत्री और भाजपा उम्मीदवार राजनाथ सिंह ने लखनऊ, यूपी में सोमवार को लोकसभा चुनाव के लिए अपना नामांकन दाखिल किया। इससे पहले रोड शो के दौरान, उनके साथ उत्तर प्रदेश के मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ, उत्तराखंड के मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह धामी विशेष रूप से मौजूद थे।

## अरुण गोविल की एक्स पर डिलीट पोस्ट ने मचाई खलबली




एजेंसी ▶▶| नई दिल्ली

भाजपा प्रत्याशी व पर्दे के राम अरुण गोविल चुनाव खत्म होते ही मुंबई के लिए रवाना हो गए हैं। भारतीय जनता पार्टी (भाजपा) ने अरुण गोविल को मेरठ-हापुड़ लोकसभा सीट से उम्मीदवार बनाया है। भाजपा के 'राम' के जाने से पूरे शहर में अरुण गोविल को लेकर चर्चा है। वहीं उनके मुंबई पहुंचते ही एक्स पर किए गए एक ट्वीट ने सियासी हलचल तेज कर दी है। हालांकि बाद में उन्होंने इसे डिलीट कर दिया था। अरुण ने ट्वीट किया था- ' जब किसी का दोहरा चरित्र सामने आता है तो उससे अधिक स्वयं पर क्रोध आता है कि हमने कैसे आंख बंद करके ऐसे इंसान पर भरोसा किया।' वहीं अरुण गोविल ने इस ट्वीट के जरिए क्या इशारा किया है, और बिना नाम लिए वह किस पर तंज कस रहे हैं, इस मामले में भाजपा नेता कुछ भी बोलने से बच रहे हैं। हालांकि विपक्ष ने इसको लेकर निशाना साधा है। विपक्ष के नेता भी पूछने लगे कि आखिर किस नेता का दोहरा चरित्र सामने आया है।

## ईरानी ने भी भरा नामांकन



अमेठी। केंद्रीय मंत्री और भाजपा उम्मीदवार स्मृति ईरानी ने सोमवार को लोकसभा चुनाव के लिए अपना नामांकन दाखिल किया। इससे पहले उन्होंने अमेठी में रोड शो भी किया, जिसमें उनके साथ मध्य प्रदेश के मुख्यमंत्री मोहन यादव भी विशेष रूप से मौजूद थे।

## छत्तीसगढ़ में 7 मई को होना है अंतिम चरण का मतदान

# 6 सीटें जहां 23 साल से हार रही कांग्रेस बड़े नेता भी नहीं लगा सके नैय्या पार

### कांग्रेस की सरकार बनी तब भी पार्टी को नहीं मिली जीत

विकास चौबे ▶▶| बिलासपुर

लोकसभा चुनाव के लिए छत्तीसगढ़ में अंतिम चरण का मतदान 7 मई को होना है। इस दिन बिलासपुर के साथ ही रायपुर, सरगुजा, रायगढ़, जांजगीर चांपा, कोरबा और दुर्ग सीटों पर वोटिंग होगी। इसमें से कई ऐसी सीटें हैं जहां राज्य गठन के बाद कांग्रेस कभी नहीं जीती। इनमें बिलासपुर, जांजगीर-चांपा, कांकेर, रायगढ़, रायपुर और सरगुजा लोकसभा सीट शामिल है। यह सीटें पिछले 23 साल से भाजपा का गढ़ बनी हुई हैं। प्रदेश में सरकार बनने के बाद भी कांग्रेस इसमें सेंध नहीं लगा सकी जबकि कांग्रेस के बड़े नेता इन सीटों पर चुनाव लड़ चुके हैं।



करुणा शुक्ला



डॉ चरणदास महंत



विष्णुदेव साय



रामपुकार सिंह



रमेश बैस



श्यामाचरण शुक्ला

**जांजगीर-चांपा**

राज्य गठन के बाद जांजगीर-चांपा लोकसभा सीट पर 2004 से 2019 तक भाजपा जीतती आ रही है। 2004 में इस लोकसभा सीट में बीजेपी की करुणा शुक्ला ने कांग्रेस के डॉ चरणदास महंत को 11329 मतों से हराया था। 2009 में बीजेपी की कमला देवी पटले ने कांग्रेस के डॉ. शिवकुमार डहरिया पर 87211 वोटों से जीत दर्ज की थी। 2014 में बीजेपी की कमला पटले ने कांग्रेस के प्रेमचंद जायसी 391978 वोटों से हार गए थे। इसी तरह 2019 में बीजेपी के गुहाराम अजगले ने कांग्रेस के रवि परसराम भारद्वाज को 83255 वोटों से मात दी थी।

**रायगढ़**

इस सीट पर 2004 से 2019 तक कांग्रेस को जीत नहीं मिल सकी है और भाजपा का कब्जा बरकरार है। 2004 में यहां से बीजेपी से विष्णुदेव साय ने कांग्रेस के रामपुकार सिंह को हराया, 2009 में साय फिर उम्मीदवार बने और कांग्रेस के हृदयराम राठिया से जीते। 2014 में फिर साय ने कांग्रेस की आरती सिंह को परास्त किया। 2019 में बीजेपी से गोमती साय ने कांग्रेस के लालजीत सिंह राठिया को 66027 वोटों से हराया।

**रायपुर**

रायपुर लोकसभा सीट पर 2004 से 2019 तक भाजपा को जीत मिलती रही है। में बीजेपी से रमेश बैस लगातार तीन चुनाव जीते। 2004 में उन्होंने कांग्रेस के श्यामाचरण शुक्ला को तो 2009 में भूपेश बघेल को, 2014 में सत्यनारायण शर्मा को शिकस्त दी। 2019 में बीजेपी के सुनील सोनी ने कांग्रेस के प्रमोद दुबे को मात दी थी।

**बिलासपुर**

राज्य गठन के बाद बिलासपुर लोकसभा सीट पर 2004 से 2019 तक बीजेपी का कब्जा रहा है। 2004 में बीजेपी से पुन्नलाल मोहले और कांग्रेस से बसंत पहरे चुनाव लड़े थे। पुन्नू लाल मोहले को 324729 वोट मिले जबकि बसंत पहरे 81553 वोटों से हार गए थे। 2009 में बीजेपी से दिलीप सिंह जूदेव और कांग्रेस से डॉ. रेणु जोगी ने चुनाव लड़ा था। इसमें दिलीप सिंह जूदेव को 347930 वोट मिले थे। डॉ. रेणु जोगी से उनकी जीत का मार्जिन 20139 था। 2014 में बीजेपी से लखनलाल साहू और कांग्रेस से करुणा शुक्ला खड़ी हुई थीं। लखनलाल साहू को 561387 वोट मिले थे। करुणा शुक्ला से उनकी जीत का मार्जिन 124359 था। इसी तरह 2019 में अरुण साव ने कांग्रेस के अटल श्रीवास्तव 141763 वोटों से हराया था।

**सरगुजा**

2004 में इस लोकसभा सीट में बीजेपी से नंद कुमार साय ने कांग्रेस से खेलसाय सिंह को 103452 से हराया। 2009 में बीजेपी से मुरारीलाल सिंह ने कांग्रेस के भानूप्रताप सिंह को 159548 से मात दी। 2014 में सरगुजा लोकसभा सीट में बीजेपी से कमलभान सिंह मरावी और कांग्रेस से रामदेव राम मैदान में थे। इस चुनाव में कमलभान ने रामदेव को 147236 से हराया। 2019 में बीजेपी की रेणुका सिंह ने कांग्रेस के खेलसाय सिंह को 157873 से परास्त किया।

**कांकेर**

कांकेर लोकसभा सीट पर 2004 से 2019 तक बीजेपी का कब्जा रहा। 2004 में बीजेपी से सोहन पोटई ने कांग्रेस के गंगा पोटई ठाकुर को 73626 वोटों से वहीं, 2009 में सोहन पोटई ने कांग्रेस की फूलो देवी नेताम को 19288 मतों से परास्त किया था। 2014 में बीजेपी के विक्रम देव उसेंडी ने फूलोदेवी नेताम को 35158 वोटों से मात दी। 2019 में बीजेपी से मोहन मंडावी ने बीरेश ठाकुर 6914 मतों से हराया।

### अमित शाह बोले- पीएम पद परचून की दुकान नहीं

## 'एक साल पवार और एक साल ममता, कुछ बचा तो राहुल'

एजेंसी ▶▶| नई दिल्ली



केंद्रीय गृह मंत्री अमित शाह ने इंडिया गठबंधन पर हमला करते हुए कहा, "इस देश ने 3 दशकों तक अस्थिरता की कीमत चुकाई, 3 दशकों तक अस्थिर सरकारें चलीं, लेकिन पिछले 10 सालों में देश को एक मजबूत नेतृत्व मिला है, देश को स्थिरता मिली है। अमित शाह ने इंडिया गठबंधन पर निशाना साधते हुए कहा कि अब अगर इंडी गठबंधन कहता है कि शरद पवार को एक साल के लिए प्रधानमंत्री चुना जाएगा, ममता जी को एक साल के लिए चुना जाएगा, स्टालिन को एक साल के लिए चुना जाएगा और कुछ बचेगा तो राहुल जी बन जाएंगे, इस तरह से देश नहीं चलता है। पीएम पद परचून की दुकान नहीं है।

### पीएम मोदी के खिलाफ याचिका खारिज

## दिल्ली हाईकोर्ट ने कहा 'चुनाव आयोग को आदेश नहीं दे सकते'

एजेंसी ▶▶| नई दिल्ली




दिल्ली हाई कोर्ट ने प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के खिलाफ दाखिल की गई एक याचिका खारिज कर दी है। इस याचिका में पीएम मोदी के 6 साल तक चुनाव लड़ने पर रोक की मांग की गई थी।

हाई कोर्ट ने याचिका खारिज करते हुए कहा है कि चुनाव आयोग को यह आदेश नहीं दे सकते कि वो कैसे काम करे। याचिकाकर्ता ने पीएम मोदी पर देवी देवताओं के नाम पर वोट मांगने का आरोप लगाया था। जस्टिस सचिन दत्ता ने कहा कि याचिका पूरी तरह से गलत है। कोर्ट ने चुनाव आयोग की उस दलील पर भी गौर किया जिसमे याचिकाकर्ता की अपील पर फैसला लेने की बात की गई थी।

### मायावती के भतीजे पर हिंसा भड़काने का केस

## आकाश आनंद के बोल 'बीजेपी वाले आएं तो चप्पल-जूते मारो'

एजेंसी ▶▶| सीतापुर



मायावती के भतीजे और बसपा के राष्ट्रीय कोआर्डिनेटर आकाश आनंद ने यूपी के सीतापुर में विवादित बयान दिया है। इसके बाद प्रशासन ने आकाश आनंद समेत 35 लोगों के खिलाफ हिंसा भड़काने के मामले में केस दर्ज कर लिया। बसपा की जनसभा में आकाश ने भाजपा की यूपी और केंद्र सरकार पर तीखे प्रहार किए। उन्होंने कहा, इनकी नीयत नहीं है। इनकी इच्छा नहीं है कि आप कभी रोजगार में आ जाओ। ऐसी सरकार जो कभी रोजगार नहीं देती पढ़ने नहीं देती। ऐसी सरकार का कोई हक नहीं आपके बीच आने का। ऐसे लोग अगर आपके बीच में जाएं तो वोट की जगह जूता और चप्पल मारने का काम करना।

### अटल बिहारी वाजपेयी, राजीव गांधी, चंद्रशेखर, वीपी सिंह, चौधरी चरण सिंह जैसे कई बड़े नाम

# दिल्ली में यूपीराज...देश को दिए सबसे ज्यादा 9 प्रधानमंत्री

*भारत का अगला प्रधानमंत्री कौन होगा, यह लोकसभा चुनाव 2024 के परिणाम तय करेंगे। देश के वर्तमान पीएम नरेंद्र मोदी को इस पद का प्रबल दावेदार माना जा रहा है। वह लोकसभा चुनाव 2024 के लिए एनडीए गठबंधन के पीएम फेस हैं। भारत देश का प्रधानमंत्री पद अब तक कुल 15 लोग संभाल चुके हैं, इनमें गुलजारी लाल नंदा भी शामिल हैं। उन्होंने दो बार बतौर एक्टिंग पीएम देश की कमान संभली। आइए आपको बताते हैं भारत के पीएम पद से जुड़े कुछ खास तथ्य।*

### पीवी नरसिम्हा राव दक्षिण से पहले तो मोदी लगातार दो टर्म पूरे करने वाले चौथे प्रधानमंत्री

हरिभूमि न्यूज ▶▶| नई दिल्ली



उत्तर प्रदेश ने देश को सबसे ज्यादा प्रधानमंत्री- देश के पहले पीएम जवाहर लाल नेहरू, दूसरे पीएम लाल बहादुर शास्त्री, तीसरी पीएम इंदिरा गांधी यूपी से चुनकर ही लोकसभा पहुंचे थे। देश के वर्तमान पीएम नरेंद्र मोदी वैसे तो गुजरात से संबंध रखते हैं लेकिन वह भी दोनों बार यूपी की वाराणसी लोकसभा सीट से ही चुनकर संसद पहुंचे हैं। यूपी ने भारत को अब तक कुल 9 प्रधानमंत्री दिए हैं, जिनमें राजीव गांधी, चंद्रशेखर, वीपी सिंह, अटल बिहारी वाजपेयी और चौधरी चरण सिंह शामिल हैं।

नेहरू गांधी परिवार से तीन प्रधानमंत्री- नेहरू गांधी परिवार ने अब तक देश को तीन प्रधानमंत्री दिए हैं। देश के पहले पीएम पंडित जवाहर लाल नेहरू लगातार तीन चुनाव जीतकर देश के पीएम बने। पंडित जवाहर लाल नेहरू की बेटी इंदिरा गांधी देश की तीसरी पीएम थीं। इंदिरा गांधी ने करीब 16 साल देश की कमान संभाली। इंदिरा गांधी की हत्या के बाद राजीव गांधी भारत के प्रधानमंत्री बने। वह पांच साल तक पीएम रहे। बतौर पीएम कार्यकाल पूरा करने वाले पहले गैर कांग्रेसी से अटल बिहारी वाजपेयी- बीजेपी नेता अटल बिहारी वाजपेयी ने कुल तीन बार देश की बागडोर संभाली। उनका पहला कार्यकाल महज 13 दिन का था, जो अब तक के प्रधानमंत्रियों में सबसे छोटा है। हालांकि अटल बिहारी वाजपेयी 1999 चुनाव के बाद जब तीसरी बार पीएम बने तो उन्होंने पांच साल का अपना कार्यकाल पूरा किया। वह बतौर पीएम कार्यकाल पूरा करने वाले पहले गैर कांग्रेसी पीएम थे।

**राव, मनमोहन पहले पीएम**

पीवी नरसिम्हा राव साउथ से पहले, मनमोहन सिंह एकमात्र सिख- पीएम पद तक पहुंचने वाले नेताओं में कांग्रेस पार्टी के पीवी नरसिम्हा राव भी शामिल हैं। पीवी नरसिम्हा राव जून 1991 में भारत के प्रधानमंत्री बने। उन्होंने पूरे पांच साल सरकार चलाई। वह दक्षिण भारत से संबंध रखने वाले देश के पहले पीएम थे। इसी तरह सरदार मनमोहन सिंह ने साल 2004 भारत के प्रधानमंत्री बने। उनके नेतृत्व में कांग्रेस पार्टी ने 2009 का लोकसभा चुनाव जीता। सिख समुदाय से संबंध रखने वाले वह पहले पीएम थे।

### क्या नरेंद्र मोदी लगातार तीसरी बार बनेंगे पीएम?

लगातार दस साल सरकार चलाने वाले पहले गैर कांग्रेसी पीएम नरेंद्र मोदी- नरेंद्र मोदी ने साल 2014 में पीएम पद की शपथ ली। इसके बाद वह साल 2019 में दोबारा भारत के प्रधानमंत्री बने। इससे पहले जवाहर लाल नेहरू, इंदिरा गांधी और मनमोहन सिंह ही ऐसे पीएम जो लगातार दस सा भारत के प्रधानमंत्री रहे। नरेंद्र मोदी यह उपलब्धि हासिल करने वाले देश के पहले गैर कांग्रेसी पीएम हैं।

# केंद्र और राज्यांश की धन राशि का सीमा से अधिक आहरण के लिए वित्त की अनुमति जरूरी

हरिभूमि न्यूज ⏭ रायपुर

राज्य सरकार के वित्त विभाग ने कहा भविष्य में केंद्रांश की प्राप्त राशि और राज्यांश का सीमा से अधिक आहरण वित्त विभाग की सहमति के बाद ही किया जाए। वित्त विभाग ने इस संबंध में सरकार के वरिष्ठ अधिकारियों सभी अपर मुख्य सचिव, प्रमुख सचिव,सचिव, विशेष सचिव स्वतंत्र प्रभार को निर्देश भेजा है। इसके साथ ही वित्त विभाग ने पीएफएमएस से संबंधित विभिन्न जानकारी जारी की है।

- वित्त विभाग ने पीएफएमएस के संबंध में दिए निर्देश

राज्य सरकार के सभी वरिष्ठ अधिकारियों के लिए जारी निर्देश में कहा गया है कि भारत सरकार के आदेशानुसार राज्य में केंद्र प्रवर्तित योजना के अंतर्गत भुगतान प्राप्त करने के लिए पीएफएमएस प्रणाली को लागू किया गया है। इस संबंध में कार्यक्रम के तहत विभिन्न बिंदुओं पर तय समय सीमा में कार्यवाही अपेक्षित रहती है। इस संबंध में नोडल कार्यालय, संचालनालय, संस्थागत वित्त, द्वारा अनेक स्मरण पत्र भी भेजे गए तथा समय समय पर सेमिनार द्वारा ट्रेनिंग के बाद भी उचित कार्यवाही समय सीमा में नहीं हो पा रही है।

### दिए हैं ये निर्देश

वित्त विभाग ने कहा है कि पीएफएमए के अंतर्गत राज्य प्रवर्तित योजनाओं की मैपिंग एवं मार्किंग की जानी है। ऐसी योजनाएं जिनकी मैपिंग एवं मार्किंग नहीं की जानी है उन्हें पीएफएमएस पोर्टल से हटाएं। वित्तीय वर्ष 2023-24 में बजट बुक में दिखने वाली 37 योजनाओं की मैपिंग एवं मार्किंग लंबित है। 6 योजनाओं की पीएफएमएस पोर्टल पर रजिस्ट्रेशन एवं मैपिंग हुई है। लेकिन एसएनए मार्किंग नहीं हुी है। इन योजनाओं का पीएफएमएस पोर्टल पर मार्किंग की कार्रवाई करने कहा गया है।

### वित्त की सहमति से हो आहरण

वित्त विभाग ने केंद्रांश की प्राप्त राशि के संबंध में कहा है कि ऐसा विदित हुआ है कि कुछ योजनाओं में बजट प्रावधान की सीमा के अंदर परंतु केंद्र से प्राप्त राशि से अधिक का आहरण कोषालय के माध्यम से हुआ है। विभागों से कहा गया है कि एसएनए प्रणाली के तहत कोषालय से आहरण तभी किया जाए जब केंद्र से राशि प्राप्त हो गई हो और राज्य का आहरण सही अनुपात की सीमा के अंतर्गत ही किया जाए। इसके लिए रिमेंबर्समेंट मोड में संचालित योजनाओं को भारत शासन द्वारा छूट प्रदान की गई है। केंद्रांश की प्राप्त राशि का सीमा से अधिक आहरण करने के संबंध में कहा गया है कि भविष्य में केंद्र की प्राप्त राशि एवं राज्यांश का सीमा से अधिक आहरण वित्त विभाग की सहमति के बाद ही किया जाए।

### केंद्र की राशि का आहरण 30 दिनों में

केंद्रांश की प्राप्त राशि को 30 दिनों के भीतर कोषालय से आहरण कर एसएनए खाते में जमा करने के संबंध में कहा गया है कि इस संबंध में फरवरी 2023 एवं अप्रैल 2023 में निर्देश दिया गया था। इस प्रणाली के तहत संचालित योजनाओं में केंद्रांश की प्राप्ति के 30 दिनों के भीतर राज्यांश के साथ कुल राशि का कोषालय से आहरण कर एसएनए खाते में जमा किया जाना है। केंद्र से प्राप्त राशि का आहरण प्राप्त दिनांक से 30 दिनों के भीतर न होने से केंद्रांश की राशि पर सात प्रतिशत ब्याज राज्य द्वारा केंद्र को देना होगा।

# 156 मतदान केंद्र निजी भवन में, प्रशासन को नहीं देना होगा किराया

## चुनाव में भागीदारी निभाते हुए सभी निजी भवनों को लोगों ने मतदान केंद्र बनाने निःशुल्क दिया

हरिभूमि न्यूज ⏭ रायपुर

लोकसभा चुनाव के लिए रायपुर जिले में 38 सहायक मतदान केंद्र सहित कुल 1907 मतदान केंद्र बनाए जा रहे हैं। इनमें 1751 मतदान केंद्र शासकीय भवनों को बनाया गया है, जबकि 156 प्राइवेट भवनों को मतदान केंद्र बनाया गया है।

प्राइवेट भवनों को मतदान केंद्र के लिए प्रशासन को अधिग्रहण करने की जरूरत नहीं पड़ी है, क्योंकि इन भवनों के लोगों ने प्रशासन के आग्रह पर चुनाव में अपनी भागीदारी निभाते हुए अपनी इच्छा से उनके भवनों को मतदान केंद्र बनाने की सहमति दी है। इस तरह ये सभी भवन बिना भाड़ा के प्रशासन को दिए गए हैं।

### 934 मतदान केंद्रों में वेबकास्टिंग

विधानसभा चुनाव 2023 की तरह लोकसभा चुनाव में भी मतदान केंद्रों में वेबकास्टिंग किया जाएगा। लोकसभा चुनाव में जिले में 934 मतदान केंद्रों में वेबकास्टिंग किया जाएगा।



### विधानसभा चुनाव में भी प्राइवेट भवनों को बनाया गया था मतदान केंद्र

विधानसभा चुनाव 2023 के दौरान भी जिले में 156 प्राइवेट भवनों को मतदान केंद्र बनाया गया था। उस समय भी इन भवनों का किराया नहीं लगा था। लोकसभा चुनाव में फिर इन प्राइवेट भवनों को मतदान केंद्र बनाया गया है।

### मतदाताओं की संख्या बढ़ने के कारण शासकीय भवनों की कमी

जिले में चुनाव के दौरान प्राइवेट भवनों को मतदान केंद्र बनाए जाने का कारण मतदाताओं की बढ़ती संख्या है। जिले में हर चुनाव में मतदाताओं की संख्या बढ़ रही है, जबकि शासकीय भवनों की संख्या उतनी है। एक बूथ में 15 सौ मतदाता की संख्या तय की गई है। 15 सौ एक भी ज्यादा मतदाता होने पर नया बूथ बनाए जाने के निर्देश दिए गए हैं। मतदाताओं की संख्या को देखते हुए मतदान केंद्र भी बढ़ाए जा रहे हैं। यहीं वजह है कि जिले में शासकीय भवनों के अलावा प्राइवेट भवनों को भी मतदान केंद्र बनाया गया है।

### शहर में 1144 व ग्रामीण क्षेत्र में 763 मतदान केंद्र

7 मई को होने वाले लोकसभा चुनाव के लिए जिले के सातों विधानसभा क्षेत्र में कुल 1907 मतदान केंद्र बनाए जाएंगे। इनमें 38 सहायक मतदान केंद्र शामिल है। कुल मतदान केंद्रों में शहर में 1144 एवं ग्रामीण क्षेत्रों में 763 मतदान केंद्र बनाए जा रहे हैं। इन सभी मतदान केंद्रों में मतदान के लिए तैयारियां जोर-शोर से की जा रही है।

## ग्रामीण क्षेत्रों में जागरूकता कम, दूरवर्ती जिलों में वेटिंग ज्यादा


# दान में मिली 292 आंखों से दूसरों की जिंदगी में हुआ उजाला, 184 अभी भी इंतजार में

विभिन्न माध्यमों से दान में मिली 292 आंखों से दूसरों की जिंदगी में उजाला फैलाने में स्वास्थ्य विभाग को सफलता मिली है। स्वास्थ्य विभाग के पास 184 पंजीकृत मरीज शेष हैं, जिन्हें दान में रोशनी मिलने का इंतजार है। ग्रामीण क्षेत्रों में नेत्रदान की महत्ता के प्रति जागरूकता की अधिक कमी है, जिसकी वजह से उन इलाकों में जरूरतमंद मरीजों की संख्या अधिक है।

हरिभूमि न्यूज ⏭ रायपुर

जानकारी के अनुसार वर्ष 2025 तक राज्य को कार्निया अंधत्व मुक्त करने का लक्ष्य रखा गया है। इसके लिए स्वास्थ्य विभाग योजना बनाकर काम कर रहा है। राज्य में अभी सात आई बैंक और चार कार्नियल ट्रांसप्लांट सेंटर काम कर रहे हैं, जहां दान में मिलने वाली आंखों को सुरक्षित रखने के साथ पंजीकृत मरीजों को कार्निया प्रत्यारोपित करने का काम किया जाता है। बीते वित्तीय वर्ष 2023-24 में स्वास्थ्य विभाग ने चार सौ कार्निया प्रत्यारोपण कर मरीजों की जिंदगी रोशन करने का लक्ष्य रखा था। पिछले साल स्वास्थ्य विभाग के पास कार्निया प्रत्यारोपण के लिए 476 मरीज प्रतीक्षारत थे, जिसकी तुलना में 292 नेत्र प्राप्त हुए, जिन्हें मरीजों को आवश्यकता के हिसाब से प्रत्यारोपित किया गया। सूत्रों के मुताबिक नेत्रदान के मामले में शहरी की तुलना में

- राज्य के सात आई बैंक, चार कार्नियल ट्रांसप्लांट सेंटर कर रहे काम



ग्रामीण इलाकों में जगरूकता कम है, जिसकी वजह से वहां कार्निया के जरूरतमंद मरीजों की संख्या अधिक है। वर्तमान में धमतरी और नारायणपुर जिले में प्रत्यारोपण के लिए पंजीकृत मरीजों की संख्या पचास से अधिक है।

### जागरूक करने की कोशिश

अंधत्व निवारण के संबंध में विभिन्न तरह के कार्यक्रम चलाए जा रहे हैं। नेत्रदान से दूसरों की जिंदगी को रोशन किया जा सकता है।

- डॉ. निधि अत्रीवाल, राज्य नोडल अधिकारी अंधत्व निवारण कार्यक्रम

### छह घंटे में प्राप्त करना जरूरी

नेत्र बैंक में रखे कार्निया को काफी समय तक प्रत्यारोपण के लिए सुरक्षित रखा जा सकता है। नेत्रदान की इच्छा रखने वाले की मृत्यु की जानकारी होने के छह घंटे के भीतर कार्निया निकालकर आई बैंक में रखना जरूरी होता है। ऐसा नहीं होने पर उसके खराब होने की आशंका होती है।

### कवर्धा देश का पहला बैकलाग फ्री जिला

स्वास्थ्य विभाग के अधिकारियों ने बताया कि केटरेक्ट ब्लाइंडनेस बैकलाग फ्री स्टेट के तहत देश में कवर्धा जिला ने मोतियाबिंद होने का दावा प्रस्तुत किया था। इसके अलावा राज्य के कुल 9 जिलों ने भी निर्धारित लक्ष्य हासिल करने का दावा प्रस्तुत किया है, जिसे केंद्र सरकार को भेजा जा चुका है। केंद्र सरकार द्वारा इसके लिए प्रमाणपत्र जारी किया जाएगा। इसके पूर्व उनके प्रतिनिधियों द्वारा संबंधित जिलों के दावों की जांच भी की जानी है।

### मोतियाबिंद की सर्जरी लक्ष्य से ज्यादा

स्वास्थ्य विभाग चार लाख से अधिक मोतियाबिंद की सर्जरी के मामले में लगातार सफलता अर्जित कर रहा है। बीते साल एक लाख ऑपरेशन के लक्ष्य की तुलना में 1 लाख 37 हजार 986 सर्जरी करने में सफलता पाई है। विभाग द्वारा अंधत्व निवारण कार्यक्रम के तहत साढ़े दस लाख से अधिक स्कूली बच्चों का नेत्र परीक्षण कर जरूरतमंदों को चश्मा वितरित किया गया है।

# ऑनलाइन होगा फार्मेसी काउंसिल का दफ्तर फार्मासिस्टों को चक्कर से मिलेगी मुक्ति

हरिभूमि न्यूज ⏭ रायपुर

फार्मेसी काउंसिल में पंजीयन के लिए दफ्तर के तीन से चार बार चक्कर लगाने से आने वाले दिनों में मुक्ति मिल जाएगी। कार्यालय का काम ऑनलाइन करने की प्रक्रिया अगले दो-तीन माह में पूरा करने की तैयारी की जा रही है। पंजीयन के साथ रिनीवल का काम मैनुअली होने की वजह से दूरवर्ती जिलों के फार्मासिस्टों को कई बार चक्कर लगाना पड़ता है।

फार्मेसी काउंसिल का काम अभी मैनुअली तरीके से होता है, जिसकी वजह से फार्मासिस्टों को अपने कामों के लिए यहां का कई बार चक्कर लगाना पड़ता है। ज्यादा परेशानी दूरवर्ती जिलों से आने वाले फार्मासिस्टों को होती है, इसे ध्यान में रखते हुए काउंसिल के पंजीयन, रिनीवल से संबंधित कार्यों को ऑनलाइन करने की योजना पर काम शुरू किया जा रहा है। अनुमान है कि आचार संहिता का काम पूरा होने के बाद इसकी शुरुआत की जाएगी।

- पंजीयन और रिनीवल के लिए तीन से चार बार आना पड़ता है फार्मेसी कार्यालय

इसके बाद नए पंजीयन के दौरान एक बार संबंधित शख्स को कार्यालय आना होगा, फिर सारा काम ऑनलाइन तरीके से पूरा कर लिया जाएगा। फार्मेसी काउंसिल के अभी 24 हजार से अधिक सदस्य हैं।

### हुआ पेंडिंग प्रकरणों का निपटारा

फार्मेसी काउंसिल में नए रजिस्ट्रार की नियुक्ति नहीं होने की वजह फार्मासिस्टों के पंजीयन और सदस्यता नवीनीकरण का काम अटक गया था। इसकी वजह से तीन से चार माह के भीतर तीन हजार आवेदन पेंडिंग हो गए थे। नए रजिस्ट्रार के आने पर इसका काम शुरू किया गया है और विभिन्न तरह की त्रुटियों के समाधान की वजह से करीब पांच सौ आवेदन पेंडिंग है, बाकी ढाई हजार प्रकरणों का निपटारा कर लिया गया है।

### फार्मासिस्टों का रीफ्रेशर कोर्स

फार्मेसी काउंसिल के रजिस्ट्रार अश्विनी गुर्देकर ने बताया कि फार्मासिस्टों को उनके कार्यों से संबंधित जानकारी देने के लिए जिलास्तर पर एक दिवसीय कार्यशाला का आयोजन फार्मेसी काउंसिल के माध्यम से किया जा रहा है। पिछले दिनों कार्यशाला कबीरधाम और गरियाबंद में पूरा किया गया है। अलग-अलग तिथियों में एक तरह के रीफ्रेशर कोर्स का आयोजन सभी जिलों में किया जाएगा।

### योजना बनाई गई

फार्मेसी काउंसिल के कार्यों को सुविधाजनक बनाने के लिए ऑनलाइन करने की योजना बनाई गई है। इससे विभिन्न कार्यों के लिए काउंसिल कार्यालय का चक्कर लगाने से सदस्यों को मुक्ति मिलेगी।

- अरुण मिश्रा, अध्यक्ष, छत्तीसगढ़ स्टेट फार्मेसी काउंसिल

# महतारी वंदन में 75 प्रतिशत को नहीं मिली राशिः बैज

**रायपुर।** प्रदेश कांग्रेस अध्यक्ष दीपक बैज ने आरोप लगाया है कि महतारी वंदन में 75 प्रतिशत महिलाओं को दूसरी किस्त की राशि अभी तक नहीं मिली है। वोट लेने के लिये मुख्यमंत्री तीसरी किस्त की राशि के संबंध बयान दे रहे हैं। कांग्रेस ने मांग की है कि सरकार बताए महतारी वंदन योजना की दूसरी किस्त कितने महिलाओं के खाते में डाला गया। जिन महिलाओं को पहली किस्त मिली थी उनमें से अधिकांश महिलाओं को अभी तक दूसरी किस्त नहीं मिली है। एक बयान में प्रदेश कांग्रेस अध्यक्ष ने कहा कि भाजपा सरकार पहली किस्त देने के बाद महिलाओं को दूसरी किस्त नहीं दे रही है। सरकार तीसरी किस्त देने का केवल बयानबाजी कर रही है। भाजपा की नीयत में खोट आ गया है, जब लोकसभा चुनाव के पहले महिलाओं के खाते में पैसा नहीं आ रहा तब लोकसभा चुनाव के बाद महतारी वंदन योजना बंद हो जायेगी इसकी गारंटी है। विष्णुदेव साय की सरकार ने साबित किया है कि झूठ, लफ़्फ़ाज़ी और वादाखिलाफी ही मोदी की गारंटी है।



इसे अभ्यर्थिता वापस लेने कि अंतिम तारीख के अगले दिन से मतदान की तारीख से दो दिन पहले तक समाचार पत्रों और टेलीविजन में प्रकाशित किया जाए।

फार्मेट सी-1
(समाचार पत्र, टीवी में प्रकाशन हेतु अभ्यर्थियों के लिए)

**अपराधिक मामलों के बारे में घोषणा**
(वर्ष 2011 की रिट याचिका (सिविल) सं. 536 में माननीय उच्चतम न्यायालय के दिनांक 25 सितम्बर 2018 के निर्णय के अनुसार)
(पब्लिक इंट्रेस्ट फाउंडेशन और अन्य बनाम भारत संघ और अन्य)

**अभ्यर्थी का नाम और पता** : **कमलेश जांगडे सा. मकान नं. 85 समलाई पारा मसनिया कला**
**राजनैतिक दल का नाम** : **भारतीय जनता पार्टी**
(निर्दलीय अभ्यर्थी यहां "निर्दलीय" लिखे)
**निर्वाचन का नाम** : **लोकसभा**
**निर्वाचन क्षेत्र का नाम** : **जांजगीर चांपा**
मैं कमलेश जांगडे (अभ्यर्थी क नाम), उपर्युक्त निर्वाचन के लिए अभ्यर्थी, सार्वजनिक सूचना हेतु अपने अपराधिक पूर्ववृत्त के बारे में निम्नलिखित विवरणों की घोषणा करता/ करती हूं।

| (क) | लंबित आपराधिक मामले | | | |
|---|---|---|---|---|
| क्र.सं. | न्यायालय का नाम | मामले की सं. एवं तारीख | मामले (मामलों) की स्थिति | संबंधित अधिनियमों की धारा (धाराएं) एवं अपराध (अपराधों) का सक्षिप्त विवरण |
| | निरंक | निरंक | निरंक | निरंक |
| | निरंक | निरंक | निरंक | निरंक |
| | निरंक | निरंक | निरंक | निरंक |

| (ख) | अपराधिक मामलों के लिए दोषसिद्वि के मामलों के संबंध में विवरण | | |
|---|---|---|---|
| क्र.सं. | न्यायालय का नाम एवं आदेश (शो) की तारीख (खे) | अपराध (अपराधों) और अधिरोपित दण्ड का विवरण | अधिकतम अधिरोपित दंड |
| | निरंक | निरंक | निरंक |
| | निरंक | निरंक | निरंक |
| | निरंक | निरंक | निरंक |

राज्य सभा के निर्वाचन या विधान सभा सदस्यों द्वारा, विधान परिषद के निर्वाचन के मामलें में, निर्वाचन क्षेत्र के नाम के स्थान पर संबंधित निर्वाचन का उल्लेख करें।

फार्मेट सी-2
(राजनैतिक दलों के लिए वेबसाइट, समाचार पत्रों/ टी.वी. में प्रकाशन हेतु)

**दल द्वारा खड़े किये गए अभ्यर्थियों के अपराधिक पूर्ववृत्त के बारे में घोषणा**
(वर्ष 2011 की रिट याचिका (सिविल) सं. 536 (पब्लिक इंटरेस्ट फाउंडेशन एवं अन्य बनाम भारत संघ एवं अन्य) में माननीय उच्चतम न्यायालय के दिनांक 25 सितम्बर 2018 के निर्णय के अनुसार)

**राजनैतिक दल का नाम** : **भारतीय जनता पार्टी**
**निर्वाचन का नाम** : **लोकसभा**
**राज्य/ संघ शासित क्षेत्र का नाम** : **छ.ग.**

| 1 | 2 | 3 | 4 | | 5 | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|
| क्र. सं. | निर्वाचन क्षेत्र का नाम | अभ्यर्थी का नाम | (क) लंबित अपराधिक मामले | | (ख) अपराधिक मामलों के लिए दोषसिद्वि कि विषय के संबंध में विवरण | | |
| | जांजगीर चांपा | कमलेश जांगडे | न्यायालय का नाम मामले की सं. एवं मामला (मामलों) की स्थिति | संबंधित अधिनियमों की धाराएं और अपराध (धो) का संक्षिप्त विवरण | न्यायालय का नाम एवं आदेश (शो) की तारीख (तारीखें) | अपराध (धो) और अधिरोपित दण्ड का विवरण | अधिकतम अधिरोपित दंड |
| | | | निरंक | निरंक | निरंक | निरंक | निरंक |
| | | | निरंक | निरंक | निरंक | निरंक | निरंक |
| | | | निरंक | निरंक | निरंक | निरंक | निरंक |
| | | | निरंक | निरंक | निरंक | निरंक | निरंक |

राज्य सभा के निर्वाचन अथवा विधान सभा सदस्यों द्वारा, विधान परिषद के निर्वाचन के मामलें में निर्वाचन क्षेत्र के नाम के स्थान पर संबंधित निर्वाचन का उल्लेख करें।

## राशिफल

**मेष** कार्यक्षेत्र में परिश्रम की अधिकता रहेगी। आय में व्यवधान आ सकते हैं, खर्चों में वृद्धि होगी। परिवार के साथ किसी धार्मिक स्थान की यात्रा पर जा सकते हैं।

**वृष** कार्यों के प्रति उत्साह रहेगा, परंतु बातचीत में संतुलित रहें। मन अशांत रहेगा, धर्म-कर्म के प्रति रूझान बढ़ेगा। खर्चों में वृद्धि होगी,स्वास्थ्य के प्रति सचेत रहें।

**मिथुन** अपनी भावनाओं को वश में रखें, आत्मविश्वास में कमी आएगी। क्रोध के अतिरेक से बचें, पारिवारिक जिम्मेदारी बढ़ सकती है।

**कर्क** आत्मविश्वास में कमी आएगी, शांत रहें। सुस्वाद खान-पान में रुचि बढ़ेगी,संचित धन में कमी आएगी, लेखनादि, बौद्धिक कार्यों से धर्नाजन हो सकता है।

**सिंह** पठन-पाठन में रुचि रहेगी, पारिवारिक जीवन सुखमय रहेगा। नौकरी में तरक्की के अवसर मिलेंगे, संपत्ति का विस्तार हो सकता है।

**कन्या** नौकरी में परिवर्तन के साथ दूसरे स्थान पर भी जाना पड़ सकता है। आयात-निर्यात कारोबार में लाभ के अवसर प्राप्त होंगे।

**तुला** आलस्य की अधिकता रहेगी, घर-परिवार की सुख सुविधाओं का विस्तार होगा। जीवन साथी से मनमुटाव हो सकता है। परिश्रम की अधिकता रहेगी।

**वृश्चिक** वाणी में कठोरता के भाव रहेंगे,वस्त्रों आदि के प्रति रूझान बढ़ेगा। तरक्की के मार्ग प्रशस्त होंगे। संचित धन में वृद्धि होने के योग बन रहे हैं।


**धनु** रहन-सहन में असहज रहेंगे, मीठे खान-पान की ओर रूझान बढ़ेगा। संपत्ति से आय में बढ़ोत्तरी हो सकती है, नौकरी में स्थान परिवर्तन संभव है।

**मकर** आत्मविश्वास से परिपूर्ण रहेंगे, अध्ययन में रूचि रहेगी। संपत्ति के रखरखाव पर खर्चे बढ़ सकते हैं। चिकित्सा कार्यों में खर्च बढ़ सकते हैं।

**कुंभ** परिवार के साथ किसी धार्मिक स्थान की यात्रा पर जाना हो सकता है। खान-पान के प्रति सचेत रहें, स्वास्थ्य में गड़बड़ी हो सकती है।

**मीन** रहन-सहन कष्टकारी हो सकता है, अफसरों का सहयोग मिलेगा। परिवार का भी सहयोग मिलेगा, वस्त्रों आदि पर खर्चों में वृद्धि हो सकती है।

## शब्द पहेली - 5497



**बाएँ से दाए-**
1.सुरक्षित-4
4.माहुर,आलता-4
7.कार्य,काज-2
8.रांझे की प्रेमिका-2
9.स्याही, कालिख-2
10.भूमि,धरा-2
12.ठाठ-बाट-2
14.अधर,होठ-2
16.विशाल,श्रेष्ठ-3
18.आदेश,आज्ञा-4
20.कृष्ण भक्त एक मुस्लिम कवि-4
23.काका की पत्नी-2
24.कामदेव की पत्नी-2
25.जनवासा,हरम-4
28.हमसफर-4
30.कपड़े धोने वाला-3
33.आनंद,मौज-2
35.संदेह-2
37.सरूर,खुमार-2
39.मृत्यु का देवता-2
41.पुण्य का विलोम-2
42.परछाई,छाया-2
43.शिव,रुद्र,शंकर-4
44.सराबोर,सना हुआ-4

**ऊपर से नीचे**
1.समान,एक जैसा-2
2.बारीक-3
3.भीगा हुआ-2
4.मेरा (संस्कृत-2)
5.पाना,प्राप्त-3
6.घोड़ागाड़ी,गाड़ी-2
7. कहवा-2
11.उद्देश्य-2
12.गजल लिखनेवाला-3
13.उस जगह-2
15.बारिश,वर्षा-3
16.जी,चित-2
17.मर्द,आदमी-2
18.दरवेश-3
19.मध्य प्रदेश का एक क्षेत्र-3
21.साजन,प्रेमी-3
22.मुलायम-3
26.कायदा,कानून-3
27.महोदय (अंग्रेजी)-2
28.अधिकार-2
29.खटखटाना-3
31.जगत,दुनिया-2
32.प्राण,जीव-2
34.स्वाद-3
35.प्रतिज्ञा-3
36.शरीर,तन-2
38.संध्या,सांझ-2
40.अपशिष्ट पदार्थ-2
41.मस्तूल,नौका पर बांधा जाने वाला कपड़ा-2
42.संग,संगत-2

### शब्द पहेली - 5496 का हल



## सूडोकु नवताल - 5508

★★★☆☆ मध्यम

| | | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| 9 | | 2 | | 4 | 1 | 7 | | |
| 1 | | | | | | 6 | | |
| 5 | 7 | 3 | 2 | | | | 4 | |
| | | | | 9 | 4 | 8 | | |
| 4 | | 7 | | | | 9 | | 6 |
| | | 5 | 8 | 3 | | | | |
| | 3 | | | | 6 | 5 | 9 | 1 |
| | | 6 | | | | | | 7 |
| | | 9 | 1 | 8 | | 2 | | 4 |

MANGAL SENACHA, BANGALORE

- प्रत्येक पंक्ति में 1 से 9 तक के अंक भरे जाने आवश्यक हैं.
- प्रत्येक आड़ी और खड़ी पंक्ति में एवं 3×3 के वर्ग में किसी भी अंक की पुनरावृत्ति न हो इसका विशेष ध्यान रखें.
- पहले से मौजूद अंकों को आप हटा नहीं सकते.
- पहेली का केवल एक ही हल है.

### सूडोकु नवताल - 5507 का हल

| | | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| 5 | 4 | 9 | 1 | 8 | 3 | 2 | 6 | 7 |
| 1 | 2 | 6 | 4 | 9 | 7 | 3 | 5 | 8 |
| 3 | 8 | 7 | 5 | 2 | 6 | 1 | 4 | 9 |
| 8 | 7 | 1 | 3 | 4 | 2 | 6 | 9 | 5 |
| 9 | 5 | 3 | 6 | 1 | 8 | 7 | 2 | 4 |
| 2 | 6 | 4 | 7 | 5 | 9 | 8 | 1 | 3 |
| 4 | 3 | 5 | 2 | 7 | 1 | 9 | 8 | 6 |
| 6 | 9 | 2 | 8 | 3 | 4 | 5 | 7 | 1 |
| 7 | 1 | 8 | 9 | 6 | 5 | 4 | 3 | 2 |

# सिंधू-लक्ष्य और प्रणय समेत सात बैडमिंटन खिलाड़ी ओलंपिक के लिए क्वालीफाई

## साई मीडिया ने एक्स पर पोस्ट कर दी जानकारी

एजेंसी ⏭ नई दिल्ली



भारत के सात बैडमिंटन खिलाड़ियों ने आगामी पेरिस ओलंपिक के लिए क्वालीफाई कर लिया है। ये सात खिलाड़ी चार अलग-अलग श्रेणी के हैं। साई मीडिया ने एक्स पर पोस्ट कर इसकी पुष्टि की है। इन सभी खिलाड़ियों ने रैंकिंग के आधार पर पेरिस ओलंपिक के लिए क्वालीफाई किया।

ओलंपिक इस साल 26 जुलाई से 11 अगस्त तक खेला जाएगा। इन सात खिलाड़ियों में से हाल में क्वालीफाई करने वाले खिलाड़ी एचएस प्रणय और लक्ष्य सेन हैं। इन दोनों ने पुरुष एकल वर्ग में बहुराष्ट्रीय टूर्नामेंट के लिए क्वालीफाई किया। वहीं, दो बार की ओलंपिक मेडलिस्ट भारत की स्टार शटलर पीवी सिंधू ने महिला एकल वर्ग में पेरिस ओलंपिक के लिए क्वालीफाई किया। वह इस वर्ग में भारत की अकेली प्रतिद्वंद्वी हैं। सिंधू ने 2016 रियो ओलंपिक में रजत पदक और 2021 टोक्यो ओलंपिक में कांस्य पदक जीता था। इससे पहले सात्विकसाइराज रंकीरेड्डी और चिराग शेट्टी पहले ही पुरुष युगल वर्ग में पेरिस ओलंपिक के लिए क्वालिफाई कर चुके हैं। दोनों की मौजूदा वर्ल्ड रैंकिंग तीन है। वहीं, महिला युगल में अश्विनी पोनप्पा और तनीशा क्रास्तो की जोड़ी ने ओलंपिक के लिए क्वालीफाई किया है। इन सातों खिलाड़ियों के हाथों में बैडमिंटन में भारत को पदक दिलाने की जिम्मेदारी होगी।

## थॉमस कप : भारत ने क्वार्टर फाइनल में बनाई जगह, इंग्लैंड को 5-0 से रौंदा



*चेंगडू। गत चैंपियन भारत ने इंग्लैंड को 5-0 से हराकर थॉमस कप बैडमिंटन के क्वार्टर फाइनल में प्रवेश कर लिया। भारत ने पहले मैच में थाईलैंड को 4-1 से हराया था। एच एच प्रणय ने हैरी हुआंग को 21-15, 21-15 से हराकर भारत को बढ़त दिलाई। सात्विक साइराज रंकीरेड्डी और चिराग शेट्टी की जोड़ी ने बेन लेन और सीन वेंडी को युगल मुकाबले में 21-17, 19-21, 21-15 से हराया। दुनिया के पूर्व नंबर एक खिलाड़ी किदाम्बी श्रीकांत ने नदीम दलवी को 21-16, 21-11 से हराकर भारत को 3-0 से बढ़त दिला दी। दूसरी युगल टीम एम आर अर्जुन और ध्रुव कपिला ने रोरी ईस्टन और एलेक्स ग्रीन को 21-17, 21-19 से हराया। आखिरी मैच में किरण जॉर्ज ने चोलान कायान को 21-18, 21-12 से मात दी। भारत का सामना आखिरी ग्रुप मैच में 14 बार के चैंपियन इंडोनेशिया से होगा।*

## आईपीएल पाइंट टेबल

| टीम | मैच | जीते | हारे | अंक |
|---|---|---|---|---|
| राजस्थान | 9 | 8 | 1 | 16 |
| कोलकाता | 8 | 5 | 3 | 10 |
| चेन्नई | 9 | 5 | 4 | 10 |
| हैदराबाद | 9 | 5 | 4 | 10 |
| लखनऊ | 9 | 5 | 4 | 10 |
| दिल्ली | 10 | 5 | 5 | 10 |
| गुजरात | 10 | 4 | 6 | 8 |
| पंजाब | 9 | 3 | 6 | 6 |
| मुंबई | 9 | 3 | 6 | 6 |
| बेंगलोर | 10 | 3 | 7 | 6 |

**ऑरेंज कैप**



विराट कोहली
500 रन
बेंगलोर

**पर्पल कैप**




जसप्रीत बुमराह
14 विकेट
मुंबई

**बाउंड्री मीटर**

1433 चौके

852 छक्के

## खबर संक्षेप



### हमेशा से बल्लेबाजों का खेल रहा है टी20

**चेन्नई।** सनराइजर्स हैदराबाद के कप्तान पैट कमिंस का मानना है कि टी20 प्रारूप हमेशा से बल्लेबाजों के अनुकूल रहा है और इंडियन प्रीमियर लीग के मौजूदा सत्र में तो यह एक कदम और आगे चला गया है। सनराइजर्स को चेन्नई सुपर किंग्स ने रविवार को 78 रन से हराया। आईपीएल के इस सत्र में छह बार 250 से अधिक का स्कोर बन चुका है और 200 रन बनाकर भी जीत की गारंटी नहीं है। इससे पहले आईपीएल के इतिहास में दो ही बार 250 से अधिक का स्कोर बना था।

### लाहौर, कराची, रावलपिंडी में होंगे चैंपियंस ट्रॉफी के मैच



**लाहौर।** पाकिस्तान क्रिकेट बोर्ड ने अगले साल चैंपियंस ट्रॉफी के लिए कराची, लाहौर और रावलपिंडी को चुना है। भारत की भागीदारी सुनिश्चित करने के लिए 'हाइब्रिड मॉडल' की अटकलों के बीच पीसीबी ने कहा है कि टूर्नामेंट पाकिस्तान में ही होगा। पिछली बार इंग्लैंड में 2017 में हुई चैंपियंस ट्रॉफी अगले साल फरवरी मार्च में हो सकती है। भारत ने अभी तक अपनी भागीदारी की पुष्टि नहीं की है और ऐसी अटकलें हैं कि आईसीसी हाइब्रिड मॉडल का उपयोग करके भारत के मैच तटस्थ स्थान पर करा सकता है, अगर भारतीय टीम को सरकार से यात्रा की मंजूरी नहीं मिलती है तो। आईसीसी ने साफ तौर पर कहा है कि वह किसी सदस्य देश को उसकी सरकारी नीति का उल्लंघन करने को नहीं कहेगा। पिछले साल एशिया कप का आयोजन भी हाइब्रिड मॉडल पर किया गया था।

**आईपीएल : मैच का प्रसारण आज शाम 7.30 बजे**

# भारतीय टीम के चयन से पहले लखनऊ और मुंबई के मुकाबले में नजरें राहुल पर

एजेंसी ⏭ लखनऊ

टी20 विश्व कप के लिए भारतीय टीम के चयन से पहले केएल राहुल के लिए दूसरे विकेटकीपर के रूप में चयन का दावा पुख्ता करने का एक और मौका होगा जब उनकी कप्तानी वाली लखनऊ सुपर जाइंट्स इंडियन प्रीमियर लीग के मैच में मंगलवार को मुंबई इंडियंस से खेलेगी।

टी20 क्रिकेट में राहुल का स्ट्राइक रेट चिंता का सबब रहा है। पावरप्ले में फील्डिंग पाबंदियों के बावजूद राहुल आईपीएल में धीमी शुरुआत करते आए हैं। उन्होंने हालांकि इस सत्र में इसमें बदलाव किया। अभी तक वह 2024 सत्र में 144.27 की औसत से 378 रन बना चुके हैं। वैसे ऋषभ पंत का स्ट्राइक रेट 160.60 और संजू सैमसन का 161.08 रहा है।

### आक्रामक खेलना होगा

पंत की जगह टी20 विश्व कप टीम में लगभग पक्की है चूंकि विकेटकीपिंग और बल्लेबाजी दोनों में उन्होंने शानदार प्रदर्शन किया है। वहीं राजस्थान रॉयल्स के लिए आक्रामक पारियां खेलकर संजू ने भी अपना दावा मजबूती से रखा है। ऐसे में राहुल को अधिक आक्रामक खेलना होगा ताकि उनकी टीम बड़ा स्कोर बना सके और वह भी अपना दावा मजबूत कर सकें। लखनऊ को पिछले मैच में राजस्थान रॉयल्स ने सात विकेट से हराया था। अब क्विंटोन डिकॉक, मार्कस स्टोइनिस और निकोलस पूरन पर तेजी से रन बनाने की जिम्मेदारी होगी।





### मुंबई के गेंदबाज फेल

लखनऊ के सामने मुंबई का गेंदबाजी आक्रमण है जिसे दिल्ली कैपिटल्स के बल्लेबाजों ने रविवार को मैदान के चारों ओर धुना था। युवा जैक फ्रेसर मैकगुर्क के स्ट्रोक्स का मुंबई के गेंदबाजों के पास कोई जवाब नहीं था। जसप्रीत बुमराह जैसे विश्व स्तरीय गेंदबाज ने भी 19 रन पहले ओवर में दे डाले। ल्यूक वुड और हार्दिक पंड्या तो काफी महंगे साबित हुए।

### पंड्या पर बढ़ा दबाव

मुंबई की टीम अंकतालिका में नौवे स्थान पर है और प्लेआफ की दौड़ में बने रहने के लिए उसे सारे मैच जीतने होंगे। भारतीय कप्तान रोहित शर्मा और टी20 में नंबर एक बल्लेबाज सूर्यकुमार यादव से उम्दा पारियों की उम्मीद होगी। इस सत्र में बल्ले और गेंद दोनों से नाकाम रहे हार्दिक को विश्व कप टीम में जगह बनाने के लिए अच्छा प्रदर्शन करना होगा।

### टीमें इस प्रकार हैं

**लखनऊ सुपर जाइंट्स:** केएल राहुल (कप्तान), क्विंटन डिकॉक, निकोलस पूरन, आयुष बदोनी, काइल मेयर्स, मार्कस स्टोइनिस, दीपक हुडा, देवदत्त पडिक्कल, रवि बिश्नोई, नवीन उल हक, क्रुणाल पंड्या, युद्धवीर सिंह, प्रेरक मांकड़, यश ठाकुर, अमित मिश्रा, शमर जोसेफ, मयंक यादव, मोहसिन खान, के गौतम, शिवम मावी, अर्शिन कुलकर्णी, एम सिद्धार्थ, एश्टन टर्नर, मैट हेनरी, मोहम्मद अरशद खान।

**मुंबई इंडियंस :** हार्दिक पंड्या (कप्तान), रोहित शर्मा, सूर्यकुमार यादव, डेवाल्ड ब्रेविस, जसप्रीत बुमराह, पीयूष चावला, जेराल्ड कोएत्ज़ी, टिम डेविड, श्रेयस गोपाल, ईशान किशन (विकेटकीपर), अंशुल कंबोज, कुमार कार्तिकेय, आकाश मधवाल, क्वेना मफाका , मोहम्मद नबी, शम्स मुलानी, नमन धीर, शिवालिक शर्मा, रोमारियो शेफर्ड, अर्जुन तेंदुलकर, नुवान तुषारा, तिलक वर्मा, विष्णु विनोद, नेहल वढेरा, ल्यूक वुड।

**प्लेऑफ के करीब पहुंची केकेआर**

## दिल्ली को सीजन में दूसरी बार हराया, 16.3 ओवर में टारगेट चेज

**कोलकाता।** कोलकाता नाइटराइडर्स ने दिल्ली कैपिटल्स को आईपीएल के मौजूदा सीजन में दूसरी बार हरा दिया। टॉस जीतकर पहले बल्लेबाजी करते हुए ऋषभ पंत की टीम नौ विकेट खोकर 153 रन ही बना पाई। जवाब में श्रेयस अय्यर की टीम ने 16.3 ओवर में ही टारगेट चेज कर लिया। काताः वरुण चक्रवर्ती की अगुआई में गेंदबाजों के उम्दा प्रदर्शन के बाद फिल साल्ट के शानदार अर्धशतक के बूते कोलकाता नाइटराइडर्स ने दिल्ली कैपिटल्स को एकतरफा मुकाबले में हरा दिया। ईडन गार्डंस में टॉस जीतकर पहले बल्लेबाजी करते हुए दिल्ली कैपिटल्स नौ विकेट खोकर सिर्फ 153 रन ही बना पाई। बाद में कोलकाता ने इस लक्ष्य को 21 गेंद पहले सात विकेट रहते हासिल कर लिया। कप्तान श्रेयस अय्यर 23 गेंद में 33 रन तो वेंकटेश अय्यर 23 गेंद में 26 रन बनाकर नाबाद लौटे। कोलकाता की जीत का क्रेडिट उसके गेंदबाजों का जाता है, जिन्होंने दिल्ली को घुटनों पर ला दिया।

### प्लेऑफ के करीब-

इस जीत के साथ कोलकाता नाइटराइडर्स ने दो अहम पॉइंट्स हासिल किए। अब केकेआर के पास नौ मैच में छह जीत के साथ 12 पॉइंट्स हो चुके हैं, उसका नेट रनरेट भी बढ़िया है। ऐसे में अब बचे पांच मैच में दो जीत भी उसे प्लेऑफ का टिकट दिला देगी। अन्य टीमों के कोलकाता की स्थिति काफी बेहतर है। दूसरी ओर दिल्ली कैपिटल्स 11 मैच में छठी हार के साथ 10 नंबर पर ही अटकी है।



### फिल साल्ट की चौथी फिफ्टी-

शानदार फॉर्म में चल रहे इंग्लिश ओपनर फिल साल्ट ने हर मैच की तरह इस मुकाबले में भी केकेआर को जोरदार शुरुआत दिलाई। सुनील नरेन के साथ मिलकर 6.1 ओवर में 79 रन जोड़े। गेंदबाजी में सिर्फ 24 रन देकर एक विकेट लेने वाले सुनील नरेन भले ही इस मैच में 10 गेंद में 15 रन बनाकर आउट हो गए, लेकिन फिल साल्ट की पिटाई जारी रही। दाएं हाथ के इस बल्लेबाज ने सीजन का चौथा अर्धशतक जमाया। वह सिर्फ 33 गेंद में 68 रन बनाकर आउट हुए। अक्षर पटेल ने उन्हें नौवें ओवर में क्लीन बोल्ड किया, लेकिन तब तक केकेआर का स्कोर 96 रन हो चुका था।

### वरुण चक्रवर्ती ने चटकाएं तीन विकेट-

मिस्ट्री स्पिनर वरुण चक्रवर्ती भले ही इस सीजन बेरंग नजर आए हो, लेकिन दिल्ली कैपिटल्स के खिलाफ जीत में उन्होंने अहम किरदार निभाया। चार ओवर के कोटा में सिर्फ 16 रन देते हुए तीन अहम विकेट झटके। चक्रवर्ती ने दिल्ली के कप्तान ऋषभ पंत को 27 रन, पिछले मैच के हीरो रहे ट्रिस्टन स्टब्स को चार रन और 7.2 करोड़ में खरीदे गए युवा विस्फोटक बल्लेबाज कुमार कुशाग्र को सिर्फ एक रन पर निपटा दिया।

## टी20 विश्व कप : न्यूजीलैंड टीम का ऐलान, विलियमसन को कमान

एजेंसी ⏭ आकलैंड

केन विलियमसन चौथी बार टी20 विश्व कप में न्यूजीलैंड की कमान संभालेंगे। अंगूठे की चोट से उबर रहे सलामी बल्लेबाज डेवोन कोंवे को भी जून में अमेरिका और वेस्टइंडीज में होने वाले टूर्नामेंट के लिए 15 सदस्यीय टीम में शामिल किया गया है।

कोंवे अंगूठे की चोट के कारण इंडियन प्रीमियर लीग से बाहर हैं। टीम में गेंदबाज मैट हेनरी और बल्लेबाजी हरफनमौला रचिन रविंद्र ही दो खिलाड़ी हैं जो पहले टी20 विश्व कप नहीं खेले हैं। विलियमसन छठी बार टी20 विश्व कप खेलेंगे। वहीं टिम साउदी का यह सातवां टी20 विश्व कप होगा। न्यूजीलैंड क्रिकेट के केंद्रीय अनुबंध से बाहर रहने वाले ट्रेंट बोल्ट को पांचवीं बार टी20 विश्व कप टीम में जगह मिली है।



**न्यूजीलैंड टीम :** केन विलियमसन (कप्तान), फिन एलेन, ट्रेंट बोल्ट, मिशेल ब्रेसवेल, मार्क चैपमैन, डेवोन कोंवे, लॉकी फर्ग्युसन , मैट हेनरी, डेरिल मिचेल, जिम्मी नीशाम, ग्लेन फिलिप्स, रचिन रविंद्र, मिचेल सेंटनेर, ईश सोढी, टिम साउदी। बेन सीयर्स (रिजर्व)।

### बृजेश, सागर और सुमित के पदक पक्के



*अस्ताना। भारत के बृजेश तामता, सागर जाखड़ और सुमित ने एशियाई अंडर 22 और युवा मुक्केबाजी चैंपियनशिप के सेमीफाइनल में प्रवेश करके पदक पक्के कर लिए। बृजेश (48 किलो) ने उजबेकिस्तान के साबिरोव सैफिद्दीन को हराया। दोनों मुक्केबाजों ने एक एक दौर जीता लेकिन तीसरे दौर में भारतीय मुक्केबाज ने 4-3 से जीत दर्ज की। सागर (60 किलो) और सुमित (67 किलो) ने क्रमशः थाईलैंड के कलासीरम टी और कोरिया के होंग सियो जिन को 5-0 से हराया। जितेश को 54 किलोवर्ग में कजाखस्तान के टी नूरासिल ने 5-0 से मात दी।*

### सेंथिल कुमार ने जीता बाश ओपन स्क्वाश



**पेरिस।** भारत के वेलावन सेंथिल कुमार ने बाश ओपन चैलेंजर टूर्नामेंट जीत लिया है जो प्रोफेशनल स्क्वाश एसोसिएशन टूर पर उनका आठवां खिताब है। दुनिया के 58वें नंबर के खिलाड़ी सेंथिल कुमार ने फ्रांस के मेलविल स्कियानिमानिको को 11-6, 11-9, 11-6 से हराया। सेंथिल ने जीत के बाद कहा, 'मेलविल ने बेहतरीन खेल दिखाया। मुझे शुरू ही से सर्वश्रेष्ठ प्रदर्शन करना पड़ा और मुझे खुशी है कि मैं ऐसा कर सका।'

**दो साल के कार्यकाल में होने हैं तीन बड़े टूर्नामेंट**

# आईसीसी ट्रॉफी जीतना है कर्स्टन का लक्ष्य

एजेंसी ⏭ कराची

पाकिस्तान के नवनियुक्त मुख्य कोच गैरी कर्स्टन ने राष्ट्रीय क्रिकेट टीम के लिए एक सामान्य लक्ष्य रखा है कि उसे अगले तीन साल में अंतरराष्ट्रीय क्रिकेट परिषद के तीन टूर्नामेंटों में से कम से कम एक ट्रॉफी जीतनी होगी।

अब और 2026 के बीच होने वाली प्रमुख प्रतियोगिताओं में 2024 (अमेरिका और वेस्टइंडीज) और 2026 (भारत) में दो टी20 विश्व कप के साथ-साथ 2025 एकदिवसीय चैंपियंस ट्रॉफी भी शामिल है जिसकी मेजबानी पाकिस्तान करेगा। भारत की विश्व कप विजेता टीम के मुख्य कोच रह चुके कर्स्टन चाहते हैं कि बाबर आजम और उनकी टीम कम से कम एक टूर्नामेंट जीते। वर्तमान में आईपीएल टीम गुजरात टाइटंस के मार्गदर्शक कर्स्टन को रविवार को वनडे और टी20 अंतरराष्ट्रीय के लिए पाकिस्तान का मुख्य कोच नियुक्त किया गया। दक्षिण अफ्रीका के पूर्व बल्लेबाज कर्स्टन के पाकिस्तान के इंग्लैंड दौरे से पहले 22 मई से अपनी नई जिम्मेदारी संभालने की उम्मीद है।



कर्स्टन से उनके कार्यकाल के दौरान उनके लक्ष्यों के बारे में पूछा गया तो उन्होंने पाकिस्तान क्रिकेट बोर्ड के पॉडकास्ट में कहा, 'अगर आप उन तीन आईसीसी प्रतियोगिताओं में से एक जीत सकते हैं तो यह एक शानदार उपलब्धि होगी, चाहे वह आगामी प्रतियोगिता हो या अब से दो साल बाद।'

### ऐसा बनने की कोशिश मत करो जो तुम नहीं हो

**लाहौर।** पाकिस्तान के नए मुख्य कोच जेसन गिलेस्पी जेसन गिलेस्पी चाहते हैं कि उनके 'प्रतिभाशाली' खिलाड़ी 'वास्तविक' बने रहें और किसी विशिष्ट पद्धति के अनुरुप अपने खेल में बदलाव नहीं करें। उनका कहना है कि टेस्ट क्रिकेट में आगे बढ़ने के लिए उन्हें केवल सकारात्मक और आक्रामक रहने की जरूरत है। पाकिस्तान ने रविवार को ऑस्ट्रेलिया के पूर्व तेज गेंदबाज गिलेस्पी को पुरुष टेस्ट टीम का कोच नियुक्त किया जबकि सफेद गेंद के प्रारूप में कोच की भूमिका दक्षिण अफ्रीका के पूर्व बल्लेबाज गैरी कर्स्टन को सौंपी गई है।


## हरिभूमि पाठक पुरस्कार योजना 2023 के सांत्वना पुरस्कार विजेताओं के नाम

**पाठक पुरस्कार योजना बिलासपुर लोकल**– 1. विजय मसीह मदरसा मिरजा गली तालापारा, 2. प्रकाश सिंह ठाकुर, चांटापारा बिलासपुर 3. हरेश मनचंदा तीर्थानी गली नया सरकण्डा, 4. सामलक्ष्मी पटेल कौड़िया , सीपत, 5. अनुराधा सिंह गंगानगर मंगला रोड सेक्टर – 1, 6. मांजेस डेनियल तारबहार इंदिरा कालोनी 7. सुनीता कौशिक तिफरा बिलासपुर, 8. गोर्वधन दास मानिकपुरी कृष्णा नगर जूना बिलासपुर 9. संदीप सिंह यादव अमेरी बिलासपुर 10. अंकित खाण्डेकर पडरीया रोड टिकरीपारा 11. उषा तिवारी प्रायमरी स्कूल के सामने मेन रोड मंगला 12. कौशल किशोर तिवारी सीएसआईसी कालोनी तहसीलदार गली, दुर्गा पण्डाल के पीछे, हेमुनगर 13. आशुतोष शर्मा सूर्या चौक चिंगराजपारा 14. बी. बी. नाजनीन आदर्श नगर , सिरगिट्टी पानी टंकी गली अन्दर 15. ममता पटेल सरयू विहार लोयोला स्कूल 16. श्रीमति निशा चतुर्वेदी मां विनगर 17. जे.वेंकट श्रीराम मूर्ति केडिया हाउस के पीछे हेमूनगर 18. सूरज साहू सांई नगर उस्लापुर 19. मौलश्री पिल्लैई 5/14, तुलसी आवास राजकिशोरनगर 20. श्रीमति देवकी वर्मा श्रीकृष्णा विहार साइंस कालेज रोड चांटीडीह 21. फिरीत पटेल जागृति हा.से.स्कूल मंगला 22. अनुज राम उरॉव 9/1007, भारतीय नगर 23. सुश्री शीतल यादव भारतीय नगर रेल्वे लाईन के पास वार्ड –24, 24. उज्जवल मण्डल एल.आई.जी. – 725, दिनदयाल मंगला 25. देवी सिंह ठाकुर 27 खोली भूतपर्व विधायक के घर पीछे नियर हनुमान मंदिर 26 महेन्द्र कौशिक परसदा भरनी 27. विजय लक्ष्मी सूर्यवंशी राजीव गांधी मंझवापारा **पाठक पुरस्कार योजना बिलासपुर आउटर** 1. निखिल गुप्ता धनियाडोली लोरमी 2. धर्मेन्द्र सिंह राजपूत चारभाठा , पो.आ.– कोदवा बानी 3 ललित नारायण जायसवाल चकरभट्ठा, मुंगेली 4. श्रीमति दीपा दुबे मेन रोड जरौंधा 5. श्री संतोष साहू मेन रोड जरौंधा, **पाठक पुरस्कार योजना अंबिकापुर** 1 रविन्द्र जायसवाल हसुली सरगुजा 2 शिवराज राजवाड़े हाउसिंग बोर्ड नमनाकला अंबिकापुर 3 संजय कुमार गुप्ता महुआपारा अंबिकापुर 4. एस. एन. यादव फुनुरडीहारी महुआपारा नगर पालिका निगम अंबिकापुर 5. नीलम पाण्डेय डी.सी.रोड बुक कार्नर के सामने अंबिकापुर **पाठक पुरस्कार योजना जांजगीर** 1 शौर्य अग्रवाल जांजगीर 2 दिनेश कुमार यादव शुकुलपारा खरौद, पामगढ़ 3 प्रीति यादव नैला जांजगीर 4 शौर्य कश्यप जांजगीर **पाठक पुरस्कार योजना कोरबा** 1. संजय कुमार पटेल सण्डेल सरगबुदिंया 2. कलीराम लाटा जमनीपाली कोरबा 3. कल्पना पाण्डेय राताखार बजरंग चौक संतोषी मंदिर कोरबा 4. चूड़ामणी पोद्दार रानी रोड कोरबा 5. अशोक कुमार कुर्रे मकान नं. – 723/3 इंदिरा नगर जमनीपाली कोरबा 6 मनोज कुमार प्रेमनगर भैरोताल कुसमुण्डा **पाठक पुरस्कार योजना रायगढ़** 1. किर्ती देवी राठौर घघरा खरसिया 2 सदानंद बारिक तमनार , रायगढ़ 3. आकाश पटेल धनियागांव , बरमकेला रायगढ़।


सांत्वना पुरस्कार की सूची अगले अंक में देखें

29- APR- COR- MAIN- Pg- 12 SARA SANSAR_Layout 1 4/29/2024 10:29 PM Page 1






# चंद्रमा की भूवैज्ञानिक हिस्से से टूटी थी 'कामो ओलेवा' चट्टान

एजेंसी ▸▸| न्यूयार्क

चांद पर रहस्यमयी गड्ढों (क्रेटर) को लेकर कई तरह के दावे किए जाते हैं। अब वैज्ञानिकों ने चंद्रमा पर एक क्रेटर के निर्माण को लेकर बड़ा दावा किया है। उनका कहना है कि इसके निर्माण में एक अनोखे क्षुद्रग्रह का हाथ है। यह क्षुद्रग्रह वर्तमान समय में सूर्य की परिक्रमा कर रहा है। हालांकि, यह कभी भी चंद्रमा से टकराया नहीं है। वैज्ञानिकों ने एक नए अध्ययन में माना है कि चंद्रमा पर बने इस क्रेटर के निर्माण के लिए एक चट्टान जिम्मेदार है। बीते कई सालों से यह रहस्य बनी हुई थी।

## अंतरिक्ष में घूम रही रहस्यमयी चट्टान को लेकर चौंकाने वाला खुलासा

### क्षुद्रग्रह का नाम रखा था कामो' ओलेवा

वैज्ञानिक पहले मान रहे थे कि यह क्षुद्रग्रह सौरमंडल के बाहर से आया होगा। अब उन्होंने कहा कि चंद्रमा पर उस क्रेटर का निर्माण इसी क्षुद्रग्रह की वजह से हुआ था। वर्ष 2016 में वैज्ञानिकों ने अंतरिक्ष में एक रहस्यमयी चट्टान की खोज की थी, जिसका व्यास 130 से 328 फीट के बीच था। वैज्ञानिकों ने इस क्षुद्रग्रह का नाम कामो ओलेवा रखा था। सिंघुआ विश्वविद्यालय के खगोलशास्त्री यिफेई जिओ के नेतृत्व में शोधकर्ताओं की टीम ने एक संकेत दिया है। इसके मुताबिक, चंद्रमा की एक भूवैज्ञानिक हिस्से से यह चट्टान टूटी थी। इसे जियोर्डानो ब्रूनो क्रेटर के रूप में जाना जाता है। वैज्ञानिकों ने इस क्रेटर का नाम 16वीं सदी के इतालवी ब्रह्मांड संबंधी सिद्धांतकार के नाम पर रखा था।



### एक करोड़ साल पहले अलग होने का अनुमान

शोधकर्ताओं ने कहा कि यह चट्टानी टुकड़ा कभी चंद्रमा का हिस्सा रहा होगा। स्पेक्ट्रम विश्लेषण के मुताबिक, यह चट्टान चंद्रमा की संरचना से भी पूरी तरह मिलती है। कम्प्यूटर मॉडल से शोधकर्ताओं ने पता किया एक टकराव से कामो' ओलेवा चंद्रमा से अलग हुआ होगा और उससे 12 मील का क्रेटर बना होगा। उन्होंने कहा कि चंद्रमा का जियोर्डानो क्रेटर इस गणना में सही पाया गया है। यह क्रेटर और चट्टान एक करोड़ साल पहले अगल हुए होंगे।

सांपों के पीछा करने का दावा है सिर्फ एक भ्रम

# इंसानों को शिकार के रूप में नहीं देखते कोई भी सांप

एजेंसी ▸▸| नई दिल्ली

सांप धरती पर सबसे विषैले जीवों में से एक हैं। ब्लैक मांबा, इनलैंड ताइपन जैसे कुछ सांपों में तो इतना जहर होता है कि इनके एक बूंद जहर से भी दस से ज्यादा लोगों की जान जा सकती है। सांप सामने दिख जाए, तो लोग भाग लेना ही पसंद करते हैं। क्योंकि उन्हें डर बना रहता है कि कब हमला कर दे। लेकिन क्या सचमुच सांप लोगों का पीछा करते हैं? देखते ही तुरंत हमला कर देते हैं?

### इंसान की ओर आना नहीं चाहता कोई सांप

कई लोगों को आपने कहते हुए सुना होगा कि सांप उनका पीछा कर रहा था। कुछ तो यहां तक कहते हैं कि वे साइकिल से जा रहे थे, तभी सांप पीछे लग गया। कुछ तो यहां तक कह जाते हैं कि सांप ने उनकी कार पर छलांग लगा दी। लेकिन क्या ये सब सच है? एक्सपर्ट ऐसा बिल्कुल भी नहीं मानते। एक रिपोर्ट के मुताबिक, कोई भी सांप कभी इंसान की ओर आना नहीं चाहता। वे इंसानों को शिकार के रूप में नहीं देखते, और उन पर हमला करने का उनका कभी इरादा नहीं रहता। सांपों के पीछा करने का दावा सिर्फ एक भ्रम है, जो फैलाया गया है। यही भ्रम किसी भी इंसान के अंदर "लड़ो या भागो" का डर पैदा कर देता है। ऐसी स्थिति में सांप की कोई भी हलचल से यही लगता है कि वह पीछा कर रहा है। हमला करना चाहता है। लेकिन ऐसा बिल्कुल भी नहीं है।



### अपनी जान बचाने के लिए भागता है सांप

एक्सपर्ट के मुताबिक, सांप आक्रामक नहीं होते। अगर आपको इसके बारे में और विस्तार से जानना है, तो आप अपनी आंखों में डर देखने से पहले सांप की आंखों में देखें। वह बिल्कुल भी आक्रामक नहीं दिखेगा। वह सिर्फ उस जगह से भागता नजर आता है, जहां उसे अपनी जान का खतरा नजर आने लगता है। सांप जब किसी इंसान को देखता है, तो उसे लगता है कि कोई शिकारी उसका शिकार करने के लिए आ रहा है। जैसे-जैसे शिकारी करीब आता जाता है, वह भागने की कोशिश करने लगता है। सबसे पहले वह पानी की खोज करता है, जहां जाकर छिप सके। लेकिन अगर इस बीच रास्ते में कोई इंसान आ गया, तो वह हमलावर हो जाता है। एक्सपर्ट के मुताबिक, अगर सांप आप की ओर झपटने की कोशिश करता है, तो इसका सिर्फ इतना मतलब है कि वह यथाशीघ्र सुरक्षित स्थान पर पहुंचने का प्रयास कर रहा है। आप उसके रास्ते में आ जाएं, और वह हमला कर दे, यह सिर्फ संयोग है। सामने आ जाने के हालात में आप उसे भाग जाने दीजिए।

परिवार की तरह रहते हैं सभी लोग और एक -दूसरे से अपना सामान करते हैं शेयर

# व्हिटियर एंकोरेज शहर में सारे लोग रहते हैं एक ही छत के नीचे, पर यहां पहुंचना बेहद मुश्किल

एजेंसी ▸▸| लंदन

जमीन के नीचे बसे शहरों के बारे में आपने बहुत सुना होगा। लेकिन आज हम आपको एक ऐसे शहर के बारे में बताने जा रहे हैं, जहां पूरा शहर एक ही छत के नीचे रहता है। पुलिस स्टेशन, चर्च, स्कूल, दुकान और डाकघर सबकुछ एक ही छत के नीचे मौजूद है। लोग परिवार की तरह रहते हैं और सब एक- दूसरे से अपना सामान शेयर करते हैं। यहां की लाइफस्टाइल इतनी शानदार है कि देखकर आपको भी रंज हो सकता है। लेकिन यहां पहुंच पाना सबके लिए आसान नहीं है।

अलास्का के जंगल में एक छोटे से शहर बसा है जिसे वन रूफ सिटी के नाम से भी जाना जाता है, क्योंकि यहां रहने वाले सभी लोग एक ही इमारत में निवास करते हैं। एंकोरेज से 60 मील दक्षिण में बसे इस शहर में सिर्फ एक इमारत है, जिसमें समुदाय के सभी 217 लोग रहते हैं। वे इस इमारत को ही अपना शहर बताते हैं। इस इमारत को बेगिच टावर्स नाम दिया गया है। इन लोगों की लाइफ स्टाइल बिल्कुल अलग है। आप इस जगह पर कार या ट्रेन से नहीं पहुंच सकते। शहर तक पहुंचने के लिए आपको बंदरगाह जाना होगा। वहां से फेरी लेकर जाना होगा। यह एक डरावनी सुरंग के अंदर से निकलता है, जो रात भर बंद रहती है और सुबह 5 बजे खुलती है।



### यहां नौकरी के अवसर बेहद कम

जब से इसके बारे में पता चला है, लोग इस जगह घूमने के लिए जाते हैं। वे लोग बताते हैं कि यहां नौकरी के अवसर बेहद कम हैं। यहां रहने वाले एक शख्स ने कुछ महीनों पहले इसके बारे में बताया था। उसने 1986 में व्हिटियर छोड़ दिया था। बताया था कि कैसे उसने बचपन में कोई इंटरनेट, टीवी नहीं देखा। एक रेडयो था, जिसका सिग्नल अक्सर खराब रहता था। लेकिन आज बेगिच टावर्स की विशाल 14 मंजिला इमारत में बहुत कुछ है। यहां अस्पताल है, तो थाना भी। दुकानें हैं, तो चर्च और स्कूल भी। बेगिच टावर्स में रहने वाले बच्चे एक स्कूल में पढ़ते हैं जो एक सुरंग के माध्यम से टावरों से जुड़ा हुआ है, जिसमें एक इनडोर खेल का मैदान भी है।

### बेगिच टावर्स की दीवारों के भीतर रहते सभी निवासी

एंटोन एंडरसन मेमोरियल टनल नाम की यह सुरंग उत्तरी अमेरिका की सबसे लंबी सुरंग है, जो 2.5 मील तक फैली हुई है। यह इकलौता रास्ता है, जिसके जरिये आप व्हिटियर एंकोरेज शहर तक पहुंच सकते हैं। व्हिटियर के लगभग सभी निवासी बेगिच टावर्स की दीवारों के भीतर रहते हैं। वे कभी कभार ही बाहर निकलते हैं। कहते हैं कि पहले यह टॉवर सेना का बैरक हुआ करती थी। द्वितीय विश्व युद्ध के दौरान अमेरिकी सेना यहां से गुप्त ऑपरेशन चलाया करती थी। लेकिन 1974 में इसे आवासीय बना दिया गया।

# फसल कटाई प्रयोग के लिए बनाया पोर्टल पर केवल 30% किसानों की एंट्री अब अटक रहा है बीमा क्षतिपूर्ति क्लेम


**रायपुर।** मौसमी मार से जिले में कई किसानों की गेहूं और चना की फसल को नुकसान पहुंचा है। इस नुकसान से बचने के लिए किसानों ने प्रधानमंत्री फसल बीमा योजना के तहत सैकड़ों किसानों ने रबी सीजन 2023-24 के लिए चना और गेंहू फसल के लिए बीमा कराया है। इसके तहत बीमा क्लेम पाने के लिए किसानों ने ऑनलाइन दावा भी किया है, लेकिन विभागीय पोर्टल पर रेंडम नंबर के अनुसार किसानों के खसरा नंबरों की फसल कटाई प्रयोग की एंट्री ही पूरी नहीं हो पाई है, जिसके कारण किसानों को बीमा क्लेम का मिलने वाला मुआवजा भी अटक गया है। विभागीय सूत्रों के अनुसार जिलेभर में अब सिर्फ 30 प्रतिशत फसल कटाई प्रयोग की एंट्री हो पाई है। लोकसभा चुनाव के कारण राजस्व विभाग और कृषि विभाग इसकी एंट्री करना ही बंद कर दिए हैं। हालांकि विभागीय अधिकारियों का यह भी कहना है कि ऑनलाइन पोर्टल के सर्वर ठीक से काम नहीं कर रहा है, जिसके कारण देशभर में पोर्टल में एंट्री करने में दिक्कत आ रही है।

**गेंहू फसल कटाई प्रयोग में 9068 के विरुद्ध 2236 की एंट्री-** चना फसल की तरह जिले में गेंहू फसल सिंचित के लिए 10 मई 2024 तारीख निर्धारित की गई है। इसके तहत जिले में 9068 गेहू फसल की कटाई प्रयोग कर इसकी एंट्री पोर्टल पर की जानी है, लेकिन अब तक सिर्फ 2236 की एंट्री ही की गई है।

### चना फसल की कटाई प्रयोग का लक्ष्य 12328, एंट्री 3332 की

प्रधानमंत्री फसल बीमा योजना अंतर्गत रबी मौसम वर्ष 2023-24 में क्रॉप कैलेंडर के अनुसार चना फसल के कटाई प्रयोग की एंट्री के लिए 30 अप्रैल 2024 की तारीख तय की गई है। इसके तहत जिले में चना फसल कटाई के प्रयोग का लक्ष्य 1232 है। इसके विरुद्ध अब तक 3332 कटाई प्रयोग की एंट्री पोर्टल पर की गई है।




# वैम्पायर फेशियल करवाना पड़ा 3 महिलाओं को भारी; हो गईं एचआईवी की शिकार

**नई दिल्ली।** खूबसूरत और जवां दिखने के चक्कर में हर कोई नई-नई चीजें ट्राई करता है। चेहरे की खूबसूरती, कसावट, चमकदार बनाए रखने के लिए कई लोग अपनी जान को जोखिम में डालने से भी नहीं डरते हैं। खूबसूरती बढ़ाने के लिए तरह-तरह के ट्रीटमेंट लेते हैं। सैलून में आजकल कई तरह के स्किन केयर ट्रीटमेंट मौजूद हैं, जो खूबसूरती बरकरार रखने का दावा करते हैं। हालांकि, कुछ ट्रीटमेंट कई जोखिम भी बढ़ा देते हैं। बीते कुछ दिनों से ऐसे कई मामले सुनने को मिल रहे हैं। एक ऐसा ही मामला पहले आया था।









# यहां बिकता है नाग का जूस शौक से पीते हैं लोग

**नई दिल्ली।** सोशल मीडिया पर हम तरह-तरह की चीज़ें देखते हैं और इसमें से कई चीज़ें ऐसी होती हैं, जिन्हें देखकर हमें यकीन ही नहीं होता है कि ये इसी दुनिया में मौजूद हैं। खाने-पीने की तरह-तरह की चीज़ें छोड़ दें तो कई बार कुछ ऐसा भी देखने को मिल जाता है, जो हमें दंग कर देता है। एक ऐसा ही वीडियो इस वक्त वायरल हो रहा है। जिन सांपों को देखकर ही हमारे शरीर में सिहरन हो जाती है, अगर किसी को उनका जूस या सिरका पीते हुए देखें, तो किसी का भी डर जाना लाज़मी है। जिस वीडियो की हम बात कर रहे हैं, उसमें कुछ ऐसा ही देखा जा सकता है। कमज़ोर दिल वाले तो इसे देखकर खौफ में आ जाएंगे। वीडियो में देखा जा सकता है कि एक बड़े से जार में शख्स ने एक ज़हरीले सांप को रखा हुआ है। उसका सिर वो ऊपर उठाकर दिखा रहा है। सांप को देखकर लग रहा है कि वो काफी समय पहले मर चुका है और उसे सिरके में डाला गया है।







हरिभूमि कम्यूनिकेशन्स प्राईवेट लिमिटेड के लिए मुद्रक एवं प्रकाशक प्रियंक सिंह परिहार द्वारा हरिभूमि पब्लिकेशन्स, रिंग रोड नं. 2, गौरवपथ, बिलासपुर (छत्तीसगढ़)-495001 से मुद्रित एवं हरिभूमि कार्यालय, रिंग रोड नं. 2, गौरव पथ, बिलासपुर (छत्तीसगढ़)-495001 से प्रकाशित। प्रधान संपादक : डॉ. हिमांशु द्विवेदी, स्थानीय संपादक: प्रवीण शुक्ला। RNI No. CHHHIN/2001/03764, फोन : 07752-401050, फैक्स : 07752-401052. e-mail : bilaspur@haribhoomi.com